राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 55
लखनऊ, मंगलवार 3 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सरस्वती विद्या मंदिर प्रांत में विज्ञान मॉडल में रहा अव्वल 10

अनुप्रिया पटेल फिर बनीं अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष 03

संक्षिप्त समाचार

शाह ने भाग्यलक्ष्मी मंदिर में की पूजा-अर्चना

हैदराबाद,एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को पार्टी के राष्ट्रव्यापी लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत आयोजित पदयात्रा में शामिल होने हैदराबाद पहुंचे। अपनी 'पदयात्रा' से पहले उन्होंने यहां चारमीनार स्थित देवी भाग्यलक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की। शाह ने एक्स पर बताया कि हैदराबाद के भाग्यलक्ष्मी मंदिर में पूजा करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने इससे पहले हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री. किशन रेड्डी, तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव, सांसद एटाला राजेंदर और अन्य नेताओं ने गृहमंत्री का स्वागत किया।

17 अवैध हथियार के साथ आठ लोग गिरफ्तार

काठमांडू। नेपाल में प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह सरकार ने सीमा पर निगरानी और सुरक्षा सख्त करने की नीति के अनुरूप मादक पदार्थों, हथियारों की तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। एपीएफ ने 27 मार्च से 31 अक्टूबर तक सीमा क्षेत्रों से 133 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का अवैध सामान जब्त किया है। इस अवधि में एपीएफ ने 17 अवैध हथियार जब्त किए और उनसे जुड़े मामलों में आठ लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से बड़ी मात्रा में गांजा, चरस, अफीम, ब्राउन हेरोइन, नशीली गोलियां और इंजेक्शन के जरिए इस्तेमाल की जाने वाली नशीली दवाएं जब्त की गईं। इस दौरान जब्त सामान का कुल मूल्य 133 करोड़ 26 लाख 91 हजार 599 रुपये रहा।

अभिजीत पर लगा विदेशी आर्थिक मदद मिलने का आरोप

नागपुर। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने आरोप लगाया कि कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आशुतोष रांका को पाकिस्तान से आर्थिक मदद मिली थी। पाकिस्तान की सानिया निसार की ओर से रांका को पैसे मिलने का दावा करते हुए उन्होंने इन वित्तीय लेन-देन को ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ जनमत तैयार करने के प्रयासों से जोड़ा। नागपुर में सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शुक्ला ने कहा कि सीजेपी के नेता अभिजीत दिपके और आशुतोष रांका हाल ही में दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन के कारण चर्चा में आए थे।

कैप्टिव व कमर्शियल कोयला खदानों का उत्पादन 42 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। मानसून के बाद कोयला कंपनियों का उत्पादन बढ़ने लगा है। वित्त वर्ष 2026-27 के अक्टूबर महीने में कैप्टिव और कमर्शियल खदानों से कोयले का उत्पादन 22.03 मिलियन टन (एमटी) रहा, जो अक्टूबर, 2025 के 15.49 2025 के 15.49 एमटी से अधिक है। ये सालाना आधार पर 42 फीसदी की वृद्धि है। इसी अवधि में कोयले की आपूर्ति सालाना आधार पर 36 फीसदी बढ़कर 21.11 एमटी रही, जो अक्टूबर, 2025 के 15.48 एमटी से अधिक है। मंत्रालय ने बताया कि इस क्षेत्र में सालाना आधार पर अच्छी वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले साल अप्रैल से अक्टूबर की अवधि की तुलना में कोयला का उत्पादन सालाना आधार पर 11.30 फीसदी बढ़कर 117.23 एमटी हो गया है, जो कि पहले 105.33 एमटी था।


पीएम आज रखेंगे मेट्रो के दूसरे चरण की आधारशिला

पुणे मेट्रो को मिलेगी 21,800 करोड़ रुपये की सौगात, बिजली जरूरत का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा सौर ऊर्जा से किया जाएगा पूरा

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को पुणे मेट्रो की करीब 21,800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

इनमें 8,300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित मेट्रो की पिंक लाइन का उद्घाटन और करीब 13,500 करोड़ रुपये की लागत वाले दूसरे चरण की चार लाइनों का शिलान्यास शामिल है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया, प्रधानमंत्री मोदी 3 नवंबर को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इन



परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर वह सभा को भी संबोधित करेंगे। करीब 23 किलोमीटर लंबी पिंक लाइन मान से जिला न्यायालय मेट्रो स्टेशन तक जाएगी। यह पुणे के प्रमुख आईटी केंद्र हिंजेवाड़ी को शिवाजीनगर से जोड़ेगी। इससे आईटी क्षेत्र में काम करने वाले हजारों पेशेवरों और अन्य यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस लाइन का संचालन पूरी तरह महिला ट्रेन चालकों द्वारा किया जाएगा। परियोजना की एक अन्य विशेषता यह है कि इसकी कुल बिजली जरूरत का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा सौर ऊर्जा से पूरा किया जाएगा। मोदी पुणे मेट्रो के दूसरे चरण की आधारशिला भी रखेंगे। लगभग 13,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाले इस चरण में लाइन 2ए, 2बी, 4 और 4ए का निर्माण किया जाएगा। दूसरे चरण के तहत लाइन 2ए वनाज से चांदनी चौक और लाइन 2बी रामवाड़ी से विट्ठलवाड़ी को जोड़ेगी। इन दोनों लाइनों की कुल लंबाई लगभग 12.75 किलोमीटर होगी। वहीं, 25.52 किलोमीटर लंबी लाइन-4 खराड़ी से खड़कवासला और 6.12 किलोमीटर लंबी लाइन-4ए नल स्टॉप से मानिक बाग तक जाएगी। इन नए गलियारों से खराड़ी, मगरपट्टा, हड़पसर, स्वारगेट, मानिक बाग, नांदेड़ सिटी, पुणे छावनी और वारजे जैसे क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। रामवाड़ी से विट्ठलवाड़ी तक मेट्रो का विस्तार खराड़ी और वाघोली के आवासीय, व्यावसायिक और आईटी क्षेत्रों के लिए भी उपयोगी होगा।

इंद्रपाल सिंह वालिया ने संभाला 52वें एयरफोर्स वाइस चीफ का पद

3200 घंटे से अधिक लड़ाकू जेट उड़ाने का है अनुभव

एजेंसी, नई दिल्ली।




नए वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित के कार्यभार संभालने के बाद एयर मार्शल इंद्रपाल सिंह वालिया ने 52वें वाइस चीफ का पद संभाल लिया है। फाइटर स्ट्रीम में कमीशन हुए एयर मार्शल के पास अपने तीन दशकों से अधिक के करियर में मिग-21, मिग-23, मिग-27, जगुआर और सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों पर 3200 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव है। उन्होंने देश के लिए सबसे बड़ा बलिदान देने वालों के सम्मान में नेशनल वॉर मेमोरियल पर श्रद्धांजलि दी और उन्हें सेरेमोनियल गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

आस्था संग आर्थिकी को भी नई ऊर्जा दे रहा दीपोत्सव: योगी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रभु श्रीराम की नगरी में आगमन से पहले सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर दीपोत्सव की महत्ता पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने लिखा कि श्री अयोध्या धाम का भव्य दीपोत्सव आस्था के साथ आर्थिकी को भी नई ऊर्जा दे रहा है। यहां प्रज्ज्वलित हर दीप किसी कुम्हार के श्रम, किसी किसान की उपज और किसी परिवार की आजीविका को नया प्रकाश दे रहा है। 2017 के पूर्व यह प्रकाश नहीं था। राम नगरी की अपार सांस्कृतिक संभावनाओं को स्थानीय कारीगरों, किसानों और छोटे व्यापारियों की समृद्धि से जोड़ने की कोई पहल नहीं की गई। तब आस्था के सामर्थ्य को आजीविका के नए अवसरों में बदलने की सोच का पूर्णतः अभाव था।

डबल इंजन सरकार ने इस अंधकार को दूर किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में लाखों दीपों से आलोकित होने वाला भव्य दीपोत्सव



कुम्हार के श्रम को प्रकाश दे रहा दीपोत्सव का दीप

आज कुम्हारों, श्रमिकों और छोटे व्यापारियों के लिए काम एवं कारोबार के नए अवसर सृजित कर रहा है। जिस दीये से राम नगरी जगमगाती है, उसी से किसी श्रमशील परिवार के घर में खुशहाली की उम्मीद भी जागती है, ऐसा है अपना दीपोत्सव।

सीएम ने सम्मान पाकर खिल उठे लाभार्थियों के चेहरे

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोंडा में गौरा और मनकापुर विधानसभा क्षेत्र के कई लाभार्थियों को विकास परियोजनाओं से लाभान्वित करने के साथ सम्मानित किया। मुख्यमंत्री से सम्मान पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। सभी ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाभार्थियों को मंच से योजनाओं के तहत सहायता राशि, आवास की चाभी और अन्य स्वीकृति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक, डेमो कार्ड और उपहार प्रदान किए गए। लाभार्थियों ने सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया। आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी राम प्रताप को आयुष्मान कार्ड का डेमो देकर सम्मानित किया गया। राम प्रताप ने कहा कि मुख्यमंत्री के हाथों आयुष्मान कार्ड मिलना एक सपने के सच होने जैसा है। इस कार्ड से उन्हें पूरे परिवार की स्वास्थ्य की गारंटी मिली है। अब इलाज की कोई चिंता नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के तहत संगीता को 85 हजार रुपये का डेमो चेक प्रदान किया गया। उन्होंने इस मदद के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया। इस तरह की मदद हमें संबल देती है। वहीं, घनश्याम को आवास की चाभी सौंपी गई। मुख्यमंत्री की वजह से उन्हें पक्की छत मिल सकी है। परिवार अब सुरक्षित ढंग से रह सकेगा।

भारतीय अर्थव्यवस्था पूरी तरह से मजबूत: वित्त मंत्री

मुंबई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नागरिकों और व्यापारिक नेताओं से देश की आर्थिक वृद्धि के बारे में पूरे विश्वास और आशावाद के साथ बात करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के बुनियादी स्तंभों के कमजोर पड़ने के कोई संकेत नहीं हैं। मुंबई के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचीं सीतारमण ने एचएसबीसी के एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति पूरी तरह मजबूत है और इसके बुनियादी स्तंभों में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी या नाजुकता नहीं है। वित्त मंत्री ने देश के नागरिकों, कॉर्पोरेट लीडर्स और विचारकों से अपील की कि वे देश की आर्थिक समृद्धि और वृद्धि के बारे में पूरे आत्मविश्वास और सकारात्मकता के साथ बात करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था के बुनियादी आर्थिक स्तंभ बेहद मजबूत हैं और इनमें किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं है। सीतारमण ने कहा कि सरकार के वित्तीय समावेशन एजेंडे में सभी के लिए बीमा एक प्रमुख प्राथमिकता होगी। केंद्र विशेष रूप से समाज के सबसे गरीब वर्गों के बीच बीमा और पेंशन योजनाओं तक पहुंच बढ़ाने पर विचार कर रहा है।

विपक्ष पर बरसे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले,

विपक्ष जीतता है तो लोकतंत्र सुरक्षित, हारते ही आ जाता है खतरे में : नितिन नवीन



एजेंसी, भागलपुर।

बिहार के भागलपुर में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा निकाली गई। इस दौरान नितिन नवीन ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए उसके दोहरे रवैये पर सवाल उठाए। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष जब चुनाव जीतता है तो उसे लोकतंत्र पूरी तरह सुरक्षित नजर आता है, लेकिन जनता से चुनाव में हार मिलने के बाद वही लोकतंत्र को खतरे में बताने लगता है। उन्होंने विपक्ष को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उसने समय रहते अपनी मानसिकता नहीं बदली, तो आने वाले दिनों में जनता उसकी बची-खुची राजनीतिक जमीन भी छीन लेगी। इससे पहले सोमवार सुबह विशेष विमान से भागलपुर हवाई अड्डा पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने नितिन नवीन का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद लाजपत पार्क स्थित सभा स्थल और पदयात्रा मार्ग पर राजग कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जुटी। इस अवसर पर उत्साहित कार्यकर्ताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को विशाल त्रिशूल भेंट कर सम्मानित किया। पदयात्रा में भाजपा के साथ-साथ राजग के विभिन्न घटक दलों के वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में आम लोग शामिल हुए।

सिर्फ सत्ता हासिल करना चाहता है विपक्ष

कोलकाता। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्ष और कॉकरोच जनता पार्टी की ओर से लगातार किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों के जवाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी देशव्यापी अभियान शुरू किया है। इसमें पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य भी शामिल हुए। वही मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और शमिक भट्टाचार्य ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सभी नेता सीधे कॉलेज स्ट्रीट पहुंचे, जहां पार्टी कार्यकर्ता पहले से ही बड़ी संख्या में जुटे थे। मार्च के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत पूरे विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, विपक्ष सिर्फ सत्ता हासिल करना चाहता है, जबकि हमारे लिए संविधान और लोकतंत्र की रक्षा सर्वोपरि है। एसआईआर लागू होने के बाद तमिलनाडु और केरल में भी चुनाव हुए, जहां विपक्षी दलों ने जीत दर्ज की। तब उन्होंने एसआईआर की विश्वसनीयता पर कोई सवाल नहीं उठाया था।

सहयाद्रि योजना के चार सेक्टर किए जायेंगे विकसित

समृद्धि न्यूज,मुरादाबाद।

वर्ष 2008 में विभिन्न श्रेणियों के 434 आवास बनाकर सहयाद्रि योजना हुई थी लॉन्च


मुरादाबाद विकास प्राधिकरण सहयाद्रि योजना (सोनपुर आवासीय योजना) के ब्लॉक-ए के चार सेक्टरों में एमडीए विकास कार्य कराएगा। यहां सड़क, नाला, सीवर लाइन, बिजली की अंडरग्राउंड ट्रेंच का निर्माण कराया जाएगा। इस पर एमडीए 42.63 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इसके लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने बताया कि वर्ष 2008 में ग्राम पंचायत सोनकपुर देहात के पास विभिन्न श्रेणियों के 434 आवास बनाकर योजना को लॉन्च किया गया था। कई पार्क भी बनाए गए थे, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए बनाए गए रास्ते को लेकर कुछ किसानों से एमडीए का विवाद हो गया। मामला न्यायालय में चले जाने के बाद यह योजना लटक गई थी। करीब चार साल पहले सोनकपुर आवासीय योजना का नाम बदलकर सहयाद्रि योजना का नाम दिया गया। यहां के ब्लॉक ए (पॉकेट-ए) के चार सेक्टरों को एमडीए नए सिरे से विकसित करेगा। इसके लिए यहां नाला, सड़क, सीवर लाइन का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही अंडरग्राउंड ट्रेंच का भी निर्माण होगा। सेक्टर-एक पर 6.25 करोड़, सेक्टर-दो पर 16.39 करोड़, सेक्टर-तीन 11.03 करोड़, सेक्टर चार पर 8.96 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सभी कार्यों के लिए टेंडर जारी कर दिया गए हैं। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण शुरू हो जाएंगे।

53.86 करोड़ से बनाए जाएंगे आठ कॉर्वेट

नौसेना के लिए पांच कॉर्वेट बनाएगा जीआरएसई व तीन कॉर्वेट का निर्माण जीएसएल के पास

एजेंसी, नई दिल्ली।



भारतीय नौसेना के लिए अगली पीढ़ी के आठ कॉर्वेट खरीदे जाएंगे, जिनके लिए सोमवार को रक्षा मंत्रालय ने 53,866.50 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट पर साइन किए हैं। नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-2 में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में यह अनुबंध गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) के साथ किया गया है। इनमें से पांच कॉर्वेट जीआरएसई बनाएगा, जबकि बाकी तीन कॉर्वेट का निर्माण जीएसएल करेगा।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह प्रोजेक्ट भारत की स्वदेशी वॉरशिप डिजाइन और कंस्ट्रक्शन क्षमताओं में एक अहम मील का पत्थर है। यह पहला प्रोजेक्ट है, जिसमें जहाजों को भारतीय नौसेना खुद स्वदेशी रूप से डिजाइन करेगी और एक प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के जरिए चुने गए रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम बनाएंगे। इन कॉर्वेट में एडवांस्ड मिसाइल, हथियार और सेंसर सूट जैसी आधुनिक क्षमताएं होंगी, जिससे वे हवा, सरफेस और सब-सरफेस डोमेन में मिशन कर सकेंगी। इन जहाजों के समुद्री बेड़े में शामिल होने के बाद नौसेना की ऑपरेशनल क्षमता में काफी बढ़ोतरी होगी, जैसे समुद्री ट्रेड रूट्स की सुरक्षा, एंटी-सरफेस और एंटी-सबमरीन वॉरफेयर ऑपरेशन करना, कोस्टल डिफेंस को मज़बूत करना, लिटोरल कॉम्बैट ऑपरेशन करना और समुद्री प्रेजेंस और सर्विलांस मिशन करना। यह प्रोजेक्ट डीपीएसयू, प्राइवेट शिपयार्ड और लघु उद्योगों सहित भारतीय औद्योगिक भागीदार के बीच सहयोग मजबूत करके स्वदेशी शिपबिल्डिंग इकोसिस्टम को काफ़ी बढ़ावा देगा। इन जहाजों के निर्माण से अगले दस सालों में शिपयार्ड में लगभग 72 लाख रोजगार दिवस और लघु उद्योगों में 460 लाख रोजगार पैदा होने की उम्मीद है।

टला विमान हादसा

शिलॉन्ग जा रही इंडिगो फ्लाइट का इंजन फेल

सांसद समेत 67 यात्री थे सवार

एजेंसी, कोलकाता।



कोलकाता से शिलॉन्ग जा रहे इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान के यात्री उस समय एक बड़े हादसे से बाल-बाल बच गए, जब रनवे की ओर बढ़ते समय विमान का एक इंजन अचानक फेल हो गया। इस विमान में तीन सांसदों सहित कुल 67 यात्री सवार थे। इस घटना के कारण यात्रियों को करीब दो घंटे तक विमान के अंदर ही फंसे रहना पड़ा, जिसके बाद पायलट ने उड़ान रद्द करने का फैसला लिया। इस गंभीर लापरवाही को लेकर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार को इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 7423 को कोलकाता नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से शिलॉन्ग के लिए उड़ान भरनी थी।

इस विमान में द्रमुक के राज्यसभा सांसद पी. विल्सन सहित दो अन्य सांसद भी सवार थे, जो एक संयुक्त संसदीय समिति की जन सुनवाई में हिस्सा लेने के लिए शिलॉन्ग जा रहे थे। सांसद विल्सन ने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि विमान पार्किंग बे से रनवे की ओर बढ़ रहा था, तभी वह अचानक रुक गया। जांच करने पर पता चला कि विमान का एक इंजन काम नहीं कर रहा है। उड़ान भरने से ठीक पहले पायलट को मजबूरी में इंजन बंद करना पड़ा।

पुलिस व राजस्व विभाग में पकड़े गए सर्वाधिक भ्रष्टाचारी

एजेंसी, चंडीगढ़।

एसीबी ने किए 176 ऑपरेशन ट्रैप

पुलिस में 43 व राजस्व विभाग में लगे 36 ट्रैप

हरियाणा में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रदेश सरकार ने एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) द्वारा भ्रष्टाचारियों के विरूद्ध अभियान चलाकर जहां अब तक सैकड़ों कर्मचारियों व अधिकारियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है वहीं, पुलिस व राजस्व विभाग में सबसे अधिक भ्रष्टाचार सामने आया है, जहां सबसे अधिक भ्रष्टाचार है। इन दोनों विभागों में इस साल 79 अधिकारी और कर्मचारी रिश्वत लेते पकड़े जा चुके हैं। पुलिस विभाग में 43 और राजस्व विभाग में 36 ट्रैप हुए हैं। एक साल पहले तक हर तीसरे दिन एक अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत लेते हुए पकड़ा जाता था, मगर इस साल यह औसत दो दिन में पहुंच गया है। सरकारी विभागों में रिश्वतखोरों पर कार्रवाई बढ़ने से भ्रष्टाचारियों ने रिश्वत लेना कम नहीं किया, बल्कि उसका तरीका बदल दिया है।

एंटी करप्शन ब्यूरो ने वर्ष 2026 में अब तक 176 ट्रैप ऑपरेशन किए हैं। कुल ट्रैप कार्रवाई में पुलिस व राजस्व विभाग की हिस्सेदारी करीब 45 प्रतिशत है। यह दोनों विभाग ऐसे हैं, जहां बिना पैसे के काम कराना आसान नहीं है।

वाइब्रेंट गोरखपुर 2026 सम्मेलन

राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने किया उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण स्टॉल का भ्रमण, बोले

केशव प्रसाद की मेहनत से पीएम ग्राम सड़क योजना के कार्यों को मिली गति

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



वाइब्रेंट गोरखपुर2026 सम्मेलन में भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के स्टॉल का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रदेश में संचालित ग्रामीण सड़क निर्माण, उन्नयन और अनुरक्षण कार्यों की जानकारी प्राप्त की। विभाग के प्रदर्शन और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उप मुख्यमंत्री एवं ग्राम्य विकास मंत्री केशव प्रसाद मौर्य के प्रयासों की प्रशंसा की।श्री पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराने का संकल्प तेजी से साकार हो रहा है। केशव प्रसाद मौर्य की मेहनत, लगन और जनता के प्रति समर्पित भाव से उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों को गति मिली है। ग्रामीण सड़कों को गुणवत्तापूर्ण, टिकाऊ, उन्नत और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों ने प्रदेश को देश में अग्रणी स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।केंद्रीय राज्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी शिव सहाय अवस्थी के कार्यों की भी सराहना की।प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पीएमजीएसवाई का उद्देश्य पात्र ग्रामीण बसावटों को सर्वमौसम सड़क संपर्क उपलब्ध कराना तथा ग्रामीण सड़कों का उन्नयन करना है। उत्तर प्रदेश में योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण के साथ-साथ गुणवत्ता नियंत्रण, नियमित अनुरक्षण और तकनीकी निगरानी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

गुणवत्ता के साथ पूरा करें म्योहार पुल का निर्माण कार्य : उपमुख्यमंत्री

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने म्योहार स्थित निर्माणाधीन छह लेन पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना का शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता, पूर्ण पारदर्शिता और मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों से कार्य की प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा निर्माण में तेजी लाने के निर्देश देते हुए पुल के उद्घाटन की समय-सीमा तय की है।श्री मौर्य ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती के अवसर पर इस महत्वपूर्ण पुल को प्रयागराज की जनता को समर्पित करने



अटल जयंती पर प्रयाग को मिलेगी बड़ी सौगात

का लक्ष्य रखा गया है। यह पुल क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम बनाने, आवागमन का समय कम करने तथा प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के दूरदर्शी विजन और केंद्र एवं प्रदेश सरकार के समन्वित प्रयासों से उत्तर प्रदेश में सड़क एवं पुल निर्माण की परियोजनाओं को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी विकसित करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उत्तर प्रदेश को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने के लिए आधुनिक आधारभूत संरचना का सुदृढ़ होना आवश्यक है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। केंद्र और प्रदेश सरकार प्रयागराज सहित उत्तर प्रदेश में विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

संक्षिप्त खबरें

सरकारी फरमान के बाद भी धान खरीद केंद्र पर पसरा सन्नाटा, किसान करते रहे इंतजार

विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़। शासन की ओर से एक नवंबर से सभी धान क्रय केंद्रों पर किसानों से धान खरीद शुरू करने का निर्देश दिया गया है, लेकिन विशेश्वरगंज विकासखंड के राजकीय धान क्रय केंद्र कंन्छर पर सरकारी आदेश का असर नजर नहीं आया। सोमवार को केंद्र पर सन्नाटा पसरा रहा। धान बेचने की उम्मीद लेकर पहुंचे किसान अपने जरूरी कागजात के साथ घंटों इंतजार करते रहे, लेकिन केंद्र पर न तो प्रभारी मौजूद मिले और न ही धान की तौल करने के लिए कोई कर्मचारी दिखाई दिया। क्रय केंद्र के नए प्रभारी की तैनाती के बावजूद खरीद व्यवस्था शुरू नहीं हो सकी। केंद्र पर पहुंचे किसान मनीष तिवारी, पवन कुमार, मोहित तिवारी और मिश्री लाल सहित कई किसान धान खरीद शुरू होने की प्रतीक्षा करते नजर आए। किसानों के पास जरूरी अभिलेख मौजूद थे, लेकिन केंद्र पर तौल की व्यवस्था न होने से उनकी उपज खरीद नहीं हो सकी। शासन ने किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से धान खरीद की समय से शुरुआत कराने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद केंद्र पर जिम्मेदार कर्मचारियों की अनुपस्थिति व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है।

डीएम ने तहसील सदर का किया औचक निरीक्षण, लापरवाही पर तहसीलदार से तलब किया स्पष्टीकरण

बहराइच समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने तहसील सदर का औचक निरीक्षण कर तहसील के विभिन्न अनुभागों/पटलों का निरीक्षण कर पटलों एवं अनुभागों में संचालित कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव, प्रशासनिक कार्यों तथा कर्मचारियों से संबंधित अभिलेखों की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार द्वारा जीपीएफ पासबुक पर हस्ताक्षर न किए जाने का मामला सामने आने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित तहसीलदार से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। वहीं तहसीलदार कार्यालय में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर मनीष कुमार को कम्प्यूटर संबंधी कार्यों का समुचित ज्ञान न होने पर उन्हें तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यालयीन कार्यों में पूरी जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता बरती जाए। कर्मचारियों से संबंधित अभिलेखों एवं वित्तीय प्रकरणों का समय से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आईजीआरएस सहित अन्य माध्यमों तथा जनतादर्शन में प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में लापरवाही, उदासीनता एवं कार्यों के प्रति गैर-जिम्मेदाराना रवैया किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अनियंत्रित कार सिमरन ऑटो गैरेज में घुसी

विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़। विशेश्वरगंज बाजार से बस स्टॉप की ओर जाते समय सोमवार दोपहर करीब 2:45 बजे एक अनियंत्रित ब्रेजा कार सिमरन ऑटो गैरेज में जा घुसी। हादसे में दुकान पर बैठे दो लोग घायल हो गए, जबकि कई अन्य लोग बाल-बाल बच गए। घायलों की पहचान अर्जुन प्रसाद (65) पुत्र चुन्नू लाल, निवासी रनियापुर गोबरही थाना विशेश्वरगंज तथा गोपाल (45) पुत्र मनीराम, निवासी ग्राम पंचायत मनिकापुर रानी पुरवा, थाना पयागपुर के रूप में हुई है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। वहीं, दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। सिमरन ऑटो गैरेज के प्रोपराइटर सरदार जसपाल सिंह ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 2:45 बजे वह प्रतिदिन की तरह अपनी दुकान पर बैठकर वाहनों की मरम्मत का काम कर रहे थे। इसी दौरान विशेश्वरगंज बाजार की तरफ से आ रही ब्रेजा कार अचानक अनियंत्रित होकर सीधे उनकी दुकान में घुस गई। हादसे में दुकान पर बैठे दो लोग घायल हो गए, जबकि आसपास मौजूद कई लोग बाल-बाल बच गए। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

दूसरे दिन 26 पर्यटकों ने जंगल सफारी की

बहराइच समृद्धि न्यूज़। कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार में पर्यटन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को पर्यटकों के लिए प्रवेश खोला गया। शाम 4 बजे तक 26 पर्यटकों ने जंगल सफारी की। बोटिंग बंद होने से कुछ पर्यटक निराश लौटे। पर्यटन इंचार्ज वन दरोगा राधेश्याम ने बताया कि पहले दिन जंगल सफारी की चार राइड हुई। पहले राइड सुबह 7 बजे और बाकी तीन राइड दोपहर 2 बजे से शाम तक हुई। पहले पर्यटक के तौर पर गोरखपुर के अभिषेक सिंह यादव ने परिवार के साथ जंगल सफारी की। दूसरी राइड में बहराइच के रोहित कुमार सिंह अपने दोस्तों के साथ गए। रेंजर आशीष गौड ने बताया कि पहले दिन पर्यटकों की संख्या ज्यादा थी। लेकिन बारिश से जंगल के कच्चे रास्ते खराब हो गए थे। इस वजह से जंगल सफारी नहीं हो सकी और पर्यटकों का प्रवेश बंद रखा गया। क्लोजर के चलते गेरुआ नदी सूखी है। इसलिए वोटिंग भी बंद है। रेंजर के मुताबिक इसका असर दूसरे दिन पर्यटकों की संख्या पर पड़ा।

कुत्ते ने राहगीर का हाथ काटा

बहराइच समृद्धि न्यूज़। जिले के दरगाह थाना क्षेत्र में दुलारपुर टोल प्लाजा के पास रविवार को कुत्ते ने पैदल जा रहे एक अधेड़ पर हमला कर दिया। कुत्ते ने उसका हाथ काट लिया घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया। गिलौला निवासी तीर्थ टोल प्लाजा के पास से पैदल गुजर रहे थे। तभी कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया। उनकी चीज सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े और डंडे लेकर कुत्ते को भगाया। स्थानीय लोगों ने आबादी और सार्वजनिक जगहों पर घूम रहे आक्रामक कुत्तों से निजात दिलाने और ऐसी घटनाएं रोकने के लिए संबंधित विभाग से कदम उठाने की मांग की है।

नाराज रोजगार सेवक पानी की टंकी पर चढ़े,7 महीने से नहीं मिला है वेतन

बहराइच समृद्धि न्यूज़। जिले में 7 महीने से मानदेय नहीं मिलने पर ग्राम रोजगार सेवक सोमवार को पानी की टंकी पर चढ़ गए। अधिकारियों के समझाने पर वे करीब 30 मिनट बाद नीचे उतरे। जिलाध्यक्ष पंकज मिश्रा के नेतृत्व में रोजगार सेवकों ने दोपहर करीब 1 बजे विकास भवन के पास प्रदर्शन किया। उन्होंने मानदेय भुगतान की मांग को लेकर विरोध जताया। पंकज मिश्रा ने बताया कि 7 महीने से मानदेय नहीं मिलने के कारण रोजगार सेवकों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट है। नवरात्र और दशहरा जैसे त्यौहार भी बिना मानदेय के गुजर गए। उन्होंने बताया कि इससे पहले विकास भवन में प्रदर्शन कर डीसी के सामने समस्याएं रखी गई थी। वहां मांगे स्वीकार कर भुगतान का आश्वासन दिया गया था। लेकिन अब तक मानदेय खातों में नहीं पहुंचा है। पंकज मिश्रा ने कहा कि एक-दो दिन में भुगतान नहीं हुआ या कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो रोजगार सेवक फिर आंदोलन करेंगे। जरूरत पड़ने पर पूरे जिले में आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे।

ग्राम सिलेडनगंज में निर्मित होगा एनीमल बर्थ कन्ट्रोल सेन्टर व शेल्टर होम

बहराइच समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा एनीमल बर्थ कन्ट्रोल सेन्टर तथा शेल्टर होम के निर्माण हेतु तहसील व परगना नानपारा अन्तर्गत ग्राम सिलेडनगंज में खसरा/गाटा संख्या 485 के क्षेत्रफल 0.3320 हेक्टेयर व खसरा/गाटा संख्या 486 के क्षेत्रफल 0.6800 हेक्टेयर में से 1.0120 हेक्टयर क्षेत्रफल भूमि श्रेणी 5-1 नवीन परती भूमि का आवंटन प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश, शासन लखनऊ

जनपद में धान व मक्का खरीद कार्य का डीएम ने किया शुभारम्भ

- डीएम ने किसानों का माला पहनाकर किया स्वागत एवं अभिनंदन
- कृषक हितों को सर्वोपरि रखते हुए खरीद कार्य करने के दिये निर्देश
- क्रय केन्द्रों पर कृषकों की सुविधा हेतु आवश्यक प्रबन्ध किये जाएं: डीएम

समृद्धि न्यूज़



बहराइच। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 अन्तर्गत मूल्य समर्थन योजना के तहत जनपद में धान व मक्का खरीद कार्य का जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शुभारम्भ किया। डीएम ने मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद के साथ कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर सलारपुर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना तथा तौल कांटें की पूजा के उपरान्त क्रय एजेन्सी खाद्य एवं रसद विभाग के धान क्रय केन्द्र का उदघाटन किया। धान क्रय केन्द्र पर मौजूद ग्राम कमोलिया निवासी कृषक कुंवर बहादुर पांडे की उपज 60 कु. हृदय राम तिवारी व राजकुमार की 40-40 कु., ग्राम पकड़ी कला नि. राम दयाल शुक्ला की उपज 70 कु. व ग्राम जोहरा नि. हेमंत वर्मा की 40 कु. उपज की तौल करायी तथा क्रय केन्द्र पर आये कृषकों का जिलाधिकारी ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसानों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में धान खरीद प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुगमता के साथ संपन्न कराई जाए। क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखी जाएं, जिससे उन्हें अपनी उपज की बिक्री में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि क्रय केंद्रों पर किसानों के बैठने, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही किसानों को धान बिक्री के लिए अनावश्यक रूप से प्रतीक्षा न करनी पड़े तथा खरीद से संबंधित सभी अभिलेखों का नियमानुसार रख-रखाव किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा और हित सर्वोपरि हैं। धान खरीद में शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

धनतेरस-दीपावली पर शांति बनाए रखने की अपील



- हरैया थाने में पीस कमेटी की बैठक, आपसी सौहार्द से त्योहार मनाने का आह्वान

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। आगामी धनतेरस एवं दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सोमवार को थाना हरैया परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में आयोजित बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी ललिया डीके श्रीवास्तव ने की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक हरैया अनिल कुमार सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, ग्राम प्रधानों एवं धर्मगुरुओं के साथ संवाद कर त्योहारों को आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की गई। अधिकारियों ने शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक सूचनाएं प्रसारित नहीं करने की हिदायत दी।

एसडीएम ने धान क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर में एसडीएम अनिल कुमार सरोज ने सोमवार को तहसील क्षेत्र के दो धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया।उन्होने केंद्र प्रभारियों को किसानों की सुविधा और लक्ष्य के मुताबिक खरीद के निर्देश दिए।एसडीएम सबसे पहले विपणन धान क्रय केंद्र बड़ोसराय पहुंचे। वहां उन्होने विपणन निरीक्षक सरिता शुक्ला से धान खरीद के बारे में बात की।खराब मौसम के कारण उस दिन केंद्र पर धान की तौल नहीं हो पाई थी।एसडीएम ने केंद्र प्रभारी से कहाकि किसानों को परेशानी न हो और टोकन नियमानुसार दिए जाएं।इसके बाद वे साधन सहकारी समिति बरदरी धान क्रय केंद्र पहुंचे।वहां तैनात सचिव राजेन्द्र से खरीद की प्रगति जानी। उन्होने बोरी,सुतली,छलना और अन्य जरूरी सामग्री की उपलब्धता के बारे में भी पूछा।एसडीएम ने दोनों केंद्र प्रभारियों को लक्ष्य के मुताबिक धान खरीदने और किसानों के बैठने व पानी की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

दीपावली को लेकर पटाखा दुकानों का औचक निरीक्षण, सुरक्षा के निर्देश

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी ललिया ने थाना क्षेत्र के मथुरा बाजार में संचालित पटाखा दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पटाखा दुकान के लाइसेंस, अग्निशमन उपकरणों, पानी की व्यवस्था और सुरक्षा मानकों की जांच की गई। क्षेत्राधिकारी ने दुकानदार को निर्देश दिया कि दुकान पर पानी से भरी पर्याप्त बाल्टियां, बालू और चालू हालत में अग्निशामक यंत्र अनिवार्य रूप से रखें। उन्होंने कहा कि पटाखा दुकानें शासन द्वारा निर्धारित एवं आवंटित खुले स्थानों पर ही लगाई जाएं और दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी रखी जाए, ताकि आगजनी या किसी अन्य अप्रिय घटना की आशंका न रहे। उन्होंने बिना वैध लाइसेंस पटाखों की बिक्री करने और निर्धारित सीमा से अधिक आतिशबाजी का भंडारण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। साथ ही दुकानदारों को दुकान के आसपास अनावश्यक भीड़ नहीं जुटने देने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी ने आमजन से दीपावली का त्योहार खुशी और सौहार्द के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि आतिशबाजी करते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें और बच्चों को अपनी देखरेख में ही पटाखे जलाने दें।

2 से 4 नवंबर तक एमपीपी इंटर कॉलेज में लगेगा सरस मेला

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 02 से 04 नवंबर तक एमपीपी इंटर कॉलेज, बलरामपुर के प्रांगण में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सरस मेला-2026 का आयोजन किया जाएगा। मेले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जाएगी। साथ ही विभिन्न विभागों के स्टॉल, जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक हुई। इसमें स्टॉल आवंटन, प्रचार-प्रसार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सरस मेले का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना और ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। मेले में समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए व्यवस्थित स्टॉल लगाए जाएंगे, जिससे महिलाओं को अपने उत्पादों के विपणन और आय बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने सभी विभागों को अपने-अपने स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विभागीय गतिविधियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। सांस्कृतिक विभाग और विद्यालयों के समन्वय से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे स्थानीय कला और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

मेले की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मॉनिटरिंग कमेटी गठित की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि स्वयं सहायता समूहों की महिला प्रतिभागियों के ठहरने, भोजन और शौचालय की समुचित व्यवस्था की जाए। उनकी सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। इसके अलावा मेले में आने वाले नागरिकों के लिए पेयजल, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

कथक नृत्यांगना पर्णिका श्रीवास्तव और उनकी टीम ने बिखेरी नृत्य की अनुपम छटा

समृद्धि न्यूज़



बाराबंकी। ऐतिहासिक देवा मेला एवं प्रदर्शनी-2026 की नृत्य स्पंदन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में सोमवार को सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना पर्णिका श्रीवास्तव एवं उनकी टीम द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक मंच पर सुर, लय और भावों की अनुपम छटा बिखरी। इस विशेष सांस्कृतिक संध्या में भारतीय शास्त्रीय नृत्य की गरिमामयी परंपरा और सूफी कथक की रूहानी अभिव्यक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ पर्णिका श्रीवास्तव की पारंपरिक शास्त्रीय कथक प्रस्तुति 'तराना' से हुआ। इसके उपरांत पर्णिका श्रीवास्तव, श्वेता गुप्ता, कृति एवं अदिति की संयुक्त टीम द्वारा सूफी कथक की मनोहारी प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में कुल तीन नृत्य प्रस्तुतियों का आयोजन हुआ। इन प्रस्तुतियों में कथक के सधे हुए पदसंचालन, आकर्षक मुद्राओं, लयकारी और भावाभिव्यक्ति के साथ सूफी संगीत की आध्यात्मिक अनुभूति का सुंदर समावेश देखने को मिला। कलाकारों की साधना और समर्पण ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत की समृद्ध परंपरा को मंच पर साकार किया। देवा मेला का प्रतिष्ठित सांस्कृतिक मंच कला, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना के इस अनूठे संगम का साक्षी बना।

37 केंद्रों पर धान खरीद शुरू, डीएम ने किया शुभारंभ

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जनपद में धान खरीद की शुरुआत सोमवार को मंडी समिति स्थित धान क्रय केंद्र पर जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने तौल मशीन का विधि-विधान से पूजन कर की। इस दौरान उन्होंने धान बेचने पहुंचे किसान का माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया और किसानों से संवाद कर क्रय केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने क्रय केंद्र का निरीक्षण करते हुए धान की नमी मापने की प्रक्रिया, गुणवत्ता जांच और तौल व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि धान खरीद निर्धारित मानकों के अनुसार पूरी पारदर्शिता से की जाए और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जनपद में धान खरीद के लिए कुल 37 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें खाद्य विभाग के 13, पीसीएफ के 10, यूपीएसएस के 13 तथा भारतीय खाद्य निगम का एक केंद्र शामिल है। जिलाधिकारी ने सभी केंद्रों पर खरीद व्यवस्था सुचारु रखने और पर्याप्त मात्रा में बोरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों की सुविधा के लिए टोकन व्यवस्था, पेयजल, बैठने, छाया और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था करने को कहा।

जिलाधिकारी ने बताया कि शासन की ओर से सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2441 रुपये प्रति कुंतल तथा ग्रेड-ए धान का 2461 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। उन्होंने किसानों से सरकारी क्रय केंद्रों पर अपनी उपज बेचकर न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

उन्होंने क्रय केंद्र प्रभारियों को किसानों के साथ बेहतर व्यवहार करने, धान की सही तौल सुनिश्चित करने और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही खरीद प्रक्रिया की नियमित निगरानी करने, शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने तथा किसानों को निर्धारित समयसीमा में भुगतान सुनिश्चित कराने को कहा।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी 37 क्रय केंद्रों पर आवश्यक संसाधन और व्यवस्थाएं क्रियाशील रहनी चाहिए, ताकि खरीद कार्य निर्बाध रूप से संचालित हो और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

हाईवे से जुड़ने वाले संपर्क मार्गों पर झाड़ियां बनीं खतरा

- सड़क किनारे उगी झाड़ियों से हाईवे पर गुजरते वाहन नहीं आते नजर, सफाई कराने की मांग

समृद्धि न्यूज़



रामसनेहीघाट (बाराबंकी)। दलसिंहपुर के पास बीती रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में चार युवकों की असामयिक मौत से गांव ही नहीं, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। इस हादसे के बाद नेशनल हाईवे से गांवों को जोड़ने वाले संपर्क मार्गों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि गांवों से निकलकर हाईवे पर मिलने वाली सड़कों के किनारे उगी घनी झाड़ियां और जंगल हादसों का खतरा बढ़ा सकते हैं। झाड़ियों के कारण संपर्क मार्ग से हाईवे पर पहुंचने वाले वाहन चालकों को मुख्य मार्ग से गुजर रहे वाहन समय पर दिखाई नहीं देते। ऐसे में अचानक हाईवे पर पहुंचने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

हालांकि, दलसिंहपुर हादसे में झाड़ियों की भूमिका की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इस घटना ने सड़क किनारे साफ-सफाई और यातायात सुरक्षा की जरूरत को जरूर सामने ला दिया है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग और नेशनल हाईवे प्राधिकरण को संपर्क मार्गों के दोनों ओर उगी झाड़ियों की नियमित कटाई करानी चाहिए। साथ ही, हाईवे से जुड़ने वाले रास्तों का निरीक्षण कर दृश्यता में बाधा बन रहे पेड़-पौधों को हटाने की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि वाहन चालकों को दूर से ही आने-जाने वाले वाहनों का पता चल सके और भविष्य में ऐसे दर्दनाक हादसों की आशंका कम की जा सके।

चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल ऑनलाइन जमा करने की अनिवार्यता के विरोध में पेंशनरों ने निकाली रैली, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज़



बाराबंकी। चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अनिवार्यता से परेशान पेंशनरों ने आज लखपेड़ाबाग चौराहे से रैली निकालकर शहर के प्रमुख मार्गों पर जोरदार प्रदर्शन किया। सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के बैनर तले निकाली गई इस रैली के माध्यम से पेंशनरों ने जिलाधिकारी के जरिए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को ज्ञापन भेजकर इस व्यवस्था में आवश्यक संशोधन करने की मांग की। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की अपील की गई है, ताकि बुजुर्ग पेंशनरों के इलाज में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

रैली से पूर्व एसोसिएशन के कार्यालय में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बाबूलाल वर्मा ने कहा कि अधिकांश बुजुर्ग पेंशनरों को एंड्रॉयड मोबाइल फोन चलाना नहीं आता है। बहुत से पेंशनर दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं और उनके पास ऑनलाइन बिल प्रस्तुत करने में सहयोग करने वाला कोई व्यक्ति भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल ऑनलाइन जमा करने की अनिवार्यता उनके लिए बड़ी परेशानी बन गई है। इसका सीधा असर उनके इलाज पर पड़ रहा है।

श्री वर्मा ने कहा कि जब सरकार ने माननीय सांसदों और विधायकों को ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन माध्यम से भी चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल प्रस्तुत करने की सुविधा प्रदान की है, तो बुजुर्ग पेंशनरों को इस सुविधा से वंचित क्यों रखा जा रहा है? उन्होंने सुझाव दिया कि पेंशनरों को पूर्व की भांति अपने चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल संबंधित कार्यालय में ऑफलाइन जमा करने की अनुमति दी जाए तथा कार्यालय स्तर से उन बिलों को ऑनलाइन अपलोड कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

अनुप्रिया पटेल फिर बनीं अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष, निर्विरोध हुआ चुनाव

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अनुप्रिया पटेल को एक बार फिर चुन लिया गया है। वह निर्विरोध पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुईं। इस तरह अनुप्रिया पटेल ने लगातार एक बार फिर पार्टी की कमान संभाल ली है। बता दें कि अनुप्रिया पटेल इस वक्त मोदी सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री है। अनुप्रिया पटेल का जन्म 28 अप्रैल 1981 को कानपुर में हुआ था। उनके पिता डॉ. सोनेलाल पटेल अपना दल के संस्थापक थे और उत्तर प्रदेश में कुर्मी समाज के प्रमुख नेताओं में गिने जाते थे। पिता के निधन के बाद अक्टूबर 2009 में अनुप्रिया पटेल ने राजनीति में कदम रखा और धीरे-धीरे पार्टी में अपनी अलग पहचान बनाई। अनुप्रिया पटेल ने दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई की। इसके बाद एमिटी यूनिवर्सिटी से मनोविज्ञान में परास्नातक की डिग्री हासिल की। उन्होंने छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय से एमबीए की पढ़ाई भी की है। उनके पति आशीष पटेल उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। अनुप्रिया पटेल वर्तमान में अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा में अपना दल (एस) भाजपा और समाजवादी पार्टी के बाद तीसरा सबसे बड़ा दल है।

लखनऊ में 23 से 26 नवंबर तक होगा राष्ट्रीय जनजातीय भागीदारी उत्सव

- सजेगा जनजातीय कला और शिल्प का राष्ट्रीय मंच, 150 से अधिक शिल्पकार दिखाएंगे हुनर
- जनजातीय कला और पारंपरिक ज्ञान को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम भागीदारी उत्सव- जयवीर

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लखनऊ में 23 से 26 नवंबर तक जनजातीय कला, संस्कृति, लोक परंपराओं और पारंपरिक हुनर का राष्ट्रीय संगम देखने को मिलेगा। लोकनायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान संस्कृति विभाग की ओर से श्राष्ट्रीय जनजातीय भागीदारी उत्सवश का आयोजन किया जाएगा। यूपी दर्शन पार्क, गोमती नगर में होने वाले इस चार दिवसीय आयोजन में देश के 16 राज्यों के 500 से अधिक कलाकार प्रस्तुतियों के जरिए जनजातीय जीवन और संस्कृति की विविधता से लोगों को परिचित कराएंगे। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह आयोजन उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, समाज कल्याण विभाग, जनजाति विकास विभाग और पर्यटन निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। इस आयोजन में मेजबान उत्तर प्रदेश के साथ मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, त्रिपुरा, असम, छत्तीसगढ़ और हरियाणा के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इन राज्यों के सांस्कृतिक दल लोकनृत्य, संगीत और पारंपरिक प्रस्तुतियों के माध्यम जनजातीय विरासत को मंच पर लाएंगे। अन्य राज्यों के कलाकारों को आमंत्रित करने के लिए उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज के माध्यम से प्रयास किए जाएंगे। इस उत्सव में जनजातीय कलाकारों के साथ घुमंतू समुदायों की पारंपरिक कलाओं को भी विशेष स्थान दिया जाएगा। इसमें बीन वादन, जादू, कठपुतली, बहुरूपिया और नट-नटी की प्रस्तुतियां होंगी। लोकनायक भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और योगदान पर आधारित रंगोली के साथ नाटक भी आयोजित किए जाएंगे। विलुप्त होती लोक विधाओं को इस आयोजन का मुख्य आकर्षण बनाया जाएगा, ताकि नई पीढ़ी इन पारंपरिक कलाओं से परिचित हो सके। शिल्प मेले का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें 150 से अधिक शिल्पकार अपनी कला और उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। मेले में जनजातीय व्यंजनों, हस्तशिल्प, पारंपरिक आभूषणों और जनजातीय वाद्ययंत्रों की दुकानें लगाई जाएंगी। इसके साथ जनजातीय चित्रकला और हस्तशिल्प की प्रदर्शनी तथा कार्यशालाएं भी आयोजित होंगी।

68,500 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर विधानसभा का घेराव किया

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। राजधानी में 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने सोमवार को नियुक्ति की मांग को लेकर विधानसभा का घेराव किया। अभ्यर्थी सडक़ पर लेटकर घंटी बजाने लगे। करीब 20 मिनट तक नारेबाजी और हंगामा चलता रहा। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की हुई। पुलिस अभ्यर्थियों को टांगकर और घसीटते हुए लेकर गई। प्रदर्शनकारी ऐसी क्या मजबूरी है, आरक्षण की चोरी है और पिछड़ा आयोग ने माना है, आरक्षण घोटाला है जैसे नारे लगाते रहे। अभ्यर्थियों ने पुलिस पर कपड़े फाडने और अभद्रता करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन में शामिल नवीन ने बताया कि 10 सितंबर को उनकी मुलाकात बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी से हुई थी। बैठक में बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। नवीन का दावा है कि बैठक में दोनों मंत्रियों और अधिकारियों ने भर्ती में गड़बड़ी होने की बात स्वीकार की थी। उन्होंने कहा, जब राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी गड़बड़ी मानी है, तो सरकार में बैठे मंत्री और अधिकारी भी इसे स्वीकार कर रहे हैं। फिर हमें नियुक्ति क्यों नहीं दी जा रही? बस्ती से आए उत्कर्ष सिंह पटेल ने कहा कि वे पिछले आठ साल से नौकरी के लिए भटक रहे हैं। उनका आरोप है कि 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती में बड़े स्तर पर आरक्षण संबंधी गड़बड़ी हुई है। राज्य और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी नियमों का पालन करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन अब तक नियुक्ति नहीं मिली। अभ्यर्थी आशुतोष ने कहा कि उनकी मांग है कि आयोग के आदेशों का पालन किया जाए। वर्ष 2018 में भर्ती निकली थी और उसी समय उन्होंने आवेदन किया था।

आईजीआरएस पर गलत रिपोर्ट पर ले एक्शन-योगी

- जनता दर्शन में सुनीं लोगों की समस्यायें
- सबकी समस्या का होगा समाधान, न हों परेशान

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन किया। लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि हर समस्या का प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ लोगों द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर गलत रिपोर्ट लगाए जाने की शिकायत प्रस्तुत करने पर मुख्यमंत्री की भृकुटि तन गई। इसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पर गलत रिपोर्ट लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान देकर समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराया जाए।गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर सोमवार को आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। सीएम ने समस्या सुनते हुए लोगों को भरोसा दिया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान कराएंगे। किसी को घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जबरन जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। जनता दर्शन में आई एक दिव्यांग युवती ने परिवार की आर्थिक दिक्कत का उल्लेख कर इंटर पास भाई के लिए रोजगार की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस प्रार्थना पत्र के संबंध में उचित सहयोग किया जाए।

लखनऊ एयरपोर्ट पर डायवर्ट हुईं चारों उड़ानें रवाना

लखनऊ। वाराणसी और काठमांडू में सोमवार सुबह खराब मौसम और घने कोहरे के कारण डायवर्ट की गईं चारों उड़ानें अब अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गई हैं। तीन उड़ानें पहले ही लखनऊ से उड़ान भर चुकी थीं। वहीं, इंडिगो की चौथी उड़ान 6ई-6558 भी 20 मिनट बाद वाराणसी के लिए रवाना हो गई है। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली से वाराणसी जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई-6246 सुबह 9.08 बजे रवाना हुई। हांगझोऊ से काठमांडू जाने वाली हिमालय एयरलाइंस की उड़ान एच-9226 सुबह 9.26 बजे और दुबई से काठमांडू जाने वाली फ्लाईदुबई की उड़ान एफजेड-8399 सुबह 9.46 बजे लखनऊ से रवाना हुई। बेंगलुरु से वाराणसी जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई-6558 भी बाद में वाराणसी के लिए रवाना हो गई।

जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग को लेकर धनगर समाज का प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। राजधानी में सोमवार को धनकर समाज ने विरोध प्रदर्शन किया। हजरतगंज स्थित विधायक निवास से विधानसभा के घेराव करने निकले। 50 मीटर के बाद पुलिस ने रोक लिया। लेबर पार्टी (एस) के बैनर तले प्रदेश के विभिन्न जनपदों से कार्यकर्ता पदाधिकारी जमाहुए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मंत्री असीम अरुण को बर्खास्त करो, धनगर जाति प्रमाण पत्र जारी करो के नारे लगाए। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी धनगर ने कहा कि हमारे समाज के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। हम लोग साजिश के शिकार हैं। पिछले 36 सालों से हम अपने समाज की लड़ाई लड़ रहे हैं। कई दालों की सरकार आई और चली गई मगर किसी ने भी हमारी बात नहीं सुनी। उत्तर प्रदेश शासन में बैठे लोग जानबूझकर धनगर को हिंदी में कभी धांगर, कभी धंगर और धंगड़ लिखकर भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। मगर धनगर जाति प्रमाण की लड़ाई रुकने वाली नहीं है। जेपी धनगर ने कहा कि इसको लेकर उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने अपने निर्णय दिनांक 14.03.2012 और 03.09.2013 में भ्रम की स्थिति समाप्त कर केवल धनगर जाति को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी करने का आदेश दिया था। फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों ने विधि विरुद्ध शासनादेश जारी कर दिया। अगर हमारी मांगें पूरी नहीं हुईं तो इससे भी बड़ा प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे । हमारा समाज चुप बैठने वाला नहीं है। हमारे समाज के लोगों ने आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई है। अब हम लोग अपने हक और अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। जब तक समाज को न्याय नहीं तब तक आंदोलन रुकने वाला नहीं। जल्द ही संगठन की तरफ से महा आंदोलन के लिए आह्वान किया जाएगा।

अटल जयंती पर प्रयाग को मिलेगी बड़ी सौगात

- म्योहार पुल का निरीक्षण,गुणवत्ता के साथ पूरा करें निर्माण कार्य-केशव

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने म्योहार स्थित निर्माणाधीन छह लेन पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना का शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता, पूर्ण पारदर्शिता और मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों से कार्य की प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा निर्माण में तेजी लाने के निर्देश देते हुए पुल के उद्घाटन की समय-सीमा तय की है।

श्री मौर्य ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती के अवसर पर इस महत्वपूर्ण पुल को प्रयागराज की जनता को समर्पित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह पुल क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम बनाने, आवागमन का समय कम करने तथा प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के दूरदर्शी विजन और केंद्र एवं प्रदेश सरकार के समन्वित प्रयासों से उत्तर प्रदेश में सडक़ एवं पुल निर्माण की परियोजनाओं को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी विकसित करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उत्तर प्रदेश को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने के लिए आधुनिक आधारभूत संरचना का सुदृढ़ होना आवश्यक है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। केंद्र और प्रदेश सरकार प्रयागराज सहित उत्तर प्रदेश में विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

ग्रामीण सडक़ विकास कार्यों की सराहना

समृद्धि न्यूज़



प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण संपर्क व्यवस्था को मिली मजबूती-पासवान

लखनऊ। वाइब्रेंट गोरखपुर2026 सम्मेलन में भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण सडक़ विकास अभिकरण के स्टॉल का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रदेश में संचालित ग्रामीण सडक़ निर्माण, उन्नयन और अनुरक्षण कार्यों की जानकारी प्राप्त की। विभाग के प्रदर्शन और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उप मुख्यमंत्री एवं ग्राम्य विकास मंत्री केशव प्रसाद मौर्य के प्रयासों की प्रशंसा की।श्री पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सडक़ संपर्क उपलब्ध कराने का संकल्प तेजी से साकार हो रहा है। केशव प्रसाद मौर्य की मेहनत, लगन और जनता के प्रति समर्पित भाव से उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के कार्यों को गति मिली है। ग्रामीण सडक़ों को गुणवत्तापूर्ण, टिकाऊ, उन्नत और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों ने प्रदेश को देश में अग्रणी स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।केंद्रीय राज्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण सडक़ विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी शिव सहाय अवस्थी के कार्यों की भी सराहना की।प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना पीएमजीएसवाई का उद्देश्य पात्र ग्रामीण बसावटों को सर्वमौसम सडक़ संपर्क उपलब्ध कराना तथा ग्रामीण सडक़ों का उन्नयन करना है। उत्तर प्रदेश में योजना के अंतर्गत सडक़ निर्माण के साथ-साथ गुणवत्ता नियंत्रण, नियमित अनुरक्षण और तकनीकी निगरानी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ई-मार्ग जैसी डिजिटल प्रणालियों के माध्यम से सडक़ों के रखरखाव कार्यों की निगरानी को अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। बेहतर ग्रामीण सडक़ें किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने, विद्यार्थियों को शिक्षण संस्थानों तथा ग्रामीण नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं तक सुगम पहुंच उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे रोजगार, व्यापार और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलता है।

त्रिवेणी नगर में पार्षद ने किया बनेगी सडक़ निर्माण कार्य का शुभारंभ

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम के त्रिवेणी नगर वार्ड में पार्षद देव शर्मा मिश्रा ने शिवपुरम, त्रिवेणी नगर तृतीय में सडक़ पुनर्निर्माण कार्य शुरू कराया। सोमवार को एक्सिस बैंक एटीएम से बाईं ओर जाने वाले मार्ग पर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मंडलीय उपाध्यक्ष मनीष सिंह, प्रेम शंकर श्रीवास्तव, हरि शंकर श्रीवास्तव सहित क्षेत्र के कई निवासी मौजूद रहे। सडक़ निर्माण कार्य शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने खुशी जताई और पार्षद देव शर्मा मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों ने उम्मीद जताई कि मार्ग का पुनर्निर्माण पूरा होने से आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय निवासियों ने विकास कार्य के लिए पार्षद का धन्यवाद किया।

सात सूत्रीय मांगों को लेकर समूह सखियों का प्रदर्शन हुआ उग्र

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। सात सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहीं समूह सखियों का प्रदर्शन सोमवार को उग्र हो गया। राजधानी लखनऊ के ईको गार्डन में धरना दे रहीं समूह सखियों ने परिसर के बाहर सडक़ जाम कर दिया और सडक़ पर बैठकर प्रदर्शन करने लगीं।

इससे मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। प्रदर्शनकारी महिला कर्मियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं और सरकार उनकी बात नहीं मानती, तब तक वे वहां से नहीं हटेंगी। वहीं, पुलिस उन्हें सडक़ से हटाने का प्रयास कर रही है। मानदेय में संशोधन एक समान राष्ट्रीय मानदेय नीति बनाकर इसे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आधार पर 15,000 से 20,000 प्रति माह तय किया जाए। ऐप पर सरकारी सर्वे और डेटा फीडिंग करने के लिए हर समूह सखी को मुफ्त स्मार्टफोन,टैबलेट और मंथली इंटरनेट डेटा पैक दिया जाए।

ग्रामीण क्षेत्रों में जोखिम भरे सफर को देखते हुए आयुष्मान भारत की तर्ज पर 5 लाख तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा दिया जाए। बैंकों और दूर-दराज के ब्लॉकों में जाने के लिए होने वाले खर्च के लिए एक तय मासिक यात्रा भत्ता मंजूर किया जाए। फील्ड में सुरक्षा के लिए सरकारी खर्च पर क्यूआर-कोड वाले आधिकारिक पहचान पत्र और एक तय ड्रेस कोड दिया जाए।

फिनएक्स इंस्टीट्यूट ने लखनऊ में नए कैंपस का किया शुभारंभ, युवाओं को मिलेगी इंडस्ट्री-रेडी बीएफएसआई शिक्षा'

- बैंकिंग, म्यूचुअल फंड और इंश्योरेंस क्षेत्र के दिग्गजों के साथ प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि रहे मौजूद'

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। फिनएक्स इंस्टीट्यूट (पूर्व में बीएसई इंस्टीट्यूट) ने रतन स्क्वायर, विधान सभा मार्ग स्थित अपने नए एकेडमिक कैंपस का शुभारंभ किया। उद्घाटन एसबीआई म्यूचुअल फंड के प्रेसिडेंट एवं सीबीओ मनीष मेहता तथा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के प्रो-वाइस चांसलर डॉ. सुधांशु पांड्या ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम की शुरुआत कैंपस डायरेक्टर श्री विराग जैन के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने कहा, फिनएक्स का उद्देश्य लखनऊ और आसपास के युवाओं को बैंकिंग एवं फाइनेंशियल सर्विसेज (बीएफएसआई) क्षेत्र की गुणवत्तापूर्ण, इंडस्ट्री-ओरिएंटेड शिक्षा और रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। संस्थान उद्योगों एवं शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर इंटर्नशिप, प्लेसमेंट और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देगा। साथ ही, वंचित वर्गों के युवाओं को वित्तीय कौशल से जोडने और लखनऊ को बीएफएसआई टैलेंट हब बनाने की दिशा में भी काम करेगा।इस अवसर पर फिनएक्स के सीईओ हिमांशु व्यपक ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को बैंकिंग, कैपिटल मार्केट और फिनटेक जैसे क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए अपने शहर में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, इंडस्ट्री एक्सपोजर और प्लेसमेंट सपोर्ट मिले।समारोह में कोटक बैंक के स्टेट हेड सुनील गुरनानी, आईसीआईसीआई बैंक के रीजनल हेड अभय शुक्ला, बंधन बैंक के स्टेट हेड अनुराग श्रीवास्तव, फ्रैंकलिन टेम्पलटन के स्टेट हेड गौरव नागर, एचडीएफसी लाइफ के वैभव त्रिपाठी तथा लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन के वाइस चेयरमैन श्री प्रवीण कुमार सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस दिवाली लखनऊ के आसमान में चमका इंद्रिया का गोल्डन गजेल

लखनऊ। आदित्य बिरला ज्वेलरी के ब्रांड इंद्रिया ने दिवाली के मौके पर लखनऊ के लुलु मॉल के निकट लीजर पार्क में एक अनोखे ड्रोन शो का आयोजन किया। इस शो में इंद्रिया की पहचान बन चुके गोल्डन गजेल (सुनहरे हिरण) की आकृति आसमान में उभरी। रोशनी से जगमगाते इस नजारे ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और शहर के आसमान को त्योहार के एक यादगार अनुभव में बदल दिया।इस ड्रोन शो में इंद्रिया ने अपने हाल ही में लॉन्च किए गए फेस्टिव ज्वेलरी कलेक्शन 'पद्मिका' की झलक भी लखनऊ के आसमान में दिखाई। कलेक्शन के प्रमुख डिजाइन और मोटिफ रोशनी के जरिए बिल्कुल नए अंदाज में पेश किए गए। त्योहारों के लिए खास तौर पर तैयार यह ड्रोन शो एक इनोवेटिव कोशिश थी।

सफाईकर्मचारियों ने मांगें न पूरी होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम के सामने सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को टेंट तान दिया। दरी बिछाकर बैठ गए। यहां नारेबाजी करते हुए अपनी 6 सूत्री मांगों की आवाज उठाई। सफाई कर्मचारी संघर्ष संयुक्त मोर्चा के बैनर तले बैठे प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि वे अलग-अलग जिलों से आए हैं। हम सभी ठेके सफाईदारों के साथ साथ एक ही व्यवहार किया जा रहा है। इस सरकार में हमारी सुनवाई नहीं हो रही है।

छह सूत्री मांगों के साथ यह भी मांग है कि ठेकेदार ईपीएफ के नाम पर कटौती करता है। इसकी भरपाई नहीं होती यानी लाभ नहीं मिल रहा है। मोर्चा के मुख्य संयोजक राम प्रकाश वाल्मीकि ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद से में भ्रष्टाचार चरम पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में सफाई कर्मचारियों के हित में ऐसी कोई योजना या शासनादेश जारी नहीं हुआ, जिससे गरीब कर्मचारियों के परिवारों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश का स्वच्छकार समाज अपने बच्चों के लिए मुख्यमंत्री से रोटी मांगने आया है। महासंघ की ओर से कहा गया कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन सफाई कर्मचारियों के हर हित में महाआंदोलन और कार्य बहिष्कार करेगा। धरने में शामिल पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार सिद्धार्थ वाल्मीकि ने सफाई कार्य को आउटसोर्सिंग और ठेकेदारी पर कराए जाने का विरोध किया।

अवैध पेड़ कटान ने ली छह वर्षीय मासूम की जान

हाईटेंशन लाइन पर पेड़ गिरने से बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर और लाइनें क्षतिग्रस्त, वन विभाग व बिजली विभाग ने थाने में दी तहरीर, दो नामजद ठेकेदारों समेत अन्य जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

दो घंटे से अधिक समय तक बिजली के खंभे के नीचे दबी रही प्रतीक्षा

समृद्धि न्यूज, मदनापुर, शाहजहांपुर।

मदनापुर थाना क्षेत्र के ग्राम बंधा में सोमवार सुबह आम और शीशम के हरे पेड़ों की कटाई के दौरान हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। पेड़ काटते समय 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन पर पेड़ गिरने से बिजली के खंभे टूटकर जमीन पर आ गिरे। इसी दौरान वहां से गुजर रही छह वर्षीय मासूम बच्ची प्रतीक्षा बिजली के खंभे के नीचे दब गई। बताया जा रहा है कि मासूम दो घंटे से अधिक समय तक खंभे के नीचे दबी रही, लेकिन आखिरकार उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया और परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं।

गांव निवासी पंचू ने अपने आम और शीशम के पेड़ लकड़ी के ठेकेदारों को बेचे थे। सोमवार सुबह ठेकेदारों की ओर से पेड़ों की कटाई कराई जा रही थी। इसी दौरान काटा जा रहा एक पेड़ 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन पर जा गिरा। पेड़ गिरने से विद्युत लाइन के खंभे टूट गए और आसपास की बिजली व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई। बताया गया कि गांव निवासी राजमिस्त्री मनोज कुमार मौर्य की छह वर्षीय पुत्री प्रतीक्षा अपनी दादी माया देवी और सात वर्षीय भाई नितिन के साथ सुबह शौच के लिए खेत की ओर गई थी। इसी दौरान अचानक बिजली के खंभे की चपेट में आने से वह उसके नीचे दब गई। काफी देर तक बच्ची के दबे रहने से उसकी हालत गंभीर हो गई और अंततः उसकी मौत हो गई। मासूम की मौत





से माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार, हादसे के बाद लकड़ी कटान कराने वाले ठेकेदार ट्रैक्टर-ट्रॉली और मोटरसाइकिल मौके पर छोड़कर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि शीशम की लकड़ी से भरी एक पिकअप गाड़ी भी पहले ही वहां से रवाना हो चुकी थी। घटना के बाद ग्रामीणों ने पेड़ों की कटाई में गंभीर लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी के आरोप लगाए हैं। हादसे के बाद वन विभाग भी हरकत में आया। वन दरोगा सत्यपाल सिंह को मुखबिर से ग्राम बधा में हरे पेड़ों के कटान की सूचना मिली थी। इस पर वह अपने हमराह अनिल कुमार (दैनिक वेतनभोगी) के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान आम के तीन और शीशम का एक पेड़ काटे जाने की जानकारी सामने आई। मौके पर लकड़ी भी पड़ी मिली। वन दरोगा की ओर से मदनापुर थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि संबंधित ठेकेदारों ने बिना अनुमति और बिना परमिट हरे पेड़ों का कटान कराया। वन विभाग ने उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। मामले में बिजली विभाग ने भी कार्रवाई के लिए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। विभाग के अवर अभियंता की ओर से दी गई तहरीर के मुताबिक, 2 नवंबर 2026 को सुबह करीब सात बजे अली मोहम्मद निवासी ग्राम भड़री, थाना कांट और छेदा लाल निवासी कटरा, थाना कटरा द्वारा ठेकेदार के रूप में ग्राम बधा में आलोक सिंह उर्फ ज्ञान के खेत में पेड़ों की कटाई कराई जा रही थी। आरोप है कि पेड़ों की कटाई 33ध्11 केवी विद्युत उपकेंद्र मदनापुर के अंतर्गत जलालाबाद-द्वितीय फीडर की 11 हजार वोल्ट विद्युत लाइन के समीप बिना पूर्व सूचना और बिना विधिवत शटडाउन लिए कराई जा रही थी। इसी दौरान एक पेड़ हाईटेंशन लाइन पर गिर गया। इससे दो एचटी विद्युत पोल, डीपी ट्रांसफार्मर और दो एलटी विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए। फीडर भी ट्रिप हो गया और क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। बिजली विभाग का आरोप है कि विद्युत सुरक्षा मानकों की अनदेखी और बिना शटडाउन पेड़ों की कटाई कराने के कारण यह गंभीर हादसा हुआ, जिसमें एक मासूम की जान चली गई। विभाग ने अली मोहम्मद और छेदा लाल के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

ठेकेदारों की भूमिका व कटान की अनुमति की जांच की मांग

घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों ने प्रशासन से पेड़ों की कटाई की अनुमति, लकड़ी की खरीद-बिक्री, ठेकेदारों की भूमिका और विद्युत लाइन के आसपास सुरक्षा इंतजामों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग उठाई है। सूचना मिलने पर मदनापुर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वन विभाग और बिजली विभाग की ओर से तहरीर दिए जाने के बाद अब पुलिस की जांच और कार्रवाई पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

निगम की हीलाहवाली से पीडब्ल्यूडी ने अधर में छोड़ी सड़क

शाहजहांपुर। जिस पीडब्ल्यूडी सड़क निर्माण-मरम्मत कार्य की खुद मानीटरिंग डीएम द्वारा की जा रही है। उसके बाबजूद पीडब्ल्यूडी व नगर निगम विभागों के पेंच में रोडवेज बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन वाली रोड कार्य अधर में लटक गया है। जिस कारण वहां दिन भर धूल का गुबार उड़ रहा और वाहनों व रहगीरों को निकलना दूभर हो रखा है।बता दें कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पुवायां रोड नियामतपुर मोड़ से महिला थाना, रोडवेज बस स्टैंड वाया कचहरी पुल तक खराब हो चुकी सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें नियामतपुर से पुलिस लाइन गेट पुवायां रोड तक गड्ढा भरकर रोड



निर्माण कार्य करा दिया गया है। जबकि महिला थाना से रोडवेज बस स्टैंड दुर्गा होटल मोड़ तक सीवर के हुए कार्य में हीलाहवाली के चलते पीडब्ल्यूडी ने अपना कार्य रोकते हुए आगे कचहरी पुल की रोड बना दी है। जिसके बाद सड़क का पैच, पेंच में फंस गया है। जिस कारण वहां दिन भर धूल उड़ती है। गड्ढों के कारण दिक्कत बनी हुई है। पीडब्ल्यूडी व निगम अधिकारी एक दूसरे के पाले में गेंद फेंककर हीलाहवाली कर रहा है। अब देखना यह है कि बीच सड़क का अधूरा कार्य दीपावली तक पूर्ण होगा या फिर दीपावली के बाद ही सड़क निर्माण कार्य पूरा हो पाएगा। नगरायुक्त सौम्या गुरुरानी ने बताया कि सीवर लाइन को लेकर सारा कार्य नगर निगम द्वारा लगभग पूर्ण करा लिया गया है।अब मिट्टी डाली जा रही है, फिर पानी छिड़काव कराया जा रहा है। दीपावली तक हरसंभव रोड बन जाए, इसको लेकर प्रयासरत रहेगें।

क्षत्रियों को अपनी ताकत पहचाननी होगीः परिहार

कलान में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक एकजुटता पर दिया जोर

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक रविवार को कलान ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में समाज की एकता और संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष पदम सिंह, जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार सहित अन्य अतिथियों द्वारा भगवान श्रीराम और



महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जिलाध्यक्ष पदम सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज के लोगों को एकजुट रहने की आवश्यकता है, समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार एड. ने कहा कि क्षत्रियों को अपनी वास्तविक ताकत पहचाननी होगी। क्षत्रिय समाज का इतिहास त्याग, शौर्य और राष्ट्रभक्ति से भरा रहा है। आज समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में आपसी मतभेद भुलाकर संगठित होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव और न्याय पंचायत स्तर पर महासभा की समितियों का गठन कर संगठन को मजबूत किया जाना चाहिए। समाज को शिक्षा, संगठन और सामाजिक जागरूकता को प्राथमिकता बनानी होगी। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष अवनेश सिंह चैहान, आदित्य सिंह हनी सहित अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखे। इस दौरान विनोद सिंह चंदेल, उमेश भदौरिया, संजय सिंह, जदुवीर सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रमोद सिंह, महेश सिंह चंदेल, राम महेश सिंह, अभय प्रताप सिंह भोला सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहे।

बेवा महिला के 20 हजार रुपये लेकर लौटाने से इनकार, दंपती पर मारपीट का आरोप

समृद्धि न्यूज, परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।

थाना क्षेत्र के मोहल्ला आम्बेडकर नगर में एक बेवा महिला के 20 हजार रुपये वापस न करने और उसके साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मोहल्ले के ही एक युवक और उसकी पत्नी पर रुपये हड़पने, गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही और न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता रामवती पत्नी स्वर्गीय कन्हैया लाल ने 1 नवंबर 2026 को पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने 7 अक्टूबर 2026 को अपने बैंक खाते से 20 हजार रुपये निकाले थे। आरोप है कि मोहल्ले के आर्यन पुत्र धर्मेंद्र ने उससे यह कहकर रुपये ले लिए कि उसके पास पैसे



सुरक्षित रहेंगे और जरूरत पड़ने पर वापस कर दिए जाएंगे। उसने रकम लौटाने या बैंक खाते में जमा कराने का भरोसा भी दिया था। रामवती का आरोप है कि जब कुछ दिन बाद उसने अपने रुपये वापस मांगे तो युवक और उसकी पत्नी ने रकम लौटाने से इनकार कर दिया विरोध करने पर दोनों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट भी की और वहां से भगा दिया। पीड़िता के अनुसार, उससे रुपये खाते में जमा होने की बात कही गई, लेकिन अब तक उसके खाते में रकम नहीं पहुंची है। गरीब, भूमिहीन और विधवा रामवती ने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, अपनी रकम वापस दिलाने और दोषियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

खबरें एक नजर में

चार नवंबर से होगा आल इंडिया मुशायरा

तिलहर - शाहजहांपुर। नगर के प्रसिद्ध बुजुर्ग हजरत हाजी हाफिज मोहम्मद हातिम अली शाह मियां के सालाना तीन दिनी उर्स शरीफ के मौके पर चार नवंबर की रात 8 बजे से ऑल इंडिया मुशायरा होगा जिसमें मशहूर शायर चांद खान चांद भोपाल , नफीस सीतापुरी, नईम माहिर मध्य प्रदेश, मुफीद कन्नौज, नसीम मुंह फट झांसी, जीशान नोमानी, अरुण शर्मा दिल्ली, डॉ बृजभूषण, निर्दोष कुमार बिन, बाकर जैदी, अदीब जलालपुरी, हमीद खिजर,आदि मशहूर शायरों को आमंत्रित किया गया है सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां एवं मुशायरा आयोजक ओवेस खान शिफा, इल्ने हसन, अजय अवस्थी अनुरागी, असगर यासिर, फैसल फैज, वाजिद हुसैन वाजिद, मनोज प्रबल, ने लोगों से शिरकत करने की अपील की है।

ई-लॉटरी प्रक्रिया आज

शाहजहांपुर। वित्तीय वर्ष 2026-27 में कृषि यंत्रीकरण की प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेज्ड्यू एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं अन्य योजनानतर्गत कृषि यंत्रों की द्वितीय बुकिंग 7 अक्टूबर से 27 अक्टूबर के मध्य की गयी है। कृषि यंत्रों पर अनुदान दिए जाने को कृषकों का ई-लॉटरी के माध्यम से चयन किये जाने की कार्यवाही आज मंगलवार 3 नवम्बर को शाम 4 बजे को कलेक्ट्रेट सभागार पर की जाएगी।

संदिग्ध हालत में मिली तिजोरी, खुटार पुलिस जांच में जुटी



खुटार, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के तिकुनिया स्थित गोला रोड पर गोल्डन फ्लॉवर पब्लिक स्कूल के पास सोमवार को दिन में करीब 3:20 बजे सड़क किनारे एक तिजोरी संदिग्ध हालत में पड़ी मिलने से क्षेत्र में चर्चा फैल गई। तिजोरी को देखकर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल खुटार पुलिस को दी।सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तिजोरी को कब्जे में लेकर थाने ले आई। पुलिस ने तिजोरी की जांच करते हुए उसे खोलकर अंदर रखे सामान की पड़ताल की। तलाशी के दौरान तिजोरी के अंदर से 10-10 रुपये के दो सिक्के और दो बाजारू अंगूठियां बरामद हुईं। बरामद सामान को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस के सामने अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि तिजोरी किसकी है और इसे सड़क किनारे लाकर किसने रखा। तिजोरी वहां तक कैसे पहुंची, इसे लेकर भी पुलिस आसपास के लोगों से जानकारी जुटा रही है। पुलिस आसपास लगे संभावित सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही तिजोरी के मालिक की पहचान करने का प्रयास कर सकती है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। तिजोरी मिलने की घटना को लेकर स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

गौशाला में मनाया जाएगा दीपोत्सव गौ पूजनः आलोक

तिलहर - शाहजहांपुर। संकल्प सेवा सोसायटी के आयोजकत्व में नगर की स्टेशन रोड स्थित गौशाला में 9 वाँ गौ पूजन महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सोसायटी अध्यक्ष डॉ. आलोक अग्रवाल ने बताया कि इस बार दीपावली दीपोत्सव गौपूजन कार्यक्रम चार नवंबर को होगा, गोवर्धन दीपोत्सव गौपूजन 9 नवंबर को तथा गोपाष्टमी महोत्सव गौपूजन कार्यक्रम 18 नवंबर को शाम पांच बजे गौशाला में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने गौ भक्त व गौ सेवकों से उक्त सेवा भाव कार्यक्रम में शामिल होकर सेवा सहयोग की अपील की है।

गांधी भवन में यूथेरा का ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन संपन्न

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

यूथेरा पोएट्री की ओर से आयोजित ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन शनिवार की शाम गांधी भवन में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। बरेली से आये मुख्य एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत यूथेरा पोएट्री के ऑर्गेनाइजर इंजीनियर आमिर खान और तमन्ना अली ने बुके देकर, शॉल एवं मोमेंटो भेंट करते हुए किया। मुशायरे का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अनीस बेग एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, जबकि मुशायरे एवं कवि सम्मेलन की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर अज्म शाकिरी ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन लखनऊ के शायर शाहबाज तालिब ने किया। मुशायरा कंवीनर इशरत सगीर ने मंच का प्रारंभ



करने से पहले शाहजहांपुर की ऐतिहासिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक धरोहर पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह आयोजन शहर की गंगा-जमुनी तहजीब को नजर में रखते हुए किया गया है। सभी आमंत्रित शायरों को यूथेरा पोएट्री की ओर से बैज लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। उन्हें शॉल और मोमेंटो से सम्मानित किया गया। महफिल में श्रोताओं की भारी भीड़ जमा हुई और देर रात तक गांधी भवन शेर-ओ-शायरी से गूंजता रहा। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर अज्म शाकिरी, लखनऊ से हास्य-व्यंग्य के मशहूर शायर पपलू लखनवी, चंडीगढ़ से नवीन नीर, हमजा बिलाल, मेरठ से युवा शायरा हिमांशी बाबरा, दिल्ली से नितिन कबीर, अनुज कपूर, लखनऊ से शाहबाज तालिब, अभिश्रेष्ठ तिवारी, आरिफ अल्वी, अमरोहा से नुजहत अमरोही, असम से राहिल फरीदी और मकनपुर से असिम मकनपुरी ने अपने कलाम से खूब वाहवाही लूटी। मेजबान शायरों में शायर इशरत सगीर, कवि पीयूष शर्मा, विकास सोनी ऋतुराज और विकास शर्मा पारस के साथ-साथ इंजीनियर आमिर खान और तमन्ना अली को भी श्रोताओं और मेहमान शायरों की खूब दाद मिली। इस मौके पर गणमान्य अतिथियों में मशहूर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. हिक्मत उल्लाह, संजय गुप्ता, वरिष्ठ साहित्यकार ज्ञानेन्द्र मोहन ज्ञान, रंगकर्मी प्रमोद प्रमिल, इंजीनियर अकरम खान, ओवैस खान, फरहत नकवी, अजहर खान, दानिश खान सहित भारी संख्या में साहित्यकार, सम्मानित पत्रकार लॉबी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीयूष शर्मा, विकास सोनी ऋतुराज, रिजवान सगीर, विकास शर्मा पारस, विवेक यादव, मोहसिन खान, नियाज आदि ने अहम भूमिका निभाई।

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल

तिलहर, शाहजहांपुर। तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार



देकर डॉक्टर ने गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि परिजन उसे जिला अस्पताल ले जाने के बजाय किसी निजी अस्पताल ले गए। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के ग्राम कुआड़ांडा निवासी 30 वर्षीय दीपचंद्र गैस एजेंसी से सिलेंडर लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम दोदराजपुर के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिजन मौके से घायल को सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि परिजन जिला अस्पताल न ले जाकर निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए।

गलत ट्रेन में सवार हुआ यात्री चलती ट्रेन से गिरकर घायल

आरपीएफ ने एंबुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।

शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन के मुख्य रेल मार्ग पर सोमवार सुबह रन थ्रू ट्रेन से गिरकर एक यात्री घायल हो गया। सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और घायल यात्री को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

आरपीएफ रोजा चैकी प्रभारी ने बताया कि सोमवार सुबह सूचना मिली थी कि शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन के मुख्य रेल मार्ग पर एक यात्री ट्रेन से गिरकर घायल हो गया है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया। घायल यात्री की पहचान अलीगढ़ जनपद के शाहपुर रोड, गोल आबादी निवासी बिलाल के रूप में हुई है। बिलाल ने बताया कि वह बरेली से अपने घर अलीगढ़ लौट रहा था। बरेली स्टेशन पर वह गलती से दूसरी रन थ्रू ट्रेन में सवार हो गया। इसके बाद वह ट्रेन से कैसे गिरा, उसे इसकी जानकारी नहीं है। हादसे में वह घायल हो गया। फिलहाल उसे उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

नगर में धूमधाम से बैंड बाजे के साथ निकली श्री राम बारात

विधायक सलोना कुशवाहा ने देव स्वरूपों का तिलक कर रथों पर किया विराजित

समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।

श्री जनता रामलीला पोटरगंज से भगवान श्रीराम की भव्य बारात शोभायात्रा नगर में धूमधाम से बैंड बाजे के साथ निकली गई । जिसमें देव स्वरूप झांकिया आकर्षण का केंद्र रहीं। जगह जगह पुष्प वर्षा कर भारत का स्वागत किया गया। रविवार देर शाम पोटर गंज स्थित श्री रामलीला मंच पर विधायक सलोना कुशवाहा व उनके पति डॉ रामसिंह कुशवाहा ने कमेटी संरक्षक रमाशंकर गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, हरीश गुप्ता, मनोज प्रबल, सुशील बाबू गुप्ता, कमलेश गुप्ता पप्पू, हरि मोहन गुप्ता ,



पंकज गुप्ता , मेला प्रभारी सौरभ गुप्ता रवि, नीलेश गुप्ता , सभासद सतेंद्र सिंह सुशील, हितेश गुप्ता, सुखवीर सिंह, संजय गुप्ता, विकास गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, मुदित गुप्ता, सुमित गुप्ता, ऋषभ गंगवार, राजेश्वर सिंह एडवोकेट आदि के सानिध्य में भगवान श्री राम समेत चारों भाइयों, महर्षि गुरुवशिष्ठ व हनुमंत लाल का तिलक कर आरती उतारी। तदोपरांत शाम साढ़े सात बजे सभी देव स्वरूपों को सजाये गए रथों पर विराजित कर अन्य भव्य झांकियां के साथ बैंड बाजे के साथ बारात ने प्रस्थान किया। श्रीराम बारात पोटर गंज के पूर्वी गेट से नई बस्ती, बहादुर गंज, कुंवर गंज, सराफा बाजार, मुख्य चैराहा बिरियागंज से मोहल्ला निजाम गंज, दातागंज, से ईदगाह मौजमपुर से निजामगंज, अग्रवाल सभा, बारह पत्थर से बिरियागंज चैकी से अंबेडकर पार्क से ब्लॉक रोड होती हुई कोतवाली के सामने होकर कुम्हारों वाली पुलिया से आईटीआई से नई बस्ती होकर पश्चिमी गेट से रात एक बजे मेला स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। बारात में भगवान गणपति के आगे काली अखाड़ा, श्री राधाकृष्ण , गंगा मैया, महारास, शंकर पार्वती, मां वैष्णों, बाबा बर्फानी व राम दरबार की भव्य झांकियों ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। बारात के बीच बीच में प्रसिद्ध बैंड बाजे भक्ति मय संगीत भजन के जरिये वातावरण को गुंजायमान करते चल रहे थे। इस दौरा कमेटी अध्यक्ष नीरज गुप्ता, महामंत्री पंकज गुप्ता, मेला प्रभारी सौरभ गुप्ता रवि अन्य पदाधिकारियों के साथ बारात का नेतृत्व करते चल रहे थे। इस दौरान सीओ विदुष सक्सेना व कोतवाल प्रभाष चंद्र भारी पुलिस बल के साथ निगरानी करते नजर आए।

राष्ट्रवादी पत्रकारिता को संरक्षण देकर प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का काम करता है संघः सर्वेश

प्रेस क्लब में विचार गोष्ठी का आयोजन
संघ शताब्दी विशेषांक का हुआ विमोचन

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केवल राष्ट्र के प्रति समर्पित संगठन ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य की योजनाओं के तहत राष्ट्रवादी पत्रकारिता को संरक्षण देकर ऐसे पत्रकारों को आगे बढ़ाने का काम भी करता है, जो वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ संपूर्ण विश्व के कल्याण की कामना करते हैं। पत्रकारों की लेखनी राष्ट्रहित और समाज कल्याण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह विचार उत्तर प्रदेश समाचार सेवा न्यूज एजेंसी के तत्वावधान में प्रेस क्लब सभागार में आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता पांचजन्य के पूर्व ब्यूरो प्रमुख एवं उत्तर प्रदेश समाचार सेवा के वर्तमान संपादक सर्वेश कुमार सिंह ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि देश में अनेक मीडिया संस्थान कार्य कर रहे हैं, लेकिन राष्ट्रवादी पत्रकारिता को दिशा देने में पांचजन्य, तरुण भारत, हिंदुस्तान समाचार, ऑर्गेनाइजर और राष्ट्रधर्म जैसी पत्र-पत्रिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला बौद्धिक प्रमुख शिव शंकर त्रिपाठी ने कहा कि संघ केवल राष्ट्र का चिंतन ही नहीं करता, बल्कि राष्ट्र के सामने आने वाली समस्याओं के



समाधान के लिए भी सदैव तत्पर रहता है। इतिहास साक्षी है कि जब-जब देश के सामने चुनौतियां आईं, संघ ने उनका डटकर मुकाबला किया। जनता दल एस के प्रदेश अध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा कि देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में क्रांतिकारियों के साथ-साथ पत्रकारों की भी अहम भूमिका रही है। पत्रकारों ने अपनी लेखनी के माध्यम से राष्ट्र की एकता, अखंडता और सामाजिक चेतना को मजबूती प्रदान की है। विशिष्ट अतिथि डॉ. आनंद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर संगठनों का निर्माण किया। इन संगठनों ने देश में नई सोच, नई दिशा और नए विचारों को जन्म देते हुए समाज एवं राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य एवं विशिष्ट अतिथि अंशुमन सिंह मैसी ने संघ और उसके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज देश के प्रत्येक क्षेत्र में संघ के स्वयंसेवक अपनी राष्ट्रवादी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। इस अवसर पर संघ शताब्दी विशेषांक का विमोचन किया गया। अतिथियों को प्रतीक चिह्न एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत सरकार के संस्थान इफको लिमिटेड के वाइस चेयरमैन ठाकुर बलबीर सिंह ने की। संचालन डॉ. सुरेश चंद्र मिश्र ने किया, जबकि कार्यक्रम संयोजक संजीव कुमार गुप्त ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मोहम्मद इरफान, डॉ. विजय जौहरी सिंह, मोहम्मद आरिफ पत्रकार, सरदार शर्मा, सुरेश सिंह, सुयश सिन्हा, नरेश पांचाल, प्रेम शंकर गंगवार, बलराम शर्मा, अमरदीप रस्तोगी, राजीव मिश्रा, सुशील नारंग, संजीव मिश्रा, नगर निगम पार्षद राजेश गंगवार एवं आईटीआई के डिप्टी डायरेक्टर आकाश मैसी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

गुरुकुल महोत्सव में प्रथम दिवस हुई मत-मतांतरों पर चर्चा

तिलहर - शाहजहांपुर। श्री कन्या गुरुकुल रुद्रपुर के पंचम महोत्सव के प्रथम दिवस राष्ट्र रक्षा सम्मेलन के साथ ही विभिन्न मत-मतांतरों पर चर्चा की गई। रविवार को प्रयागराज से पहुंचे आर्य विद्वान राजेंद्र कपूर ने राष्ट्र रक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है आतंकवाद अलगावाद के साथ ही विदेशी ताकतें देश को तोड़ने



पर आमादा हैं ऐसे में हम सभी को एकजुट रहने की आवश्यकता है। आर्य समाज ने देश की आजादी में सर्वाधिक योगदान देकर देश आजाद कराया। वर्तमान समय में भी आर्य समाज राष्ट्र रक्षा के लिए संकल्पित है। श्री कपूर ने लोगों से एकजुट रहने की अपील करते हुए राष्ट्र को मजबूत करने का आवाहन किया। दोपहर हुए कार्यक्रम में विभिन्न मत मतांतरों पर विद्वानों ने चर्चा करते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर गुरुकुल संचालक अनुभव आर्य ने सभी विद्वानों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए धूम मचा दी। मुंबई से आए उत्पल वापी ने संगीत के माध्यम से भक्ति रस से सभी को भाव विभोर कर दिया। संचालक अनुभव आर्य ने बताया कि सोमवार को सम्मेलन के दौरान शास्त्रार्थ होगा जिसमें शंका समाधान किया जाएगा। गुरुकुल की प्रधानाचार्या अंजली आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

हंसते-खेलते परिवार की खुशियां लील गया तेज रफ्तार डंपर

हादसे में पत्नी, बहन व 2 साल के मासूम की मौत

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।

थाना मितौली क्षेत्र के शिवाला तिराहे के पास सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। तेज रफ्तार मौरंग लदे डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो महिलाओं और दो वर्षीय मासूम बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत से गांव में मातम पसरा है। हादसे के बाद परिजन हाथ पीट-पीटकर रोते रहे और बदहवास होकर कहते रहे कि अब उनका सबकुछ चला गया।

जानकारी के अनुसार, नीमगांव थाना क्षेत्र के बेहजम ब्लॉक अंतर्गत ओदराहिया गांव निवासी अरविंद (30) सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे अपनी पत्नी मोहिनी (24), दो वर्षीय बेटे अभ्यांश और बहन खुशबू (20) को एक ही बाइक पर बैठाकर सीतापुर जनपद के महोली थाना क्षेत्र स्थित मूड़ा गांव अपनी दूसरी बहन से मिलने जा रहे थे। परिवार के लोग घर से हंसी-खुशी निकले थे, लेकिन करीब 15 किलोमीटर का सफर तय



करने के बाद मितौली क्षेत्र के शिवाला तिराहे के पास उनकी बाइक हादसे का शिकार हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कस्ता की ओर से आ रहे तेज रफ्तार मौरंग लदे डंपर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोहिनी, खुशबू और मासूम अभ्यांश डंपर के पहियों की चपेट में आ गए। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अरविंद के दोनों पैर टूट गए और वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही मितौली पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। घायल अरविंद को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने तीनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना में शामिल डंपर को पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पत्नी, मासूम बेटे और बहन को खोने के गम में परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। हादसे की खबर से ओदराहिया गांव सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।घटनास्थल पर पहुंचे एआरटीओ शांतिभूषण पांडे ने भी दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने हादसे की जानकारी जुटाई। फिलहाल पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

राज्यपाल के जनपद भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों का डीएम ने किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



डीएम धर्मेन्द्र सिंह ने सोमवार को राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल के 3 नवंबर को प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत विभिन्न कार्यक्रम स्थलों एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डीएम ने स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम तथा राज्यपाल के आगमन एवं प्रस्थान से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही रिलायंस पावर प्लांट स्थित हेलीपैड एवं स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, साफ-सफाई, यातायात, पार्किंग, बैरिकेडिंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्यपाल के जनपद भ्रमण कार्यक्रम को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। कार्यक्रम स्थलों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के साथ ही संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण अधिकारियों को दिए गए निर्देश

समृद्धि न्यूज, परशुरामपुरी शाहजहांपुर।



जलालाबाद के नवीन मंडी परिसर स्थित सभी धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान केंद्रों पर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया और संबंधित अधिकारियों व केंद्र प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एएमओ मंडी सचिव, मंडी निरीक्षक और समस्त धान क्रय केंद्रों के प्रभारी मौजूद रहे। पारदर्शी और सुचारू खरीद केंद्र प्रभारियों को शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार ही पूरी पारदर्शिता के साथ धान खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। किसानों की सुविधा सर्वोपरि प्रशासन की प्राथमिकता है कि अन्नदाताओं को अपनी उपज बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और पूरी प्रक्रिया सुचारु रूप से चले। निरीक्षण के दौरान मंडी परिसर में मौजूद किसान भाइयों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया। मौके पर मौजूद अधिकारियों को किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए कड़े निर्देश दिए गए। तहसील जलालाबाद स्थित सभी धान क्रय केंद्र पूर्ण रूप से संचालित हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी किसान भाई-बहन को धान बेचने में कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। यदि किसी भी प्रकार की कठिनाई आती है, तो तत्काल संपर्क करें यूपी जिला अधिकारी मधुसूदन गुप्ता तहसील प्रशासन सदैव आपकी सेवा में तत्पर है।

ऑटो पलटने से महिला की मौत, सर धड़ से हुआ अलग

चार लोग हुए गंभीर घायल, अस्पताल में भर्ती

समृद्धि न्यूज़, कुर्रियां कलां शाहजहांपुर।





हरदोई के थाना पचदेवरा क्षेत्र के गांव धर्मपुर पुलिया के पास एक ऑटो पलट गया, जिसमें एक महिला की मौके पर ही मौत हो गयी, महिला का सिर धड से अलग हो गया। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और महिला के शव को पचदेवरा पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जनपद फरूखाबाद के मजरा निवासी अशोक की पत्नी रामदुलारी(52) ट्रैंप से शाहजहांपुर थाना कांट के गांव चैहनापुर निवासी अपने भाई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए टैंपू से जा रहीं थी। जिसमें अन्य सवारियां भी बैठी थी। वहां मौजूद लोगों के अनुसार धर्मपुर पुलिया के पास टैंपू पलट गया, जिससे महिला का सिर शरीर से अलग हो गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि बबलू के दोनों पैर टूट गए। इसके साथ ही तीन अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पचदेवरा पुलिस ने घायलों को सबसे पहले अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के परिजन रोते बिलखते हुए पीएम हाउस पहुंचे। घटना के दौरान भारी संख्या में लोग वहां एकत्र हो गए। लोगों का कहना है कि यहां पर कई हादसे हो चुके हैं। रोड काफी खराब होने के कारण एक माह के अंदर दर्जनों हादसे हो चुके हैं, लेकिन कोई ध्यान नही दे रहा है।

एक्सीडेंटल प्वाइंट बन गई धर्मपुर की पुलियाः सोमवार को एक महिला की दर्दनाक हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों का कहना है कि यहां पर आए दिन हादसे होते है। रोड़ इतना खराब हो चुका है कि आए दिन वाहन पलट जाते हैं, लेकिन कोई जिम्मेदार इस ओर ध्यान देने की जरूरत नही समझ रहा है। लोगों का कहना है कि एक माह के अंदर के यहां पर दर्जन भर से अधिक हादसे हो चुके हैं, लेकिन कोई ध्यान देने वाला नही है। जबकि किसी प्रभावशाली का नुकसान होगा, तभी जिम्मेदारों की आंखे खुलेंगी। जिससे वहां के लोगों के अंदर जिम्मेदार लोगों के प्रति रोष है।

खबरें एक नजर में

नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का आरोप

कलान, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही तीन युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, घटना 1 नवंबर की रात करीब आठ बजे की बताई जा रही है। आरोप है कि छात्रा घर से शौच के लिए बाहर गई थी। इसी दौरान गांव का विपिन उर्फ पन्नू अपने दो साथियों सुरजीत और सुखवीर के साथ वहां पहुंचा। आरोप है कि सुरजीत के हाथ में तमंचा और सुखवीर के पास राइफल थी। इसी दौरान विपिन ने छात्रा को पकड़कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर उसके चाचा मनोज मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि परिजनों के ललकारने पर तीनों युवक मौके से फरार हो गए। पीड़िता के पिता का आरोप है कि उन्होंने 1 नवंबर को ही थाना कलान में घटना की सूचना दी थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई और न ही उनकी पुत्री का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। इस संबंध में पीड़िता के पिता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी जलालाबाद से आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने तथा नाबालिग बेटी का मेडिकल परीक्षण कराए जाने की मांग की है।

नाबालिग किशोरी की पीड़ित भाई ने दर्ज कराई गुमशुदगी

तिलहर - शाहजहांपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी दो दिन पूर्व अपरान्ह में घर से गायब हो गई। पीड़ित भाई ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। पीड़ित भाई ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि एक नवम्बर की अपरान्ह करीब ढाई बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई । वह अपने साथ मोबाइल भी ले गई है। काफी समय तक घर वापस नहीं आने पर उसकी कई जगह तलाश की गई । उसका कोई सुराग न मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई ।

कुशवाहा ऑटो में हीरो उत्सव का हुआ शुभारंभ धनतेरस से पहले ग्राहकों का उमड़ा जनसैलाव

कल तक हीरो बाइक खरीदने वालों को मिलेगा चमचमाती दूसरी हीरो बाइक जीतने का मौका

मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र कुमार पांडेय ने किया हीरो उत्सव का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।



धनतेरस से पहले ही कुशवाहा ऑटो मिर्जापुर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। शनिवार को क्षेत्र के प्रतिष्ठित हीरो शोरूम कुशवाहा ऑटो में विशेष हीरो उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र कुमार पांडेय ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर शोरूम के स्वामी वीरेंद्रपाल सिंह सहित शोरूम के कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। 31 अक्टूबर से 4 नवंबर 2026 तक आयोजित हो रहे इस विशेष हीरो उत्सव में ग्राहकों को आकर्षक ऑफर्स के साथ मोटरसाइकिल जीतने का भी सुनहरा अवसर मिल रहा है। हीरो की नई मोटरसाइकिल और स्कूटर खरीदने वाले ग्राहकों के बीच भारी उत्साह का माहौल है। धनतेरस से पहले ही शोरूम पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ शोरूम पर पहुंचकर अपने पसंदीदा मॉडल देख रहे हैं। बुकिंग के साथ-साथ वाहनों की बिक्री और डिलीवरी में भी जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है।।इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र कुमार पांडेय ने हीरो उत्सव के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुशवाहा ऑटो की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। शोरूम स्वामी वीरेन्द्रपाल सिंह कुशवाहा व आशीष कुशवाहा ने मुख्य अतिथि पत्रकार शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय को फूल माला पहनाकर और स्टाफ ने फूल वर्षा कर स्वागत किया।

अदालती सूचना

ता. पेशी 17.12.2026 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू.डि. महोदय पुवायां, शाहजहांपुर

मुकदमा नंबर 12020 वर्ष 2026

हरीशचंद्र

बनाम

सुखदेव आदि

बनाम

1- सावित्री देवी व्यस्क पत्नी सुखदेव 2- सुखदेव व्यस्क पुत्र बाबूराम सर्वनि.ग्रा. इन्दलपुर पर. व तह. पुवायां, जिला शाहजहांपुर ...प्रतिवादीगण

हरगाह हरीशचंद्र वादी उक्त ने आपके नाम एकनालिश वावत दायर की है लिहाजा आपको हुकम होता है कि तारीख 17.12.2026 ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील मुकदमें की कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो जबाव दाखिल करे उसी रोज दस्तावेज पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वैगर हाजिरी मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत मोहर अदालत से तारीख 01.11.2026 में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार वाद लिपिक सिविल जज जू.डि. पुवायां, शाहजहांपुर।**

अदालती सूचना

ता. पेशी 24.12.2026 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू.डि. महोदय पुवायां, शाहजहांपुर

मुकदमा नंबर 38 वर्ष 2026

रामदेवी आदि

बनाम

जगदीश प्रसाद आदि

बनाम

1-जगदीश प्रसाद पुत्र सन्तन कथित पुत्र सेवा 2- सतीशचन्द्र पुत्र संतन कथित पुत्र सेवा सर्व नि.ग्रा. कुईया ज. किरतापुर पर. बडागांव तह. पुवायां जिला शाहजहांपुर ...प्रतिवादीगण

हरगाह रामदेवी वादिनी उक्त ने आपके नाम एकनालिश वावत दायर की है लिहाजा आपको हुकम होता है कि तारीख 24.12.2026 ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील मुकदमें की कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो जबाव दाखिल करे उसी रोज दस्तावेज पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वैगर हाजिरी मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत मोहर अदालत से तारीख 01.11.2026 में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार वाद लिपिक सिविल जज जू.डि. पुवायां, शाहजहांपुर।**

सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2020 जिसका अनुक्रमांक 0863348 के अंकपत्र व सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गए हैं। **दिव्यांशु सिंह पुत्र भानु प्रताप सिंह नि.ग्रा. सिकरहन थाना कांट, शाहजहांपुर।**

सूचना

आधार कार्ड में मेरा नाम भूलवश देवकी व जन्मतिथि 01.01.2000 दर्ज हो गयी, जोकि गलत है, जबकि मेरा वास्तविक नाम देवकी कश्यप व जन्मतिथि 21.07.2003 है। शैक्षिक दस्तावेजों में अन्य दस्तावेजों में भी यही नाम व जन्मतिथि दर्ज है। **देवकी कश्यप पुत्री वीरपाल कश्यप निवासी सिमरिया देदू खास पोस्ट मोहसमसपुर आनंदपुर तहसील दातागंज, जिला बदायूं।**

अदालती सूचना

ता. पेशी 07.12.2026 इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज जू.डि. तिलहर, शाहजहांपुर

मूलवाद संख्या 47 वर्ष 2026

पंखुड़ी अग्रवाल

बनाम

नीरज जैन आदि

बनाम

1- नीरज जैन पुत्र श्याम सुंदर 2- संजय जैन पुत्र श्याम सुंदर 3- मनोज जैन पुत्र श्याम सुंदर 4- अनुराग जैन पुत्र श्याम सुंदर 5- अनुभव जैन पुत्र अतुल जैन 6- रीतू जैन पत्नी अतुल जैन सर्वनि.गण मोहल्ला सदर कस्बा व पोस्ट खुदागंज तहसील तिलहर जिला शाहजहांपुर ...प्रतिवादीगण

अंतर्गत धारा विभाजन वाद एवं स्थायी निषेधाज्ञा भा.उ.द.अधि.सन् 1925ई.दरख्वास्त मुसम्मी पंखुड़ी अग्रवाल वादिनी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफलत हाय मुसम्मी मुतवफी भारतीय उत्तराधिकार अधि.सन् 1925ई.हरगाह मुसम्मी पंखुड़ी वादिनी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वतारीख 07.12.2026 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की निस्वत उजर हो तो स्वंय या वकील वतारीख 07.12.2026 पेश होकर उजर पेश करे दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा। आज वतारीख 02.11.2026 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम सिविल जज (जू.डि.) तिलहर जि. शाहजहांपुर।**

घरेलू कलह का खौफनाक अंत, पति ने गला दबाकर की पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना पसगवां क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत चौबियापुर के मजरा मुनफ्फरपुर में सोमवार की आधी रात को पारिवारिक विवाद ने एक बेहद दर्दनाक और खौफनाक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के बाद एक पति ने अपनी 45 वर्षीय पत्नी की गला दबाकर बेरहमी से हत्या कर दी। घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मुनफ्फरपुर निवासी हरिराम और उसकी पत्नी चंद्रकली (45) के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। सोमवार की रात करीब 12 बजे भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस शुरू हुई। ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन होने वाले इन झगड़ों के कारण उन्होंने इस आवाज को भी सामान्य घरेलू कलह समझा और किसी ने भी इस ओर विशेष ध्यान नहीं दिया।आरोप है कि वारदात के वक्त पति हरिराम अत्यधिक नशे की हालत में था। विवाद इतना बढ़ा कि गुस्से और नशे में चूर हरिराम ने अपनी पत्नी चंद्रकली का गला घोंट दिया, जिससे मौके पर ही उसकी तड़प-तड़प कर मौत हो गई। जब सुबह घटना की जानकारी हुई, तो परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव के लोग स्तब्ध रह गए।घटना की सूचना मिलते ही पसगवां थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतका के पुत्र जेंटर की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पिता हरिराम के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है। पसगवां कोतवाली निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया, मृतका के बेटे की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व विवेचना के आधार पर आगे की कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

चोरी का लोहा खरीदने वाला कबाड़ी गिरफ्तार, 1.78 कुंतल स्क्रैप बरामद

रोजा, शाहजहांपुर। रोजा पुलिस ने चोरी का लोहा खरीदने वाले एक कबाड़ी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.78 कुंतल चोरी का स्क्रैप लोहा बरामद किया है। पुलिस ने बरामद लोहे की पहचान वादी से कराने के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमे में संबंधित धारा की बढ़ोतरी करते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि थाना सदर बाजार क्षेत्र के तारीन टिकली निवासी दीपक शर्मा ने 23 अक्टूबर को थाने में तहरीर देकर बताया था कि हथौड़ा बुजुर्ग स्थित एसआर इंजीनियरिंग से हजारों रुपये का लोहा चोरी हो गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुमित पुत्र अशोक निवासी खंडेलवाल वाली गली



तथा अंकुर पुत्र ठाकुर और बाचू पुत्र जगदीश निवासी कैलाश नगर कॉलोनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही सुरागरसी में जुटी थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी का स्क्रैप लोहा खरीदने वाला व्यक्ति उसे बेचने के लिए दूसरी जगह ले जाने की तैयारी में है। सूचना पर पुलिस टीम मुकदमे के वादी दीपक शर्मा को साथ लेकर मोहम्मदी रोड से ग्राम बसुलिया जाने वाले मार्ग पर हड्डी मिल तिराहे के पास स्थित कबाड़ की दुकान पर पहुंची। पुलिस ने दुकान पर रखे लोहे की वादी से पहचान कराई। दीपक शर्मा ने उसे अपना चोरी हुआ माल बताया। इसके बाद पुलिस ने दुकान से छह कट्टों में रखा कुल 1.78 कुंतल स्क्रैप लोहा बरामद कर लिया। मौके से नदीम पुत्र शफी अहमद निवासी मोहल्ला कैलाश नगर कॉलोनी को सोमवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। गिरफ्तार आरोपी को नियमानुसार विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

सर्व साधारण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने मुवक्किल एस. के. फाइनेन्स कम्पनी लखीमपुर खीरी के निर्देश पर यह नोटिस दे रहा हूँ कि मेरे मुवक्किल का एक ग्राहक सोनेलाल पुत्र महावीर निवासी मुराउनपुरवा म. अदलीसपुर तहसील धौरहरा जिला लखीमपुर खीरी एक किता प्लाट क्षेत्रफल 168 वर्गमीटर स्थित मुराउनपुरवा म. अदलीसपुर तहसील धौरहरा जिला लखीमपुर खीरी। सोनेलाल पुत्र महावीर एस. के. फाइनेन्स कम्पनी लखीमपुर खीरी से लोन कराना चाहता है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित मास्टर डीड बैनामा दिनांक 13.07.2011 जिसकी कि रजिस्ट्री संख्या बही संख्या 1 जिल्द 2363 पृष्ठ संख्या 95 से 110 दस्तावेज संख्या 4669 जोकि सोनेलाल पुत्र महावीर के हक में शत्रोहन लाल पुत्र भगवान दीन ने निष्पादित किया था, जिसका दो पेज जिसमें पंजीयन नम्बर दर्ज है जोकि अन्य कागजों के साथ एक थैले में रखा था जो कि दिनाँक 31.10.2026 को अपने घर से मेन बाजार तहसील धौरहरा लखीमपुर खीरी जा रहा था रास्ते कहीं थैला गिर गया जो कि काफी तलाश करने पर भी नही मिला। उक्त की सूचना थाने में दे दी गयी। अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा बैंक या अन्य संस्थान को इसके बाबत कोई आपत्ति हो तो वह नीचे लिखे पते व मोबाइल नम्बर पर इस प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर सम्पर्क कर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय अवधि के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नही होगी। **सतेन्द्र पाल सिंह यादव एडवोकेट, डा. राजेन्द्र प्रसाद भवन चेम्बर नं. 5 जजी कचहरी शाहजहाँपुर। मो.नं.- 9621238632**

अवध संध्या में लोकसंस्कृति की बही अविरल धारा अवधी सुरों पर झूम उठा लखीमपुर दशहरा मेला

दीपिका मिश्रा एंड पार्टी व शतांशु की शानदार प्रस्तुतियों ने बांधा समां, समाजसेवियों, साहित्यकारों और व्यवसायियों का हुआ सम्मान

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।



भारतीय लोकसंस्कृति की मिठास, अवधी माटी की सोंधी महक और लोकसंगीत की मधुर स्वर लहरियों से सराबोर ऐतिहासिक लखीमपुर दशहरा मेला का दसवां दिन यादगार बन गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित अवध संध्या ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि पूरा वातावरण लोककला, परंपरा और सांस्कृतिक गौरव के रंगों में रंग गया। अवधी गीत-संगीत की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और अवध की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की अनुपम छटा बिखेर दी। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी संजय कुमार तथा विशिष्ट अतिथियों दीपक पुरी और आलोक मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। दीपों की पावन आभा के बीच आरंभ हुई इस सांस्कृतिक संध्या ने लोकपरंपराओं के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया। उद्घाटन सत्र का कुशल संचालन समाजसेवी एवं साहित्यकार राममोहन गुप्त अमर ने किया। इसके उपरांत अवधी लोकगायिका दीपिका मिश्रा एंड पार्टी तथा शतांशु ने अपनी शानदार सांगीतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। लोकगीतों की मधुरता और सुरों की मनमोहक संगत ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।अवध संध्या का आकर्षण केवल लोकसंगीत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज के लिए समर्पित व्यक्तित्वों के सम्मान ने भी आयोजन को गरिमा प्रदान की। उद्घाटन सत्र में नगर पालिका परिषद की ओर से समाजसेवा, साहित्य और व्यवसाय के क्षेत्र में योगदान देने वाले संजय गुप्ता, उमेश शुक्ला, हुकुम अग्रवाल, सीमा गुप्ता, रमेश गुप्ता, पवन शर्मा, डॉ. रघुनंदन झा, जितेंद्र वर्मा, पंकज वर्मा, रमेश मिश्रा, मधुर बाजपेई, पुत्तन मिश्रा और रोहित बरनवाल सहित विभिन्न विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी व नगर कीर्तन को लेकर सिख समुदाय में भारी आक्रोश, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



लखीमपुर खीरी। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पवित्र अंगों के अनादर (बेअदबी) और एक आगामी नगर कीर्तन को लेकर सिख समुदाय में भारी रोष व्याप्त है। इस संवेदनशील मामले को लेकर संयुक्त जिला खीरी सिख सभा समिति यू.पी. ने कड़ा रुख अपनाया है। समिति के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला अधिकारी खीरी को सौंपकर आरोपियों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई की मांग की है। निर्मल आश्रम में हुई थी बेअदबी की घटनासमिति द्वारा प्रशासन को सौंपे गए पत्र के अनुसार, बीते 8 अक्टूबर 2026 को लखीमपुर खीरी स्थित गुरुद्वारा श्री निर्मल आश्रम में सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अंगों का निरादर किया गया था। इस घटना के बाद से ही जिले और आसपास के सिख समाज में गहरा असंतोष और गुस्सा है।सिख समुदाय का आरोप है कि इस घटना के बीच महंत लक्ष्मण दास द्वारा आगामी 22 नवंबर 2026 को निर्मल आश्रम से शहर में एक नगर कीर्तन निकालने संबंधी पोस्टर जारी किया गया है। समिति का कहना है कि इस एकतरफा और विवादास्पद पोस्टर के कारण क्षेत्र का माहौल तनावपूर्ण हो रहा है और किसी भी वक्त अप्रिय स्थिति पैदा हो सकती है।

लोकतंत्र बचाने के लिए जनता की ऐतिहासिक पहल

मोदी हटाओ देश बचाओ। ज्ञानेश कुमार को सजा होगी। उसके बाद मोदी-शाह पर भी कानूनी कार्रवाई होगी। रामलीला मैदान बना हल्दीघाटी का मैदान। आज शकुनी अपना खेल खेल रहे हैं तो हमें कुरुक्षेत्र में उतरना पड़ रहा है। मुसलमानों ने इस देश के लिए खून दिया है, अभी भी दे रहे हैं और आगे भी देंगे, हमें पाकिस्तानी कहना बंद करना होगा। जिन्होंने राम मंदिर में चोरी की, वो वोट चोरी करके सरकार बना रहे हैं।

ये तमाम पंक्तियां इंडिया ब्लॉक के अलग-अलग नेताओं के भाषण से ली गई है। सभी को मिलाकर पढ़ें तो लगेगा कि एक ही व्यक्ति ने वोट चोरी और भाजपा की लोकतंत्र खत्म करने की साजिश के खिलाफ कहा है, लेकिन हकीकत यही है कि कम से कम 10 अलग-अलग दलों के नेताओं के ये विचार हैं, जो एक जैसे लग रहे हैं। और यही मजबूत विपक्ष का मोदी सरकार के लिए बड़ा संदेश है। रविवार एक नवंबर को ये संदेश दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई ऐतिहासिक महारैली से निकला है। इस रैली को हर तरह से ऐतिहासिक कहा जा सकता है, क्योंकि भाजपा की तमाम कोशिशों के बावजूद कम से कम 10 लाख लोग देश के अलग-अलग हिस्सों से इस रैली में शिरकत करने के लिए पहुंचे। दो दिन से दिल्ली का मौसम भी बिगड़ा हुआ था। तेज बारिश के कारण मैदान में कीचड़ और पानी भर चुका था। लेकिन कांग्रेस सेवा दल के लोगों ने गजब जज्बा दिखाते हुए इस कीचड़ को हटाने का काम किया। भाजपा ने व्यापारियों को भी आगे कर के पहले राहुल गांधी और फिर सोनिया गांधी को संदेश भिजवाया कि दीपावली पर व्यापार का नुकसान न होने दें। लेकिन राहुल गांधी ने शनिवार रात ही अपील की कि जो लोग रैली में शामिल होने आ रहे हैं, वे थोड़ी खरीदारी करके लौटें ताकि व्यापारियों का फायदा हो। राहुल की इस अपील से डरी भाजपा ने रैली से कुछ समय पहले ही कनॉट प्लेस की दुकानों को जबरन बंद करवा दिया। इसके अलावा भाजपा ने एक नवंबर को 1984 के सिख दंगों की याद दिलाते हुए कांग्रेस को घेरने के लिए अपने नेताओं से वक्तव्य दिलवाए। खुद गृहमंत्री अमित शाह ने पंजाब की अपनी सभा में कांग्रेस को सिख विरोधी दंगों के लिए घेरा। लेकिन ऐसा करते हुए भाजपा भूल गई कि 2005 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 11 अगस्त को संसद (राज्यसभा) में सिख दंगों के लिए औपचारिक रूप से माफी मांगी थी। इस के ठीक एक दिन बाद, 12 अगस्त 2005 को उन्होंने लोकसभा में भी इस बयान को दोहराया था। संसद में नानावती आयोग की रिपोर्ट पर हो रही बहस के दौरान उन्होंने अपने ऐतिहासिक भाषण में कहा था- श्मुझे सिख समुदाय से माफी मांगने में कोई संकोच नहीं है। मैं न केवल सिख समुदाय से, बल्कि पूरे भारतीय राष्ट्र से माफी मांगता हूं, क्योंकि 1984 में जो कुछ भी हुआ वह हमारे संविधान में निहित राष्ट्रवाद की अवधारणा के खिलाफ था। श्राहुल गांधी ने भी इन दंगों के लिए कई बार माफी मांगी थी। हाल ही में पिछले साल मई में अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान जब एक सिख छात्र ने उनसे सिख विरोधी दंगों पर सवाल पूछा, तो राहुल गांधी ने कहा-जब कांग्रेस से कई गलतियां हुई, तब मैं राजनीति में नहीं था, लेकिन कांग्रेस पार्टी द्वारा जो कुछ भी गलत किया गया, मैं उस की जिम्मेदारी लेता हूं। तो भाजपा जो अब दंगों के नाम पर कांग्रेस को घेरने की कोशिश कर रही है, वो भी नाकाम हो गई। वैसे भी रामलीला मैदान की महारैली अकेले कांग्रेस की नहीं थी, इंडिया ब्लॉक और कई सामाजिक व छात्र संगठनों की मिली-जुली अभिव्यक्ति थी, जिसका निचोड़ यही था कि एसआईआर को हर हाल में रोका जाए। ज्ञानेश कुमार तत्काल मुख्य चुनाव आयुक्त के पद से इस्तीफा दें और जितने भी गलत और आपराधिक काम उनसे हुए हैं, उनके लिए कानूनी कार्रवाई का सामना करें। सबसे बड़ा संदेश नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के लिए था कि वोट चोरी करके सत्ता पर बने रहने का यह खेल अब जनता और नहीं होने देगी। जितनी बड़ी संख्या में लोग दिल्ली की इस रैली में जुटे थे, वह अकल्पनीय और अप्रत्याशित थी। इसलिए क्योंकि हाल ही में जितने विरोध प्रदर्शन दिल्ली में हुए, उनमें शामिल लोगों को दिल्ली पुलिस की ज्यादतियों का सामना करना पड़ा। अदालतों के चक्कर लगवाने पड़े। शारीरिक और मानसिक प्रताड़नाओं से आम लोगों को गुजरना पड़ा। ऐसे में लोगों के मन में डर बैठ जाता है और वे अपने हक के लिए आवाज नहीं उठाते। भाजपा को यही खुशफहमी थी कि लोग डर के मारे ही रैली में नहीं आएंगे। लेकिन लोगों ने डर को नकारते हुए अपने वोट के अधिकार को बचाने के लिए जोरदार आवाज उठाई। यह सब वक्त और निजाम के बदलने के संकेत हैं। रविवार की रैली से पहले शनिवार को भी वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठी थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सरकारी आवास के बगीचे में मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया था, जिसमें विपक्ष के तमाम नेता और नागरिक संगठनों के लोग सांसदों की तरह बैठे। इस संसद की अध्यक्षता लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार ने की। जिस तरह से पूरा सत्र संचालित हुआ, उसे देखकर लोगों को वही पुराने अच्छे दिन याद आए, जब कांग्रेस सत्ता में थी और संसद सत्र गरिमा के साथ संचालित होते थे। बहरहाल, इस मॉक यानी कृत्रिम संसद में भी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव पारित हुआ। भाजपा ने इसमें भी कांग्रेस को दोषी ठहराने के लिए कहा कि वह संसद का मजाक बना रही है, मॉक पार्लियामेंट आयोजित कर रही है। लेकिन भाजपा को शब्दकोष पढ़ना चाहिए क्योंकि मॉक का मतलब क्रिया रूप में मजाक उड़ाना होता है, लेकिन विशेषण के तौर पर इसे बनावटी या कृत्रिम के अर्थ में देखा जाता है। जैसे मॉक टेस्ट या मॉक ड्रिल होती है, वैसे ही मॉक पार्लियामेंट भी होती है। राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि हमें मजबूरन एक बगीचे में यह संसद लगानी पड़ी क्योंकि बाकी सारे दरवाजे बंद हो गए। तो फ्रांसीसी क्रांति के पहले का वह वाकया याद आ गया जब लुई सोलहवें ने संसद के दरवाजे आम जनता के प्रतिनिधियों के लिए बंद करवा दिए थे, तो उन्होंने वहीं टेनिस कोर्ट में 20 जून 1789 को इकट्ठा होकर शपथ ली थी कि जब तक फ्रांस का नया संविधान तैयार नहीं हो जाता और देश में एक संवैधानिक व्यवस्था लागू नहीं हो जाती, तब तक यह सभा भंग नहीं होगी और वे सब एक साथ डटे रहेंगे।

पुरानी फिल्मों का आकर्षण तब भी और अब भी



आयुषी दवे

भारतीय फिल्मों ने महज 115 वर्षों में कई दौर देखे। टॉकीजों में हाउस फुल से लेकर ब्लैक में टिकट का भी मजेदार जमाना था। धीरे-धीरे तकनीक ने इस इंडस्ट्री को नया ठौर दिया। एक समय थ्री डी फिल्मों का भी जबरदस्त क्रेज रहा, लेकिन लोगों, खासकर भारत की बात करें तो पुरानी फिल्में और पुराने गीत ही लोगों की जुबान पर हमेशा छाए रहे। चाहे सफर में लक्जरी कार में हों या ट्रेन में मोबाइल पर बज रहे गीत ज्यादातर पुराने और 60 से 90 दशक के बीच के ही बजते सुनाई देते हैं। तमाम बदलाव एवं चुनौतियों के बाद धमाकेदार शुरुआत के बावजूद नए दौर के गानों ने वो मुकाम कभी हासिल ही नहीं किया जो कि पुराने गानों का अब तक बना हुआ है। कमोबेश अब ऐसा ही ट्रेन्ड पुरानी फिल्मों को लेकर लौट रहा है। भले ही तकनीक ने बहुत बड़ा बदलाव किया और फिल्मों को एक से एक आइडिया दिए लेकिन बावजूद तमाम फैन्टेसी, थ्रिल, मिक्सिंग, वीडियो एडिटिंग, एनीमेशन के पुरानी और सीधी सपाट शूटिंग से बनी फिल्मों का आकर्षण कमा जरूर लेकिन घटा नहीं। इस बीच कम से चार-पांच पीढ़ियों का अंतर भी आया। तीन घंटे की जगह 2 घंटे की फिल्में बनने लगीं, ब्लैक एंड व्हाइट से कलर फिल्में बनीं और सिनेमाघरों के साथ-साथ मल्टीफ्लेक्स, ओटीटी तथा होम थियेटर का भी चलन शुरू हो गया। नई पीढ़ी का फिल्मों उसमें विशेषकर गीत-संगीत के प्रति बदलता नजरिया और जायका भी दिखा। पश्चिमीकरण के प्रभावों में आकर न केवल भारत बल्कि दुनिया भर में तमाम संगीत, संस्कृतियां इससे प्रभावित हुईं और मूल स्वरूप तक को खो दिया। जैज, रॉक एंड रोल और कंट्री-वेस्टर्न ने धमाल मचाना शुरू किया। भारतीय संगीत परंपरा ने वो दौर भी देखा जब तेज और विदेशी वाद्य यंत्रों के साथ मिक्स संगीत कल्चर ने खूब हल्ला मचाया।

बीच-बीच में फूहड़पन का भी एक दौर चला। तब भी पुराने गानों की लोकप्रियता में कमीं नहीं आई। रेडियो सीलोन जो बाद में श्री ब्रॉडकास्टिंग कार्पोरेशन के नाम से प्रसारण करने लगा से प्रसारित बिनाका गीत माला ने तो धूम ही मचा दी।



यह शो 1952 से 1988 तक रेडियो सीलोन पर हर बुधवार को प्रसारित हुआ। इसने भी भारतीय गीतों को बड़ी उंचाई दी। लोग इतने दीवाने थे कि सारा काम निपटा कागज, पेन ले गीतों की ग्रेडिंग के लिए बैठ जाते। हालांकि, बाद में 1989 से 1994 तक इसे विविध भारती से प्रसारित किया लेकिन तब तक टेलीविजन का युग भारत में आ चुका था और इस कार्यक्रम की लोकप्रियता घटती गई। बावजूद इसके सरकारी नियंत्रण के शुरुआती चैनल दूरदर्शन पर भी भारतीय फिल्मों के गीतों के कई कार्यक्रम चित्रहार और अलग-अलग नामों से आए और खासे लोकप्रिय हुए। इनमें भी पुराने गीतों का जलवा रहा, लेकिन 1970 के दौर से ही पश्चिमी संगीत का प्रभाव दिखने लगा। नई पीढ़ी धीरे-धीरे इसकी गिरफ्त में आने लगी। टेप रिकॉर्डर के आते ही फिर नए-पुराने गीतों की अघोषित प्रतिस्पर्धा भी काफी दिखी। शादी-विवाह में भी यह सब दिखा। लेकिन पिछले एक-डेढ़ दशक से एक बार फिर न केवल पुराने गीत-संगीत वापस सुनाई देने लगे हैं बल्कि रिमिक्स के नाम पर उसका सम्मिश्रण अलग ही तरह की अनुभूति देने लगा।

गत तीन मई 1913 को भारतीय सिनेमा की पहली फीचर फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' प्रदर्शित हुई जो बिना आवाज की फिल्म थी।

इसका निर्माण भारतीय सिनेमा के पितामह दादा साहेब फाल्के ने किया था। तब से अब तक बॉलीवुड का सफर हमेशा ऊंचाइयों को ही छूता रहा। इस बीच दक्षिण, पंजाब, भोजपुरी सहित तमाम क्षेत्रीय भाषाओं में भी फिल्मों का भी जबरदस्त दौर आया जो अब भी जारी है। यदि पूरे भारत की बात करें तो फिल्म और संगीत में अब भी पुराने गीत-संगीत का धमक और जादू जस का तस है, लेकिन लोगों का पुरानी फिल्मों के प्रति बदलता नजरिया और आकर्षण भले ही नई तकनीक ओटीटी और इण्टरनेट के जरिए होम थियेटर के प्रभाव बढ़ा लेकिन यह सच है कि परंतु पुरानी फिल्मों का क्रेज धीरे-धीरे अपनी रफ्तार पकड़ रहा है। मदर इंडिया, उपकार, पूरब-पश्चिम, गुड्डी, हाथी मेरे साथी, आनन्द, गाइड, दीवार, कटी पतंग, हरे रामा हरे कृष्णा, लैला-मजनू, मुगल-ए-आजम, शोले, बॉबी जैसी ढेरों फिल्मों ने तबकी युवा और अबकी बूढ़ी हो चुकी पीढ़ी पर अमिट छाप छोड़ी। हां, नई तकनीक उसमें भी खासकर इंटरनेट के प्रभाव से कुछ वर्षों तक ये फिर से बॉक्स में बंद जैसी स्थिति में जरूर थीं, लेकिन सुकून की बात है कि एक बार फिर पुरानी और संदेश देती लोकप्रिय फिल्मों का दौर लौट रहा है। इसके पीछे लोगों का भावनात्मक जुड़ाव और दमदार स्क्रिप्ट है। कहानियां सच के धरातल पर दिखती हैं। शायद यही वजह है कि पुरानी फिल्में थियेटर से लेकर मल्टीफ्लेक्स पर फिर अपना जलवा बिखेरने को तैयार हैं। निश्चित रूप से भारतीय परिवेश, संस्कार, रीति-रिवाज वो चाहे देश के पूरब से पश्चिम हो या उत्तर से दक्षिण लोग वापस जुड़ रहे हैं और जानना-समझना चाहते हैं जो बेहद सुकून की बात है। नई पीढ़ी का पुरानी भारतीय फिल्मों के प्रति लगाव-झुकाव बेहद सुखद संदेश है।

दस दिन में चार चुनाव, तानाशाही को आखिरकार मिल रहा है जवाब

नित्य चक्रवर्ती

इस साल 25 अक्टूबर से 3 नवंबर के बीच सिर्फ दस दिनों में, चार राष्ट्रीय चुनाव तय थे। इनमें से, ब्राजील और सर्बिया में 25 अक्टूबर को और इजराइल में 27 अक्टूबर को चुनाव हुए। सिर्फ 3 नवंबर को, संयुक्त राज्य अमेरिका में मध्यावधि चुनाव होंगे। सत्तारूढ़ रिपब्लिकन और विपक्षी डेमोक्रेट के बीच कड़वाहट से भरा चुनाव अभियान अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच गया है, जिसमें सभी जनमत सर्वेक्षणों में डेमोक्रेट पार्टी को बढ़त मिली है। अब तक आये तीनों चुनाव नतीजों में तानाशाही के खिलाफ एक पक्का संदेश है। ब्राजील में, रविवार रात को चुनाव के घोषित अंतिम नतीजे, लैटिन अमेरिका की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को अमेरिका का उपनिवेश बनाने के इरादे वाले घोर दक्षिणपंथी उम्मीदवार फ्ल्वियो बोल्सोनारो के कदमों के खिलाफ ब्राजील के लोगों की प्रभुसत्ता की पुष्टि थे। ब्राजील के मतदाताओं ने उनकी योजना को पूरी तरह से नाकाम कर दिया और वाम गठबंधन के उम्मीदवार लूला को अगले चार साल के लिए सत्ता सौंप दी, जिससे वे चौथी बार राष्ट्रपति बन गए। फ्लेवियो बोल्सोनारो ने अब अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ अमेरिका में शरण ले ली है। उन्होंने अभी तक हार नहीं मानी है, लेकिन जेल में बंद उनके पिता पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो से फर्क यह था कि सीनियर बोल्सोनारो 2022 के राष्ट्रपति चुनावों में अपनी हार के बाद भी ब्राजील में ही रहे और विद्रोह करने की कोशिश की। वे नाकाम रहे और सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें देशद्रोह के लिए 27 साल की जेल की सजा सुनाई। फ्लेवियो बोल्सोनारो के अमेरिका में बसने का तुरंत नतीजा ब्राजील के अति दक्षिणपंथी शाखा में निराशा है। अब कोई भी असरदार अति दक्षिणपंथी नेता नहीं है जो राष्ट्रपति लूला का मुकाबला कर सके। अति दक्षिणपंथी शाखा ने पहले चक्र में अच्छा प्रदर्शन किया और हाउस ऑफ डेप्युटीज में बहुमत और सीनेट में दो-तिहाई सीटें हासिल की। दोनों सदनों में बोल्सोनारो परिवार के बहुत सारे चुने हुए सदस्य हैं। लेकिन ब्राजील में अति दक्षिणपंथी शाखा का नेतृत्व संभालने के लिए किसी को भी काबिल नहीं माना जा रहा है। ब्राजील में सत्तारूढ़ गठबंधन अब जोश में है और काफी सक्रियता दिखा रहा है क्योंकि दो दूसरी दक्षिणपंथी पार्टियां, जिन्होंने चुनावों में बोल्सोनारो को समर्थन दिया था, फ्लेवियो के अमेरिका से ब्राजील की राजनीति चलाने के फैसले से दूरी बना रही हैं। अभी तक, ब्राजील में अति दक्षिणपंथी निराश हैं। अब यह राष्ट्रपति लूला और वाम गठबंधन पर निर्भर करेगा कि सरकार आम लोगों के लिए अपने प्रस्तावित कार्यक्रम को कैसे लागू करती है और राष्ट्रीय राजनीति में अति दक्षिणपंथियों को और अलग-थलग कैसे करती है। ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम ने अर्जेंटीना, चिली, कोलंबिया, इक्वाडोर जैसे दूसरे देशों में वाम को तानाशाह ट्रंप समर्थक सरकारों के खिलाफ अपने संघर्ष को तेज करने के लिए नयी ऊर्जा दी है। जहां तक यूरोप के एक छोटे से देश सर्बिया का सवाल है, जो पहले के यूगोस्लाविया के बंटवारे से बना है, रविवार के राष्ट्रीय चुनाव के परिणाम जैसे आये वैसे पहले कभी नहीं हुए थे। विरोध करने वाले स्टूडेंट और युवा जो 14 साल पुराने एलेक्जेंडर वुसिक सरकार से लड़ रहे थे, ने स्टूडेंट स्ट्रीट पार्टी के बैनर तले एक साथ आकर 250 सदस्यों वाली संसद में 140 सीटें जीत कर वुसिक सरकार को आसानी से हरा दिया। यह ग्रुप असल में ऐसी जीत और सरकार बनाने के लिए तैयार नहीं था। इसलिए एक नेता के साथ एक कोर टीम बनाने के लिए बातचीत चल रही है। सर्बिया के विरोध प्रदर्शन और आखिरकार सत्ता पर कब्जा करने में नेपाल और बांग्लादेश के घटनाक्रमों से मिलती-जुलती बातें हैं, लेकिन फर्क यह है कि सर्बिया के स्टूडेंट और युवाओं ने वुसिक सरकार को नहीं गिराया, उन्होंने प्रोटेस्ट मीटिंग कीं, लेकिन उन्हें हटाने के लिए राष्ट्रीय चुनाव का इंतजार किया। स्टूडेंट स्ट्रीट पिछले 14 सालों में वुसिक शासन के तानाशाही रवैए को खत्म करके देश को असली लोकतंत्र में बदलने के लिए 11सूत्री योजना पर काम कर रहा है। नए युवा नेता कह रहे हैं कि वे लोकतांत्रिक अधिकारों और संस्थानों के काम करने को पारदर्शी तरीके से पक्का करेंगे। जैसा कि एक लीडर ने समझाया कि पहला काम देश का सामाजिक और मनोवैज्ञानिक विषमुक्तिकरण होना चाहिए। सर्बियाई चुनाव में छात्र आन्दोलन की सफलता का असर फ्रांस, इटली, स्पेन और यहां तक कि पुर्तगाल सहित दूसरे देशों में चल रहे विरोध आन्दोलनों पर भी पड़ा है। फ्रांस में, छात्र आन्दोलन छह हफ्ते से ज्यादा समय से जारी हैं। मैक्रो सरकार ने अभी भी विरोध कर रहे छात्र नेताओं के साथ समझौते के लिए बातचीत नहीं की है। बल्कि सुरक्षा के उपाय और बढ़ा दिए गए हैं। फ्रांस में राष्ट्रपति चुनाव मई 2027 में होने हैं। मैरी ले पेन की घोर दक्षिणपंथी पार्टी और वाम पार्टी, दोनों ही आने वाले चुनावों के लिए विरोध प्रदर्शनों का राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर रही हैं। यह अभी भी साफ नहीं है कि फ्रांस में चल रहे छात्रों के विरोध प्रदर्शनों से सबसे ज्यादा फायदा किसे मिलेगा। इजरायल में, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू मुश्किल में हैं क्योंकि सरकार बनाने के लिए जरूरी 61 सीटों के मुकाबले उनके पास 53 सीटें हैं, इसलिए वह किसी भी तरह से अपनी सरकार बनाने की स्थिति में नहीं हैं। उनके विरोधी आइजेनकोट को 48 सीटें मिली हैं, लेकिन अरब पार्टियों के बीच उनकी ज्यादा स्वीकार्यता है, जिन्हें कुल मिलाकर 19 सीटें मिली हैं और वे गठबंधन सरकार बनाने के लिए फैघ्सला लेने वाले के तौर पर उभरे हैं। आखिर में जो भी सरकार बनेगी, उसके लिए उन्हें अरब पार्टियों पर निर्भर रहना पड़ेगा। इसका मतलब यह होगा कि फिलिस्तीनियों को लेकर इजरायल की मौजूदा नीति में काफी बदलाव करना होगा। नेतन्याहू के कार्यकाल के दौरान उनके तानाशाही रवैये को भी कम करना होगा। राष्ट्रपति ट्रम्प को भी अपनी इजरायल नीति के अनिश्चित भविष्य के लिए तैयार रहना होगा।



अंत में, 3 नवंबर को अमेरिका में मध्यावधि चुनाव होने हैं। ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी के गढ़ों में प्रचार कर रहे हैं, जहां डेमोक्रेट पार्टी के पक्ष में आए हालिया उछाल से उन्हें चुनौती मिल रही है। ट्रम्प की लोकप्रियता अंक गिरकर लगभग 30 प्रतिशत पर आ गई है। ज्यादातर जनमत सर्वेक्षणों में श्हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स्य (प्रतिनिधि सभा) में डेमोक्रेट को बहुमत मिलने का अनुमान है, जबकि सीनेट की सीटों के लिए कड़ा मुकाबला है, जिसमें डेमोक्रेट को थोड़ी बढ़त मिलती दिख रही है। सीनेट में बहुमत हासिल करने के लिए डेमोक्रेट्स को केवल चार और सीटों की जरूरत है। भले ही मध्यावधि चुनाव में ट्रम्प की पार्टी हार जाए, लेकिन ट्रम्प को कोई खतरा नहीं है, क्योंकि राष्ट्रपति के तौर पर उनके पास पर्याप्त वीटो शक्तियां हैं। हालांकि, अपने कार्यकाल के अगले दो वर्षों में उन्हें घरेलू मुद्दों पर ज्यादा ध्यान देना होगा और ऐसे कदम उठाने होंगे जिससे रिपब्लिकन पार्टी 2028 के राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए बेहतर स्थिति में आ सके। मध्यावधि चुनाव में हार से निश्चित रूप से ट्रम्प के तानाशाही रवैये पर लगाम लगेगी।

भारत में मार्क्सवादी विचारधारा के 100 वर्ष : घोषित आदर्श, वास्तविक योगदान और परिणाम

कैलाश चन्द्र

भारत में मार्क्सवादी विचारधारा का आगमन बीसवीं शताब्दी के आरंभिक दशकों में हुआ। सोवियत क्रांति के प्रभाव और कम्युनिस्ट इंटरनेशनल की प्रेरणा से देश में कम्युनिस्ट पार्टी का गठन हुआ। इसके बाद श्रमिक संगठनों, किसान आंदोलनों तथा बौद्धिक हलकों में इस विचारधारा का विस्तार हुआ। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कुछ धाराएं साम्राज्यवाद विरोधी संघर्ष से जुड़ीं। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इस विचारधारा से जुड़े संगठनों ने ट्रेड यूनियन गतिविधियों, भूमि सुधार की मांगों तथा चुनावी राजनीति में भूमिका निभाई।

इसके साथ ही केरल, पश्चिम बंगाल तथा त्रिपुरा जैसे राज्यों में शासन की जिम्मेदारी भी संभाली गई। इन लगभग सौ वर्षों में घोषित आदर्शों तथा वास्तविक सामाजिक-आर्थिक परिणामों के बीच संबंध की जांच आवश्यक हो जाती है। मार्क्सवादी विचारधारा का घोषित उद्देश्य वर्गीय शोषण का समापन, आर्थिक असमानता में कमी, श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा तथा उत्पादन के साधनों पर समाज का नियंत्रण स्थापित करना रहा है। श्रमिकों को शोषण से मुक्ति, किसानों को भूमि पर अधिकार तथा शोषित वर्गों को समान अवसर प्रदान करने के नारे बार-बार दोहराए गए। देखा जाए तो किसी भी विचारधारा का मूल्यांकन उसके आदर्शों तथा नारों से होता है। उसके साथ-साथ उसके संगठनों, आंदोलनों तथा शासन द्वारा समाज को दिए गए स्थायी परिणामों की जांच भी अनिवार्य है। स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार सृजन, उद्यमिता, सहकारिता तथा सामाजिक सेवा के क्षेत्रों में स्थापित संस्थानों तथा उनके दीर्घकालीन प्रभाव को केंद्र में रखना उचित है, किंतु भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन की कुछ धाराएं सशस्त्र हिंसा तथा राज्य के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष का मार्ग अपनाती रही हैं। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अनुसार भाकपा (माओवादी) सशस्त्र विद्रोह के माध्यम से सत्ता प्राप्त करने की विचारधारा रखती है। यह संगठन गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के अंतर्गत आतंकवादी संगठनों की सूची में शामिल है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2004 से 30 नवंबर 2025 तक वामपंथी उग्रवाद से जुड़ी हिंसा में 8,956 लोगों की मृत्यु हुई। यह संख्या उन समुदायों से जुड़ी है जिनकी मुक्ति का दावा इस विचारधारा द्वारा किया जाता है। जनजातीय क्षेत्रों में विकास कार्यों की बाधा, स्कूलों तथा स्वास्थ्य केंद्रों पर हमले तथा सामान्य जनजीवन में अस्थिरता इस हिंसा के परिणाम रहे हैं। लोकतांत्रिक तरीकों से श्रमिक अधिकारों के लिए संघर्ष तथा सशस्त्र हिंसा के बीच अंतर स्पष्ट रूप से रेखांकित किया जाना चाहिए। एक ओर वैध ट्रेड यूनियन गतिविधियां तथा सामूहिक सौदेबाजी का स्थान है, दूसरी ओर राज्य व्यवस्था को हिंसक ढंग से समाप्त करने का प्रयास है। श्रमिकों के अधिकारों के लिए संगठित आंदोलन अपने आप में एक सामाजिक प्रक्रिया है। औद्योगिक संबंधों में लंबे टकराव, अनिश्चितता तथा बार-बार की बाधाएं निवेश के प्रवाह तथा नए रोजगार के अवसरों को प्रभावित करती हैं। किसी उद्योग के बंद होने के कारणों में श्रम नीतियां, बाजार की परिस्थितियां, तकनीकी परिवर्तन, प्रबंधन के निर्णय तथा सरकारी नीतियों की भूमिका होती है। इन सभी कारकों का अध्ययन आवश्यक है। नारेबाजी, धरने तथा प्रदर्शन देश के निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हैं जब वे श्रमिकों तथा समाज के जीवन में स्थायी सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं। आंदोलनों की सार्थकता उनके द्वारा उत्पन्न रोजगार, कौशल तथा आय में वृद्धि से तय होती है। आज जब भारत में कम्युनिस्ट तथा मार्क्सवादी संगठनों के सौ वर्षों के मूल्यांकन में उनके



आंदोलनों, चुनावी प्रभाव तथा वैचारिक संघर्षों के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता, सहकारिता तथा सामाजिक सेवा के क्षेत्रों में दिए गए स्थायी परिणामों को भी शामिल करना होगा, तब जो संगठन पीड़ितों, शोषितों, मजदूरों तथा वंचितों के विकास का दावा करता है, उससे कुछ सीधे प्रश्नों का उत्तर प्रमाणों के आधार पर अपेक्षित है। उसने यह जरूर पूछा जाना चाहिए कि कितने अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा जनसेवा संस्थान स्थापित किए जो दशकों तक चलते रहे। कितने विद्यालय, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र तथा कौशल विकास संस्थान बनाए गए जिनमें हजारों युवाओं को तकनीकी तथा व्यावसायिक योग्यता प्राप्त हुई। कितने युवाओं को स्थायी रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर मिले जिनसे परिवारों की आय में स्थायी वृद्धि हुई। कितने सफल सहकारी उद्यम तथा स्वावलम्बन के मॉडल विकसित किए गए जो राजनीतिक प्रभाव के घटने के बाद भी समाज की सेवा करते रहे। इन प्रश्नों का उत्तर नारों तथा भाषणों से प्राप्त होता है जब उनके साथ संस्थानों के कार्य, उनके बजट, लाभार्थियों की संख्या तथा दीर्घकालीन परिणामों के स्वतंत्र सत्यापन उपलब्ध हों। यह मूल्यांकन मात्र मार्क्सवादी संगठनों तक सीमित रहना उचित है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सेवा भारती, विभिन्न किसान संगठन, श्रमिक संगठन, धार्मिक-सामाजिक संस्थाएं तथा अन्य वैचारिक संगठन भी इन्हीं कसौटियों पर परखे जाने चाहिए। किस संगठन ने कितने लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाईं। कितने विद्यालयों तथा प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की। रोजगार तथा कौशल विकास में कितना योगदान दिया। समाज को आत्मनिर्भर बनाने वाले कितने मॉडल विकसित किए। किन संस्थाओं ने राजनीतिक लाभ की अपेक्षा किए बिना निरंतर सेवा की। उनके कार्यों का स्वतंत्र रूप से सत्यापन संभव है या नहीं। सही तो यही है कि समाजहित का मूल्यांकन संगठन की विचारधारा तथा उसके दावों से होता है जब उसके प्रमाणित कार्यों तथा परिणामों को केंद्र में रखा जाए। प्रत्येक संगठन के स्वास्थ्य केंद्रों, स्कूलों, सहकारी समितियों तथा रोजगार सृजन कार्यक्रमों की संख्या, उनकी भौगोलिक पहुंच तथा उनके लाभार्थियों की जीवन गुणवत्ता में आए परिवर्तन का अध्ययन आवश्यक है।

मार्क्सवादी विचारधारा तथा उससे जुड़े संगठनों का निष्पक्ष मूल्यांकन करते समय तीन पहलुओं के बीच अंतर करना आवश्यक है। उनके घोषित आदर्श, उनके विभिन्न राजनीतिक तथा हिंसक धड़ों की गतिविधियां तथा उनके वास्तविक सामाजिक-आर्थिक परिणाम। क्योंकि जहां हिंसा हुई है वहां उसकी जिम्मेदारी तथा परिणामों की जांच होनी चाहिए। जहां श्रमिकों के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य या सामाजिक सुधार में योगदान हुआ है वहां उसका भी प्रमाणों के आधार पर मूल्यांकन होना चाहिए। अंततः किसी भी विचारधारा की वास्तविक सफलता इस बात से तय होनी चाहिए कि उसने समाज में कितना न्याय बढ़ाया, कितना विकास किया, कितनी स्वतंत्रता प्रदान की तथा कितनी आत्मनिर्भरता उत्पन्न की। देश का निर्माण भाषणों, नारों तथा आंदोलनों से तभी हो सकता है जब वे लोगों के जीवन को बेहतर बनाते हैं, उन्हें सक्षम बनाते हैं तथा समाज को दीर्घकाल तक लाभ पहुँचाते हैं। स्वास्थ्य संस्थानों की निरंतर सेवा, शिक्षा के माध्यम से युवाओं को रोजगार योग्य बनाना, सहकारी मॉडल के द्वारा आय का स्थायी स्रोत सृजित करना तथा कौशल विकास के द्वारा आत्मनिर्भरता बढ़ाना ऐसे कार्य हैं जो विचारधारा से परे समाज के स्थायी हित में होते हैं, इसलिए यह जरूरी है कि इन सभी मानदंडों पर किसी भी संगठन का मूल्यांकन समान रूप से किया जाना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***

(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887

पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672

For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

कुरारा। कस्बे में कृषि उत्पादन मंडी समिति के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पतारा ग्राम पंचायत के मजरा हरेहटा निवासी चंद्रपाल (45) पुत्र लल्लू सोमवार को कस्बे से बाजार कर बाइक से गांव लौट रहा था। तभी मंडी समिति के सामने पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

बाजार जाने के बाद लापता हुई किशोरी, मुकदमा दर्ज

कुरारा। कस्बे में बाजार से सामान लेने निकली 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बा निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि 31 अक्टूबर को दोपहर करीब डेढ़ बजे उसकी पुत्री घर से बाजार सामान लेने की बात कहकर निकली थी। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसके मोबाइल पर फोन किया, लेकिन नंबर बंद मिला। महिला ने बताया कि उसकी पुत्री किसी सोनू नाम के युवक से बातचीत करती थी। काफी तलाश के बाद भी किशोरी का पता नहीं चलने पर परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए ई-लॉटरी आज

हमीरपुर। कृषि यंत्रों, कस्टम हायरिंग सेंटर, फार्म मशीनरी बैंक और किसान ड्रोन पर अनुदान के लिए पात्र लाभार्थियों का चयन मंगलवार को ई-लॉटरी से किया जाएगा। उप कृषि निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन और फसल अवशेष प्रबंधन योजनाओं के तहत किसानों से ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं। लाभार्थियों का चयन तीन नवंबर को दोपहर 12 बजे कुछेछा स्थित कल्पवृक्ष सभागार में जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष होगा। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद विभागीय पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी प्रक्रिया अपनाकर पात्र किसानों का चयन किया जाएगा। उप कृषि निदेशक ने संबंधित अधिकारियों और समिति के सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

सत्संग, सेवा व साधना से सार्थक होता है जीवनः स्वामी गिरीशानंद

सुमेरपुर। कस्बे के उदयराज गार्डन में आयोजित सात दिवसीय संत प्रवचन का सोमवार को समापन हुआ। अंतिम दिन संतों ने श्रद्धालुओं को सत्संग, समाजसेवा, साधना और भारतीय संस्कृति के सिद्धांतों पर चलने का संदेश दिया। स्वामी गिरीशानंद जी महाराज ने कहा कि सत्संग, सेवा और साधना को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। इनके बिना मानव जीवन का उद्देश्य अधूरा रहता है। स्वामी मुक्तानंद जी ने वर्ण व्यवस्था पर विचार रखते हुए कहा कि इसके बिना समाज की सुचारू व्यवस्था नहीं चल सकती। उन्होंने वर्ण व्यवस्था को ईश्वर की परिकल्पना और वर्तमान जाति व्यवस्था को मानवीय व्यवस्था बताया।स्वामी सर्ववैतन्य जी ने ईश्वर की सच्ची भक्ति के माध्यम से जीवन सफल बनाने का मार्ग बताया। कार्यक्रम के आयोजक राजेश सिंह ने सभी संतों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

नवागंतुक मंडलायुक्त कृष्ण कुमार ने संभाला कार्यभार



झांसी। नवागंतुक मंडलायुक्त कृष्ण कुमार ने सोमवार को झांसी मंडल का पदभार ग्रहण किया। सर्किट हाउस पहुंचने पर जिलाधिकारी गौरांग राठी सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर शासन की योजनाओं और उनकी प्रगति की जानकारी ली। पत्रकारों से बातचीत में मंडलायुक्त ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं को गति दी जाएगी। शहर की यातायात और पेयजल व्यवस्था सहित अन्य समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाएगा। इस दौरान जेडीए उपाध्यक्ष हिमांशु गौतम, सीडीओ रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, अपर आयुक्त प्रियंका सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग



झांसी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान मे राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की संयुक्त महारैली में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम,राष्ट्रीय सचिव उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी एवं बुंदेलखंड जौन के प्रभारी जगदीश चन्द्र जागिड़,उत्तर प्रदेश कांगेस कमेटी की अध्यक्ष आराधना मिश्रा, एआईसीसी के पर्यवेक्षक राहुल राव के निर्देश पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के संयोजन में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेन्द्र सिंह यादव, पूर्व प्रवक्ता बुंदेलखंड क्षेत्र कांगेस पार्टी राजेन्द्र शर्मा एडवोकेट, निवर्तमान प्रदेश महासचिव राहुल रिछारिया, सुनील तिवारी, एचपी पटेल, शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिलाध्यक्ष देशराज रिछारिया, योगेंद्र सिंह पारीछा, अरविन्द बब्लू,हंरबश लाल, अखिलेश गुरुदेव, रशीद कुरैशी बीरेन्द्र यादव,हरिओम श्रीवास, कमल जैन, राज कुमार फोजी, जीतू श्रीवास, अमित करौसिया, सचिन श्रीवास, मुलायम बीरेन्द्र रजक,हरिशंकर बाल्मीकि, रामजी श्रीवास, रहीश, मन्सूर सहित झांसी से साथ मे आये हुए कांग्रेसियों ने राहुल गांधी जिन्दाबाद, कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद के जोरदार नारे लगाते हुए वोट चोर गद्दी छोड़, ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की जोरदार मांग की।

मासूम से दरिंदगी के बाद हत्या, आरोपी मुठभेड़ में घायल

समृद्धि न्यूज, मुस्करा (हमीरपुर)।





घर के बाहर खेल रही तीन वर्षीय मासूम का अपहरण कर दरिंदगी के बाद हत्या करने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी है। घटना के बाद कस्बे में तनाव का माहौल है। कई थानों की पुलिस और पीएसी तैनात की गई है। बीते रविवार को घर के बाहर खेल रही मासूम अचानक लापता हो गई थी। बाद में उसका शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मासूम के पिता ने पड़ोसी गोविंद अहिरवार पुत्र हरदयाल और उसके साले हीरालाल (32) पुत्र रामप्रसाद के खिलाफ अपहरण, दरिंदगी और हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसपी मृगांक शेखर पाठक ने बताया कि आरोपी के आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई है।

साक्ष्य संकलन के दौरान पुलिस पर फायरिंगः अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर घटनास्थल पर साक्ष्य संकलन के लिए पहुंची थी। इसी दौरान आरोपी ने पास में छिपाकर रखे असलहे से पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी हीरालाल के दोनों पैरों में गोली लगी। घायल आरोपी को सीएचसी मुस्करा में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

भारी सुरक्षा के बीच हुआ अंतिम संस्कारः सोमवार दोपहर करीब दो बजे भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सीओ राजीव प्रताप सिंह की देखरेख में एंबुलेंस से मासूम का शव घर पहुंचाया गया। पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कराया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के दौरान परिजनों ने पुलिस से नोकझोंक भी की। अपर पुलिस अधीक्षक और सीओ के समझाने के बाद मामला शांत हुआ।घटना के बाद से कस्बे में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने पीड़ित परिवार और आरोपियों के घर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पीड़ित पक्ष की महिलाओं ने पुलिस पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है।

डीआईजी ने लिया घटनास्थल का जायजाः चित्रकूट धाम मंडल के डीआईजी ने सोमवार दोपहर घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मौदहा एसडीएम करणवीर सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से बातचीत की। एसडीएम ने बताया कि आरोपी के मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई है। जांच में सामने आए अतिक्रमण को गिराया गया है। मामले में अन्य कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

घर में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक को लगी गोली, मौत

कुरारा। थाना क्षेत्र के रिठारी गांव में रविवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए हैं। गांव निवासी गौरव सिंह (24) पुत्र बाबू सिंह रविवार रात अपने कमरे में लेटा था। रात करीब साढ़े 11 बजे घर के अंदर गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन और पड़ोसी कमरे में पहुंचे। वहां गौरव के सिर में गोली लगी थी। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया युवक द्वारा स्वयं को गोली मारने की आशंका है। थाना प्रभारी प्रिंस दीक्षित ने बताया कि घटना की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं है।

ओटीएस-2026 की अवधि बढ़कर 15 दिसंबर तक हुई

झांसी। झांसी विकास प्राधिकरण की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस)-2026 की अवधि शासन ने बढ़ाकर 15 दिसंबर 2026 कर दी है। योजना के तहत डिफॉल्टर आवंटियों को दंड ब्याज से छूट, एकमुश्त भुगतान पर विशेष रियायत और आसान किस्तों में बकाया जमा करने की सुविधा मिलेगी। इससे वसूली और कानूनी कार्रवाई से राहत पाने का अवसर भी मिलेगा।प्राधिकरण ने बकायेदार आवंटियों से निर्धारित समय में योजना का लाभ लेने की अपील की है। इच्छुक आवंटी https://upots.in/ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या झांसी विकास प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

खाद संकट से किसान बेहाल, बोआई पिछड़ने के डर से महंगे दाम पर खरीद रहे खाद



सुमेरपुर। कस्बे में खाद का संकट सोमवार को भी बरकरार रहा। सहकारी समितियों की हड़ताल के चलते क्रय-विक्रय सहकारी समिति और क्षेत्रीय सहकारी समिति बंद रहीं। इससे खाद की आपूर्ति का पूरा दबाव पीसीएफ किसान सेवा केंद्र पर आ गया है। सोमवार सुबह से ही केंद्र के बाहर किसानों की लंबी कतार लगी रही। कई किसान पिछले तीन दिनों से चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। रबी की बोआई का समय निकलने के डर से किसान अब खुले बाजार से महंगे दाम पर खाद खरीदने को मजबूर हैं। किसानों का आरोप है कि दुकानदार 1350 रुपये की डीएपी 1800 रुपये तक में बेच रहे हैं। खाद की गुणवत्ता का भी भरोसा नहीं है। किसानों ने बताया कि सरकारी केंद्रों पर खाद नहीं मिलने से गेहूं और चने की बोआई पिछड़ने का खतरा बढ़ गया है। किसानों ने प्रशासन से खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने और कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग की है।

सुमेरपुर में गड्ढों में गुम हुई हाईवे की सड़क हादसों का खतरा

सुमेरपुर। कस्बे से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर तपोभूमि चौराहा से मंडी समिति तक सड़क पूरी तरह जर्जर हो गई है। जगह-जगह बड़े गड्ढों के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। गड्ढों से बचने के प्रयास में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने बताया कि सड़क की खराब हालत से छोटे-बड़े सभी वाहन प्रभावित हैं। पिछले सप्ताह गड्ढे में बाइक जाने से मोहन प्रजापति की मौत हो गई थी। वह अपने पिता के लिए खाना लेकर जा रहा था। नवरात्र में सड़क मरम्मत का दावा किया गया था, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हुआ। दीपावली के मद्देनजर सड़क की हालत से लोगों में चिंता है। एनएचएआई के मुख्य रूट ऑफिसर सौरभ यादव ने बताया कि फिलहाल कबरई में काम चल रहा है। दीपावली के बाद सुमेरपुर में सड़क मरम्मत कराई जाएगी।

धान खरीद में बिचौलियों की एंट्री पर होगी एफआईआरः डीएम



हमीरपुर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जनपद में धान, ज्वार और बाजरा की खरीद सोमवार से आठ क्रय केंद्रों पर शुरू हो गई। जिलाधिकारी अशोक कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और खरीद व्यवस्था पारदर्शी रखने के निर्देश दिए। धान का समर्थन मूल्य कॉमन के लिए 2441 रुपये और ग्रेड-ए के लिए 2461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। मुस्करा में पहली बार एफसीआई का क्रय केंद्र खोला गया है। डीएम ने क्रय केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक कांटे, बारदाना, पेयजल और बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिचौलियों से खरीद या किसानों को परेशान करने की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

नीति आयोग के सीईओ व पूर्व मुख्य सचिव का मथुरापुरा में स्वागत



झांसी। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्य सचिव व नीति आयोग के सीईओ मनोज कुमार सिंह ने विगत दिवस झांसी आगमन पर विकास खंड बबीना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मथुरापुरा में विनोद शर्मा द्वारा नव निर्मित इच्छापूर्ण श्री हनुमान जी के मंदिर में दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।विनोद शर्मा व उनकी धर्मपत्नी पूर्व ग्राम प्रधान श्रीमती शोभा शर्मा के विशेष अनुरोध पर उन्होंने ग्राम मथुरापुरा पहुंचकर श्री हनुमान जी के दर्शन करने के उपरांत उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित किया। मथुरापुरा में प्रवेश करते ही ढोल नगाड़ों की ध्वनि के साथ पुष्प वर्षा के बाद ग्राम प्रधान व उनके परिजनों के साथ ही ग्रामवासियों ने उनका माल्यार्पण कर व पुष्प गुच्छ भेंट कर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद वह पूर्व प्रधान के आवास पर भी पहुंचे, जहां उन्हें विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा गया। विनोद शर्मा व उनकी पत्नी श्रीमती शोभा शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजेश पुरोहित, महेश सिंधी, मुदगिल, शुभम शर्मा, कामना शर्मा, संजीव शर्मा, सुरेश शर्मा, प्रमोद शर्मा, शिव कुमार, जानकी बल्लभ शर्मा, जुगल किशोर शर्मा, संतोष शर्मा, कमतु पाल, बैजनाथ पाल, रवि शर्मा, दशरथ प्रधान , अंबिका शर्मा आदि उपस्थित रहे।

महिलायें आगे आकर संभाले नेतृत्व, संगठन को करें मजबूतः सुधीर सिंह

- कल होने वाली पदयात्रा की तैयारियों को लेकर महिला मोर्चा की बैठक

समृद्धि न्यूज, झांसी।



भारतीय जनता पार्टी महानगर महिला मोर्चा की नव नियुक्त जिला पदाधिकारियों की बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह के मुख्य आतिथ्य, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नीरजा गुप्ता की अध्यक्षता में एवं विशिष्ठ आतिथ्य में सम्पन्न हुई । मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने महिला मोर्चा को संबोधित करते हुए संगठन में महिलाओं की भागीदारी और एकजुटता पर विशेष जोर दिया, कहा कि किसी भी समाज और राजनीतिक संगठन के सर्वांगीण विकास के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवशक है। उन्होंने बल देकर कहा कि महिलाओं को अब केवल सहभागिता तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें अग्रिम पंक्ति में आकर नेतृत्व संभालना चाहिए। भाजपा सदैव नारी शक्ति के सशक्तिकरण और उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध रही है।

महिला मोर्चा की महानगर जिलाध्यक्ष नीरजा गुप्ता ने कहा टीम की घोषणा के बाद ये पहली परिचय बैठक है हम सबको एक जुट होकर संगठन के लिये कार्य करना है उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी राजनैतिक पार्टी है जो महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम करती है।जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने कानपुर में 4 नवम्बर को आयोजित पदयात्रा अभियान की तैयारियों को लेकर महिला मोर्चा के जिला एवं मंडल पदाधिकारियों के साथ बैठक कर वाहन व्यवस्था, जनसहभागिता एवं अभियान की सफलता हेतु आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की।इस अवसर पर मंचासीन भाजपा प्रदेश कार्यसमाति सदस्य गिरजा तिवारी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा चित्रा सिंह, जिला महामंत्री विकास कुशवाहा, भाजपा जिला मंत्री एवं महिला मोर्चा की जिला प्रभारी मीनू राजावत, कपिल बिरसानिया, संजीव अग्रवाल लाला, अखिलेश गुप्ता के अलावा जिला महामंत्री बंदना मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष शिवांगी मुदगिल, सीमा शर्मा, स्वपनिल मोदी, जिला मीडिया संयोजक सरिता सोनी, राधा रैकवार, सुनीता साहू, रितु शर्मा, नीलम राजपूत आदि उपस्थित रहीं। संचालन जिला महामंत्री ममता चौरसिया ने किया।

बार संघ अध्यक्ष मामले में पुलिस मुठभेड़ में दो आरोपी घायल, चार गिरफ्तार

- मुख्य आरोपी मोनू यादव फरार, 25 हजार का इनाम घोषित

समृद्धि न्यूज, कालपी(जालौन)।



बार संघ अध्यक्ष गयादीन अहिरवार की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है।

अधिवक्ता गयादीन अहिरवार को बीते दिन फाइल के सिलसिले में फोन कर चौराहे पर बुलाया गया था। वहां चार लोग कार से पहुंचे, जिसके बाद अधिवक्ता अचानक लापता हो गए। एसपी सुरेश चंद्र रावत ने तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर आधा दर्जन से अधिक पुलिस टीमों का गठन किया और जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए। एसपी स्वयं भी रातभर कालपी में डटे रहे और पूरे घटनाक्रम की निगरानी करते रहे। अधिवक्ता की तलाश और आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और अन्य साक्ष्य जुटाए। लगातार खोजबीन के दौरान पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

अधिवक्ता की हत्या के लिए 10 लाख की दी गई थी सुपारी

कालपी। पुलिस जांच में अधिवक्ता की हत्या के पीछे करीब 32 बीघा जमीन का विवाद सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, गयादीन और इंद्रजीत यादव पक्ष के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद और मुकदमेबाजी चल रही थी। इसी रंजिश में मोनू यादव ने 10 लाख रुपये की सुपारी देकर हत्या की साजिश रची थी। मामले में इंद्रजीत यादव समेत चार आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि मुख्य आरोपी मोनू यादव फरार है। जिस पर 25 का इनाम भी घोषित किया गया है। जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर खुलासा किया जाएगा।

बताया गया है कि अधिवक्ता हत्याकांड के खुलासे के बाद पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल स्विफ्ट डिजायर कार बरामद करने के लिए दबिश दी। इसी दौरान आरोपियों ने पहले से छिपाकर रखे तमंचों से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मौके से वारदात में इस्तेमाल स्विफ्ट डिजायर कार, रक्तरंजित पाना रिंच, एक चेक, दो तमंचे और पांच कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में सर्वेश, आशीष, कटियार और इंद्रजीत यादव शामिल हैं। पुलिस ने मोबाइल फोन से घटना से पहले और बाद की व्हाट्सएप चैट भी बरामद की हैं। वहीं मुख्य आरोपी मोनू यादव फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

युवाओं को रोजगार की बड़ी सौगात, 962 अभ्यर्थियों का हुआ प्राथमिक चयन

- दयानन्द वैदिक कॉलेज में सजा रोजगार का मंच, 1510 युवाओं ने आजमाई अपनी प्रतिभा

समृद्धि न्यूज, उरई(जालौन)।



रोजगार मिशन के तहत जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा शहर के दयानन्द वैदिक कॉलेज के मुख्य परिसर में वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में लगभग 1510 युवाओं व रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया, जिनमें से विभिन्न नियोजक संस्थाओं द्वारा 962 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रशासक डॉ. घनश्याम अनुरागी, डीएम समीर व सीडीओ केके सिंह ने फीता काटकर किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और रोजगार प्राप्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। कालपी विधायक ने युवाओं को कौशल विकास के साथ उपलब्ध रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। डीएम ने कहा कि वर्तमान समय तकनीकी परिवर्तन व प्रतिस्पर्धा का युग है। युवाओं को परंपरागत शिक्षा के साथ कंप्यूटर व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान भी अर्जित करना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजेश चंद्र पांडेय ने कहा कि महाविद्यालय शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के कौशल विकास व रोजगारोन्मुखी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

अवैध खनन परिवहन पर लगेगा अंकुशः जिलाधिकारी

समृद्धि न्यूज, महोबा।

- प्रभावी अंकुश लगाने लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए कड़े निर्देश

जिलाधिकारी प्रभाष कुमार की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन की रोकथाम हेतु खनिज जांच चौकियों पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके दायित्वों एवं कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यशाला के माध्यम से प्रभावी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी गई जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि दोनों खनिज जांच चौकियों पर ड्यूटी में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी मुस्तैदी, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जांच चौकियों से किसी भी दशा में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों को गुजरने न दिया जाए। विशेष रूप से बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के आवागमन पर कड़ी निगरानी रखते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ नियमित निगरानी करते हुए अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व इन्द्र नंदन सिंह, ज्येष्ठ खान अधिकारी आर. बी. सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

डीएम ने किया कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

- छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं का लिया जायजा

समृद्धि न्यूज, महोबा।



जिलाधिकारी प्रभाष कुमार ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय महोबा का औचक निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर, कक्षाओं, छात्रावास, रसोईघर, भोजनालय एवं शौचालयों का निरीक्षण कर साफ-सफाई तथा व्यवस्थाओं की स्थिति का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कक्षाओं में पहुंचकर छात्राओं से संवाद किया तथा उनकी पढ़ाई, पाठ्यक्रम की प्रगति एवं शिक्षण की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छात्राओं से विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछकर उनके शैक्षणिक स्तर का आकलन किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए तथा समय-समय पर उनकी पढ़ाई का मूल्यांकन करते हुए शैक्षणिक स्तर में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्रावास में छात्राओं के रहने की व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। रसोईघर एवं भोजनालय का निरीक्षण करते हुए उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, पौष्टिकता एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं को निर्धारित मेन्यू के अनुसार समय से गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए।साथ ही विद्यालय परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के साथ ही छात्राओं की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया कि छात्राओं की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण किया जाए तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ प्रत्येक छात्रा तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को तत्काल दूर करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाया जाए।

आईटीआई पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने जनपद का मान बढ़ाया, प्रदेश स्तरीय उद्यमिता प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान

समृद्धि न्यूज़

महाराजगंज, महामाया आईटीआई पॉलिटेक्निक महाराजगंज के विद्यार्थियों ने उद्यमिता के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए प्रदेश स्तर पर जनपद का गौरव बढ़ाया है। संस्थान के विद्यार्थियों की टीम ने अविष्कार फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय उद्यमिता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा और नवाचार का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर सोमवार को जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने अपने कैंप कार्यालय में टीम के सदस्यों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान डीएम ने विद्यार्थियों से उनके अभिनव बिजनेस मॉडल ई मेडिकेयर प्लस के बारे में विस्तार से जानकारी ली और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि पूरे जनपद के लिए गौरव की बात है। इससे अन्य विद्यार्थियों को भी नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि विद्यार्थी अपने बिजनेस मॉडल को धरातल पर उतारना चाहते हैं तो जिला प्रशासन की ओर से उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।दरअसल, सितंबर 2026 में अविष्कार फाउंडेशन के तत्वावधान में संस्थान स्तर पर उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें महामाया आईटीआई पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने कई अभिनव बिजनेस मॉडल प्रस्तुत किए थे। इसके बाद 25 सितंबर को आयोजित जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में टीम के ई मेडिकेयर प्लस मॉडल का चयन प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ।

लखनऊ के होटल क्लार्क्स अवध में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम 'अधिक उद्यमिता से सामाजिक समानता' में प्रदेश के 25 जनपदों की चयनित टीमों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच महराजगंज की टीम ने अपने प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण और अभिनव सोच के दम पर पहला स्थान हासिल किया।

मार्ग दुर्घटना में एक ही परिवार के 3 लोग सहित छः की दर्दनाक मौत

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर । जनपद के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के भलुही ग्राम प्रधान के परिजनों सहित दर्जनों लोग रिश्तेदारी से तिलक में शामिल होने गये थे। भलुही गांव से गई इको वैन में दो बच्चों तथा ड्राईबर सहित कुल 8 लोग सवार थे। तिलक समारोह से लौटते समय वैन हाटा कोतवाली थाना क्षेत्र के पिपराइच मार्ग पर ट्रक ट्रेलर की चपेट में आ गई । जिसमें चालक सहित छः लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना में दो बच्चें गम्भीर रूप से घायल है। जिनका मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार रविवार को महराजगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के बभनौली गांव से भलुही निवासी रवि कुमार गौतम एसएसबी जवान के ससुर राम दुलारे गौतम की पुत्री का हाटा कोतवाली थाना क्षेत्र के देवराज पिपरा गांव में तिलक गया था। जिसमें भलुही ग्राम प्रधान कमलावती के पति कन्हैया प्रसाद 45, मृदुल मिश्र 35 वर्ष, रंजय गुप्ता 35 वर्ष, रामबेलास उम्र 65 वर्ष, राममिलन उम्र 35 वर्ष, ड्राईबर मिथिलेश गुप्ता उम्र 22 वर्ष आर्यन उम्र17 वर्ष आयुष उम्र 13 वर्ष इको वैन पर सवार होकर तिलक समारोह में शामिल होने गये थे। सभी रात के 12 बजे के करीब तिलक समारोह से वापस



लौट रहे थे। वैन अभी हाटा पिपराइच मार्ग पर थरुआडीह गांव के पेट्रोल पम्प के करीब पहुंची थी कि सामने से तेज रफ्तार आ रही 22 चक्का ट्रक, ट्रेलर से आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। आमने सामने की टक्कर इतनी तेज थी कि वैन के परखच्चे उड़ गये। आवाज इतनी तेज हुई की आस पास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गये। वैन में सवार कन्हैया प्रसाद, रामवेलास प्रसाद, राममिलन, सीआरपीएफ जवान रंजय गुप्ता, मृदुल मिश्रा, ड्राइबर मिथिलेश गुप्ता की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । वैन में सवार आर्यन गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिनको 108 नम्बर एम्बुलेंस से पुलिस ने मेडिकल कालेज पडरौना भिजवाया गया। मृतकों के साथ आयुष उम्र 13 वर्ष भी पडरौना भेजा गया जहां उसके शरीर में हलचल देखकर डाक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। डाक्टरों के अनुसार अभी वह कोमा में है। घटना में मृत सीआरपीएफ जवान रंजय गुप्ता अपने पीछे पत्नी आरती, मां शरमावती देवी, पुत्री शिवांगी 8 वर्ष, पुत्र शिवांश उम्र 6 वर्ष पुत्री काव्या उम्र .3 वर्ष को छोड़ गये है। रंजय की पत्नी तथा मां शरमावती का रो रोकर बुरा हाल है। प्रधान प्रतिनिधि कन्हैया के पिता रामबेलास, भाई राममिलन एक ही परिवार के तीन लोगों की मार्ग दुर्घटना में मृत्यु के बाद पत्नी तथा ग्राम प्रधान कमलावती, पुत्र अंशुमान उम्र 23 वर्ष पुत्री सिप्पी उम्र 19 को छोड़ गये है। दुर्घटना में मृतक राम मिलन का आर्यन उम्र 17 वर्ष, आयुष उम्र 13 वर्ष दो बच्चें है जो मार्ग दुर्घटना में घायल होने के बाद जिन्दगी और मौत से जुझ रहे है।

घटना के बाद भलुही गांव में मातम छाया हुआ है। तथा मृतक परिवारों में चीख पुकार मचा हुआ है। आस पास के ग्रामीणों तथा जनप्रतिनिधियो का पीड़ित परिवार के घर आना जाना लगा हुआ है। भाजपा विधायक विनय प्रकाश गोंड तथा सपा विधान सभा अध्यक्ष निठुरी राजभर ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर पीड़ित परिजनों को ढ़ाढ़स बधांया।

सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए अवैध कट होंगे बंद : डीएम



समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उन्होंने राजमार्गों पर बने अवैध कटों को तत्काल बंद कराने और राष्ट्रीय राजमार्गों पर नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के प्रमुख चौराहों पर यातायात व्यवस्था सुगम बनाई जाए तथा पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित किया जाए। आगामी शीतऋतु में कोहरे और धुंध को देखते हुए सभी मार्गों एवं पुलियों पर साइनेज, थर्मोप्लास्टिक, कैट आई, सफेद पट्टियां और रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए। वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टिव टेप लगवाने पर भी जोर दिया।बैठक में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स के सुधार कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने दुर्घटनाओं की आशंका कम करने के लिए प्रभावी सुरक्षा उपाय लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने आईआरएडी पोर्टल पर दुर्घटनाओं से संबंधित आंकड़े समयबद्ध और सही तरीके से अपडेट करने को भी कहा।जिलाधिकारी ने गुड समेरिटन योजना का प्रचार-प्रसार कर दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वालों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए, ताकि गोल्डन ऑवर में घायलों को उपचार मिल सके। इसके अलावा गड्ढामुक्त अभियान के कार्य शीघ्र पूरे कराने और उनका सत्यापन कराने को कहा।

एआरटीओ कार्यालय में डीएम का छापा, दलालों की एंट्री पर लगाई रोक!

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर। सरकारी दफ्तरों में आम आदमी के कामकाज की हकीकत परखने निकले जिलाधिकारी संजय चौहान सोमवार को अचानक एआरटीओ कार्यालय पहुंच गए। उनके पहुंचते ही कार्यालय की व्यवस्थाओं से लेकर कर्मचारियों की कार्यप्रणाली तक की पड़ताल शुरू हो गई। डीएम ने न केवल विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया, बल्कि ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने आए आवेदकों से सीधे संवाद कर सुविधाओं और कार्यप्रणाली का फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में दलालों और अनाधिकृत व्यक्तियों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का सख्त निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) से कार्यालय की



गतिविधियों और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण का खास पहलू ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर देखने को मिला। ड्राइविंग लाइसेंस में संशोधन कराने पहुंचे एक युवक से जिलाधिकारी ने स्वयं दोपहिया वाहन चलवाकर उसकी ड्राइविंग दक्षता परखी। इस दौरान उन्होंने युवक से यातायात नियमों, हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग, इंडिकेटर के सही इस्तेमाल और वाहन के नियमित रखरखाव के बारे में सवाल किए। उन्होंने सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक रहने की हिदायत भी दी। इसके बाद डीएम सारथी हॉल पहुंचे, जहां लाइसेंस प्रक्रिया के तहत फोटो खिंचवा रहे आवेदकों से बातचीत कर कार्यालय की सुविधाओं और कार्यप्रणाली का फीडबैक लिया। विभिन्न पटलों पर पहुंचकर कर्मचारियों से लंबित प्रकरणों की स्थिति और उनके निस्तारण की प्रक्रिया भी जानी।

त्योहारों से पहले प्रयागराज पुलिस अलर्ट

- सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के लिए सड़कों पर उतरे पुलिस अधिकारी

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। सिविल लाइंस के प्रमुख चौराहों और संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त, ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों पर कार्रवाई; पीएसी, डॉग स्क्वाड और बम निरोधक दस्ते को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। आगामी त्योहारों और शहर में बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रयागराज पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है।

कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों में लगातार पैदल गश्त एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में सिविल लाइंस क्षेत्र के सुभाष चौराहा, पत्थर गिरजाघर, हनुमान मंदिर चौराहा, एसपी मार्ग और सर्किट हाउस के आसपास पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। वहीं, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों और काली फिल्म लगी गाड़ियों के खिलाफ भी विशेष चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पीएसी, डॉग स्क्वाड और बम निरोधक दस्ते को भी अलर्ट किया गया है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अप्रिय स्थिति से तत्काल निपटा जा सके।

जन चौपाल में सत्येन्द्र बारी ने सुनीं जनता की समस्याएं

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज, उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य एवं राज्यमंत्री स्तर प्राप्त सत्येन्द्र कुमार बारी ने महराजगंज जनपद के विभिन्न स्थानों पर जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। साथ ही विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जनचौपाल में सत्येन्द्र कुमार बारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार समाज के गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार का संकल्प है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने आवास, राशन, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि और विभिन्न पेंशन योजनाओं का जिक्र करते हुए लोगों से इनका लाभ उठाने की अपील की।इस दौरान ग्रामीणों ने भूमि विवाद, राजस्व, पुलिस और अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं उनके सामने रखीं। बारी ने लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की असली सफलता तभी है, जब गरीब के चेहरे पर मुस्कान आए और प्रत्येक पीड़ित को न्याय मिले। जनता की सेवा उनके लिए राजनीति नहीं, बल्कि जीवन का संकल्प है। जनचौपाल के दौरान बुजुर्गों के प्रति सम्मान और आम लोगों के साथ सहज संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि जनता कुर्सी पर बैठे और उसका सेवक जमीन पर रहे, यही उनके लिए सच्ची जनसेवा है।महराजगंज प्रवास के दौरान जनचौपाल के जरिए आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित करने की उनकी पहल चर्चा में रही। उन्होंने दोहराया कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना और पीड़ितों को न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पुलिस मुठभेड़ में एक तस्कर को लगी गोली, दो गिरफ्तार

- बोलेरो में सीट हटाकर करते थे गोवंशो की तस्करी
- बैरियर तोड़कर भाग रहे तस्करों को रामकोला में पुलिस ने घेरा, तमंचा, कारतूस, बोलेरो और बछड़ा बरामद।

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर । जनपद के रामकोला थाना क्षेत्र में सोमवार की रात पुलिस और पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग करने वाले एक तस्कर को जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसे और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों के कब्जे से 315 बोर का तमंचा, कारतूस, बोलेरो वाहन, एक बछड़ा और 1856 रुपये नकद बरामद किए गए। घायल तस्कर को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार सोमवार रात आरटी सेट पर सूचना मिली कि रगड़गंज बैरियर तोड़कर एक बोलेरो भाग रही है। इस पर रामकोला, पडरौना कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए धर्मसमदा मंदिर के पास



घेराबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान संदिग्ध बोलेरो को रोकने का प्रयास किया गया तो उसमें सवार आरोपित भागने लगे। पुलिस का दावा है कि इस दौरान एक आरोपी ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से सदरे आलम उर्फ छोटू निवासी हरिहर छपरा, पडरौना घायल हो गया। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। वहीं फरार होने की कोशिश कर रहे उसके साथी अली खान को भी कुछ दूरी पर पकड़ लिया गया। पिकअप छोड़ बोलेरो को बनाया तस्करी का जरिया। पूछताछ में आरोपितों ने पुलिस को बताया कि वे कई वर्षों से गोवंशीय पशुओं की तस्करी कर रहे थे। पुलिस की निगरानी और लगातार कार्रवाई के चलते उन्होंने पिकअप से तस्करी करना बंद कर दिया था। इसके बाद बोलेरो की बीच और पीछे की सीटें हटाकर उसमें गोवंशीय पशुओं को लादने लगे, ताकि वाहन सामान्य सवारी गाड़ी दिखाई दे और पुलिस को शक न हो। पुलिस ने मौके से एक बछड़ा, बोलेरो संख्या यूपी-21-एई-2796, तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और 1856 रुपये बरामद किया हैं। मामले में रामकोला थाने में मुकदमा अपराध संख्या 564/2026 के तहत बीएनएस की धारा 109, गोवध निवारण अधिनियम और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के साथ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस के मुताबिक घायल सदरे आलम के खिलाफ कुशीनगर और गोरखपुर के विभिन्न थानों में गो-तस्करी, गैंगस्टर, चोरी, मारपीट और आर्म्स एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। संयुक्त पुलिस टीम में स्वाट प्रभारी दीपक सिंह, रामकोला थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह, पडरौना कोतवाली प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

पांचवीं बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए सियाराम सोनकर

समृद्धि न्यूज़ब्यूरो

डलमऊ-रायबरेली। पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंद्रभूषण गंज में रविवार को जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ शाखा डलमऊ का त्रिवार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन संपन्न हुआ। जनपदीय कार्यसमिति द्वारा नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक पन्नालाल, जिला मंत्री जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ तथा अजीत प्रताप सिंह, अध्यक्ष ऊंचाहार के निर्देशन में चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई गई।

सभी पदों पर एकल नामांकन होने के कारण चुनाव पर्यवेक्षक ने सभी पदाधिकारियों के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की। इसमें सियाराम सोनकर लगातार पांचवीं बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए।निर्वाचन में राजेश कुमार यादव को मंत्री, नीलम पांडेय को महिला उपाध्यक्ष, लाल बहादुर यादव को कोषाध्यक्ष, राघवेंद्र वर्मा को उपाध्यक्ष, दीपक कुमार एवं कुलदीप यादव को संयुक्त मंत्री,



कुलदीप को लेखाकार, विपिन कुमार पटेल को ऑडिटर, शैलेंद्र कुमार को मीडिया प्रभारी, रश्मि श्रीवास्तव को प्रवक्ता तथा राममिलन यादव को संरक्षक चुना गया।

निर्वाचन कार्यक्रम में विकासखंड डलमऊ के सैकड़ों शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल हुए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष योगेश सिंह, शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रताप सिंह, अटेवा के संयोजक प्रकाश चंद यादव, महामंत्री सज्जन कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवप्रकाश तथा वरिष्ठ लिपिक चंद्रधर द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।कार्यक्रम के समापन पर सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं दायित्वों के निर्वहन की शपथ दिलाई गई।

बेकरी और पाक कला का प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बनेंगे 30 प्रशिक्षणार्थी

महराजगंज, युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राजकीय फल संरक्षण केंद्र महराजगंज में ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत एक माह का बेकरी एवं पाक कला (कुकरी) प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। सोमवार को आयोजित उद्घाटन समारोह में पूर्व कनिष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख रफीउल्लाह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।12 नवंबर से 1 दिसंबर 2026 तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 30 प्रशिक्षणार्थियों को बेकरी और पाक कला से संबंधित विभिन्न विधाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बेकरी उत्पाद तैयार करने तथा पाक कला की बारीकियों से अवगत कराया जाएगा, ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वे स्वयं का रोजगार शुरू कर सकें।

सरस मेला का मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने किया शुभारंभ

समृद्धि न्यूज

रायबरेली। मंत्री तथा नागरिक आपूर्ति उ०प्र० आज रिफार्म क्लब लॉन के मैदान में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वाधान में आयोजित जनपद स्तरीय तीन दिवसीय सरस मेला-2026 का खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने फीता काटकर उद्घाटन किया और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्वःनिर्मित उत्पादों की विक्रय एवं प्रदर्शनी के लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने बच्चों का अन्नप्राशन और गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। इसी दौरान मंत्री द्वारा कृषि विभाग अन्तर्गत फसल अवशेष प्रबंधन योजनान्तर्गत धान/अन्य फसलों की पराली न जलाएं इससे खाद बनाये के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इसके पश्चात दीप



प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा ऊँचाहार क्षेत्र के अन्तर्गत नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मंत्री मनोज पाण्डेय ने नियुक्ति पत्र वितरित किए। जिसमें विकास खण्ड ऊँचाहार 09, जगतपुर 03, रोहनिया 03, दीनशाहगौरा 02 एवं डलमऊ 13 कुल 30 नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों प्रमाण पत्र वितरित एवं पंचायती राज विभाग अंतर्गत आकाश पुत्र स्व० राजकुमार को अनुकम्पा नियुक्ति के अन्तर्गत नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मंत्री जी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व व मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में मातृ शक्ति को स्वावलंबी व सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है, आज देश व प्रदेश में महिलाओं को बहुत ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर उनको सशक्त बनाकर आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

जनपद स्तरीय रोजगार मेला 5 नवंबर को, 25 से अधिक कंपनियां लेगी भाग

समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय, महराजगंज एवं जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज, महराजगंज के संयुक्त तत्वावधान में 5 नवंबर 2026 को प्रातः 10 बजे से जनपद स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में 25 से अधिक कंपनियों द्वारा 2000 से अधिक रिक्त पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को 10,000 से 40,000 रुपया तक मासिक वेतन मिलने का अवसर होगा। इसमें 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के 8वीं, 10वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, बीटेक एवं अन्य तकनीकी तथा गैर-तकनीकी योग्यता धारक अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है।

लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा में महराजगंज से 10 हजार लोगों की भागीदारी का लक्ष्य

समृद्धि न्यूज

महराजगंज, गोरखपुर में चार नवंबर को प्रस्तावित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में महराजगंज जिले से 10 हजार कार्यकर्ताओं और आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसकी तैयारियों को लेकर सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के महराजगंज स्थित आवास पर पार्टी पदाधिकारियों औरजनप्रतिनिधियों की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विधानसभा क्षेत्रवार तैयारियों की समीक्षा करते हुए नेताओं और पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं।बैठक को संबोधित करते हुए पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा की ओर से देशव्यापी स्तर पर 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में चार नवंबर को गोरखपुर में आयोजित पदयात्रा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पदयात्रा को सफल बनाने के लिए जिले में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाए और संगठन के प्रत्येक स्तर के कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं को लेकर विपक्ष की ओर से फैलाए जा रहे नकारात्मक नैरेटिव और भ्रांतियों का जवाब जनता के बीच जाकर दिया जाना चाहिए। कार्यकर्ता लोकतंत्र, संविधान और संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका के बारे में लोगों से संवाद करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पदयात्रा का उद्देश्य केवल भीड़ जुटाना नहीं, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित कर अभियान के संदेश को व्यापक स्तर तक पहुंचाना है।बैठक में महराजगंज से 10 हजार लोगों की सहभागिता के लक्ष्य को पूरा करने के लिए विधानसभा क्षेत्रवार रणनीति बनाई गई। श्री चौधरी ने मंडल से लेकर विधानसभा स्तर तक संगठन के पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनता से सीधा संवाद ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में मंडल अध्यक्षों, विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के जिला संयोजकों को भी पदयात्रा की तैयारियों में जुटने को कहा गया।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया, विधायक प्रेम सागर पटेल, पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य जनार्दन गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष अरुण शुक्ला और समीर त्रिपाठी, विधानसभा प्रभारी निरंकार मणि त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख धीरू सिंह, वेद शुक्ला, आनंद शंकर वर्मा, प्रमुख प्रतिनिधि ओम प्रकाश जायसवाल एवं इंजीनियर विवेक गुप्ता, चेयरमैन संतोष जायसवाल, गिरजेश जायसवाल, राजेश जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश जायसवाल सहित जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे।बैठक का संचालन जिला महामंत्री बबलू यादव ने किया।

ग्रीन पटाखों की धूम, बाजार में म्यूजिक और रंगों का जादू



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। दीपावली की तैयारियों में इस बार बाजारों में एक नई रौनक छाई हुई है। अन्य वर्षों की तुलना में बड़े धमाकों वाले पटाखों के बजाय कम आवाज और चमकदार रोशनी वाले ग्रीन पटाखों की मांग जोरों पर है। खासकर, म्यूजिक की धुन पर आसमान में सतरंगी छटा बिखेरने वाले इन पटाखों ने ग्राहकों का दिल जीत लिया है। आतिशबाजी की दुकानों पर भीड़ उमड़ पड़ी है, जहां उत्साहित बच्चे 'भीम वाच', 'पोपकॉर्न' और 'लॉलीपॉप' जैसे मजेदार पटाखों की मांग कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के सख्त निर्देशों का पूरी तरह पालन करते हुए दुकानदारों ने प्रतिबंधित पटाखों को बाजार से दूर रखा है। इसके बजाय, पर्यावरण-अनुकूल ग्रीन पटाखों का कारोबार फल-फूल रहा है। पश्चिमी बाईपास पर बंबा के निकट थोक विक्रेता भानु प्रताप सिंह चौहान की दुकान पर बड़े पैमाने पर थोक बिक्री शुरू हो चुकी है। अस्थायी दुकानदार यहां से फुटकर पटाखे खरीद रहे हैं। चौहान ने बताया इस बार सभी दुकानदार केवल ग्रीन पटाखे ही बेच रहे हैं। शासन के दिशा निर्देशों का सम्मान करते हुए हम प्रतिबंधित पटाखों से दूर हैं। ये ग्रीन पटाखे सामान्य दिखने वाले होते हैं, लेकिन इनमें सल्फर और नाइट्रोजन की मात्रा कम होने से प्रदूषण न्यूनतम रहता है। बाजार में विविधता भरी पड़ी है।

आधुनिक तकनीक से खेती को बनाएं लाभकारी : असीम अरुण

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। खेती को लाभकारी बनाने के लिए किसानों को परंपरागत तरीकों के साथ आधुनिक और वैज्ञानिक तकनीक भी अपनानी होगी। कृषि क्षेत्र की प्रगति और किसानों की आर्थिक मजबूती ही विकसित भारत की आधारशिला है। यह बात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने विकसित कृषि संकल्प एवं सघन खेत बचाओ अभियान के तहत जगतपुर-फरिकापुर में आयोजित किसान संवाद कार्यक्रम में कही।

उन्होंने किसान बहनों और भाइयों से संवाद करते हुए कहा कि उपजाऊ भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखना और प्राकृतिक जल संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करना जरूरी है। टिकाऊ खेती के तरीकों को अपनाकर कृषि उत्पादन को बेहतर बनाया जा सकता है। किसानों को नई तकनीकों और कृषि नवाचारों के प्रति जागरूक होकर खेती में बदलाव लाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में मंत्री ने किसानों के साथ आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने, जल एवं भूमि संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, कृषि विशेषज्ञ और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

विधायक अर्चना पांडे ने नए पदाधिकारियों का किया अभिनंदन



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। सिद्ध पीठ मां कालका देवी मंदिर के पास अटल भवन में आयोजित कार्यक्रम में विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे ने जिला संगठन के विभिन्न मोर्चों में विधानसभा क्षेत्र से नवीन दायित्व प्राप्त करने वाले जिला पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों एवं मंडल अध्यक्षों का अभिनंदन कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विधायक अर्चना पांडे ने कहा निश्चित ही आप सभी की कार्य क्षमता व अनुभव से संगठन को मजबूती मिलेगी। आप सभी के नवीन दायित्वों के सफल निर्वहन एवं संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की मंगलकामना करती हूं। भाजपा एक विचारधारा है, एक मिशन है। हमें हर स्तर पर संगठन को मजबूत करना है ताकि जनसेवा और विकास के कार्यों में कोई बाधा न आए। आप सभी नए पद पर रहकर कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसंपर्क को प्राथमिकता दें।

जनता की समस्याओं को समझकर समाधान निकालने का प्रयास करें। संगठन की मजबूती ही पार्टी की सफलता का आधार है। मैं पूर्ण विश्वास के साथ कह सकती हूं कि आप सभी अपने नए दायित्वों का निर्वहन उत्कृष्टता से करेंगे और क्षेत्र को विकास की नई दिशा देंगे।"

कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भी नए अधिकारियों को बधाई दी।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी ने पूर्व सांसद सुब्रत पाठक के साथ छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में किया जनसंपर्क

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज, कन्नौज। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी ने विधानसभा क्षेत्र 196 छिबरामऊ के विभिन्न स्थानों पर पूर्व सांसद सुब्रत पाठक के साथ रहकर अपनों के बीच पहुंचकर जनसंपर्क किया।

इस दौरान जीतू तिवारी ने लोगों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और पार्टी की नीतियों और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। जगह-जगह लोगों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर जीतू तिवारी ने कहा कि ₹अपनों का स्नेह, आशीर्वाद और विश्वास ही जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। हमारा संकल्प केवल जनसेवा है और जन-जन का सम्मान ही हमारा ध्येय है। छिबरामऊ की जनता ने हमेशा भाजपा पर भरोसा जताया है, हम उस भरोसे को कभी टूटने नहीं देंगे।₹

उन्होंने कहा कि योगी और मोदी सरकार की योजनाएं आज घर-घर तक पहुंच रही हैं और 2027 में फिर से भाजपा की सरकार बनाकर विकास की रफ्तार को और तेज किया जाएगा। इस दौरान उनके साथ भाजपा के कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

सहकारी समिति पर एसडीएम ने किया निरीक्षण



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। सहकारी समिति पश्चिमी में निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने समिति पर खाद की उपलब्धता और बिक्री व्यवस्था की जानकारी ली।

एसडीएम ने मौजूद किसानों से बातचीत कर खाद वितरण की स्थिति के बारे में पूछा। किसानों ने बताया कि सहकारी समिति पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है और उन्हें समय से खाद मिल रही है। हालांकि, किसानों ने निजी खाद विक्रेताओं द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने की शिकायत की। इस पर एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि निर्धारित मूल्य से अधिक पर खाद बेचने वाले दुकानदारों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें।

साथ ही ऐसे दुकानदारों के लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए।

विकास के क्रम में बढ़ा एक और कदम विधायक ने किया उपमंडी निर्माण का भूमिपूजन

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज, कन्नौज। छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र के विकास के क्रम में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया। छिबरामऊ विधायक श्रीमती अर्चना पांडे द्वारा ग्राम बरगांवा में गुरसहायगंज क्षेत्र में उपमंडी के निर्माण हेतु विधिवत भूमिपूजन कर कार्य की शुरुआत की गई।

इस उपमंडी के निर्माण से क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज के क्रय-विक्रय की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा कृषि व्यापार को नई दिशा मिलेगी। लंबे समय से क्षेत्र के किसानों द्वारा उपमंडी की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है।

इस अवसर पर पूर्व खनन मंत्री एवं छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडे ने कहा कि, ₹हमारी सरकार किसानों के हित के लिए पूरी तरह समर्पित है। इस उपमंडी के बनने से किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें यहीं पर उचित मूल्य और बेहतर सुविधा मिलेगी। यह उपमंडी किसानों की समृद्धि का नया केंद्र बनेगी और माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के किसान कल्याण के संकल्प को साकार करेगी।

वहीं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने कहा कि, यह उपमंडी गुरसहायगंज क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित होगी। किसानों को बिचौलियों से छुटकारा मिलेगा और उनकी उपज का सही दाम मिल सकेगा। विधायक जी के प्रयास से क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है, जिससे स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, ग्राम प्रधान, वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज मिश्रा, स्वदेश गुप्ता उर्फ हीरो, रामनिवास मिश्रा, संतोष तिवारी, अंकित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, क्षेत्रीय किसान और ग्रामवासी मौजूद रहे।

खाद्य विभाग के उत्पीड़न पर रोक लगाने की मांग

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। दीपावली पर्व से पहले खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा सैंपल जांच और निरीक्षण के नाम पर छोटे व्यापारियों के उत्पीड़न के विरोध में समाजवादी व्यापार सभा ने आवाज उठाई। जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार राम प्रकाश को सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया कि दीपावली पर मिठाई और खाद्य पदार्थों की बिक्री बढ़ जाती है। ऐसे में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कुछ अधिकारियों द्वारा हलवाई, परचून दुकानदारों, मिठाई विक्रेताओं और छोटे खाद्य कारोबारियों को जांच के नाम पर अनावश्यक रूप से परेशान किए जाने की शिकायतें मिल रही हैं। इससे व्यापारियों में भय और असुरक्षा का माहौल है। व्यापार सभा ने स्पष्ट किया कि संगठन मिलावटखोरी के खिलाफ कार्रवाई और खाद्य सुरक्षा कानूनों का समर्थन करता है, लेकिन ईमानदारी से कारोबार करने वाले व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन में जांच की निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन कराने, अवैध वसूली की शिकायतों पर कार्रवाई करने, व्यापारियों को जागरूक करने और शिकायत निवारण व्यवस्था स्थापित करने की मांग की गई।

इस दौरान कोषाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अशोक चौहान, शैलेंद्र बबल प्रधान, चंद्रजीत एडवोकेट, विवेक प्रजापति, अवनीश गुप्ता, गोविंद यादव, संतोष गुप्ता, महेंद्र, पवनेश, विपिन, सतीश और गौरव सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

युवा संसद में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर युवाओं ने रखे विचार

- पीएसएम डिग्री कॉलेज में 200 से अधिक युवाओं ने लिया हिस्सा।
- विजय प्रथम, युगी कटियार दूसरे और नंदिनी दुबे तीसरे स्थान पर रहीं।

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। पीएसएम डिग्री कॉलेज में सोमवार को मेरा युवा भारत एवं युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की ओर से जनपद स्तरीय विकसित भारत युवा संसद-2027 का आयोजन किया गया। इसमें 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के 200 से अधिक युवाओं ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर अपने विचार रखे। युवाओं ने लोकतांत्रिक व्यवस्था और चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर तर्क प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सदर विधायक असीम अरुण ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने और अपनी ऊर्जा व कौशल का उपयोग समाज के विकास में करने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने भी युवाओं को विषय की गंभीरता समझने और तथ्यों के आधार पर विचार रखने के लिए प्रेरित किया। पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल ने भाषणों का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में विजय ने पहला, युगी कटियार ने दूसरा और नंदिनी दुबे ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मोनिका चौथे और निष्ठा पांचवें स्थान पर रहीं। चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी ने युवाओं को मेरा युवा भारत की गतिविधियों की जानकारी दी।



ओयो होटलों पर अनैतिक गतिविधियों के आरोप, कार्रवाई की मांग

कन्नौज। छिबरामऊ के निगम मंडी क्षेत्र में ओयो के नाम पर संचालित होटलों में कथित अनैतिक गतिविधियों की शिकायत करते हुए क्षेत्रवासियों ने कार्रवाई की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि कुछ होटलों में देह व्यापार जैसी गतिविधियां संचालित होने की शिकायतें मिल रही हैं। पूर्व में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। पर्यटन विभाग के निरीक्षण में भी कुछ होटलों में मानकों और दस्तावेजों की कमी मिलने का दावा किया गया। शिवा गुप्ता, रंजीव गुप्ता समेत अन्य लोगों ने जांच कर अवैध होटलों को बंद कराने की मांग की है।

गो-आश्रय स्थलों में हरे चारे की बुवाई कराने के निर्देश

समृद्धि न्यूज

कन्नौज। गो-आश्रय स्थलों में गोवंश के भरण-पोषण और व्यवस्थाओं को लेकर मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। सोमवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक में उन्होंने सभी गो-आश्रय स्थलों पर हरे चारे की बुवाई कराने और बरसीम को प्राथमिकता देने को कहा। सीडीओ ने निर्देश दिए कि गोवंश के भरण-पोषण में लापरवाही न हो और समय से फंड रिक्वेस्ट अपलोड की जाए। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को जोड़ने और लंबित भुगतान जल्द पूरा करने को कहा। उन्होंने गोचर भूमि पर हरा चारा उत्पादन की प्रगति के प्रमाण के रूप में फोटो उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का सत्यापन कर शौचालय से वंचित परिवारों को चिह्नित करने को कहा। सौरिख में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए मानकों के अनुरूप भूमि चिह्नित करने के निर्देश दिए। वहीं कलसान और हसेरन में सीएलएफ निर्माण जल्द पूरा कराने के साथ गुणवत्ता बनाए रखने को कहा। सीडीओ ने रिचार्ज सोख पिट का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुसार कराने और विकास कार्य समय से पूरे करने के निर्देश दिए। बैठक में पीडी डीआरडीए रामऔतार सिंह, डीडीओ प्रतिभा जायसवाल, डीसी मनरेगा दिनेश यादव और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सरदुल सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

अनुसूचित मोर्चा की नई टीम का हुआ स्वागत, 2027 की जीत का लिया संकल्प

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। भाजपा जिला कार्यालय में अनुसूचित मोर्चा की नवगठित जिला कार्यकारिणी का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि सदर विधायक एवं समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार अनुसूचित समाज के कल्याण, शिक्षा और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए योजनाएं चला रही है। कार्यकर्ता इनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाएं। पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर निर्भर करती है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने की अपील की।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत ने बूथ स्तर पर संगठन विस्तार पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष महिपाल कन्नौजिया ने की।

इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों ने 2027 के विधानसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में फिर भाजपा सरकार बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री रामवीर कठेरिया, नयन दोहरे, विजय शंखवार, सुनील कन्नौजिया, अनिल दोहरे, अरुण कठेरिया, अजय भारती, राजेश दिवाकर, चंद्रभान दोहरे, वीरेंद्र कठेरिया समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संज्ञेय अपराध की आशंका में युवक गिरफ्तार

छिबरामऊ, कन्नौज। विशुनगढ़ पुलिस ने संज्ञेय अपराध घटित होने की आशंका को देखते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश पर थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया की टीम ने यह कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गांव करवा निवासी शिव वाल्मीकि उर्फ शिवम वाल्मीकि पुत्र अनिल कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126 और 135 के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हरदयाल उपाध्याय, कांस्टेबल सचिन कुमार और आशीष कुमार शामिल रहे।

प्रांतीय सांस्कृतिक प्रश्न मंच में वैष्णवी, सृष्टि और मानवी रहीं प्रथम



समृद्धि न्यूज

छिवरामऊ, कन्नौज। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की मेधावी छात्राओं ने प्रांतीय सांस्कृतिक प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और नगर का गौरव बढ़ाया है। तरुण वर्ग की इस प्रतियोगिता में छात्राएं वैष्णवी दुबे, सृष्टि यादव और मानवी तिवारी विजेता रहीं।

छात्राओं की इस शानदार सफलता पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ला ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाली इन बहनों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रश्न मंच प्रतियोगिता के प्रमुख आचार्य अनुराग त्रिपाठी ने भी विजेता बहनों को बधाई दी और आगामी क्षेत्रीय (रीजनल) स्तर की प्रतियोगिताओं में भी इसी तरह विजय प्राप्त करने का आशीर्वाद व शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और क्षेत्र के गणमान्य लोगों में हर्ष की लहर है।



प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं प्रभारी मंत्री जनपद जयवीर सिंह की अध्यक्षता में जनपद के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जनपद में शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप संचालित विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा कानून व्यवस्था, जनसमस्याओं के निस्तारण और विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की स्थिति पर चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर काम करें और उनकी समस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उर्वरकों की उपलब्धता पर कड़ी नजर रखने के निर्देश देते हुए कहा गया कि खाद की ओवररेटिंग या कालाबाजारी करने वाले निजी विक्रेताओं और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। सहकारी समितियों पर खाद का भंडारण शून्य न हो। लोक निर्माण विभाग को सड़कों की मरम्मत और निर्माण में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही, दीपावली पर्व को देखते हुए विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में केवल पात्र लाभार्थियों के चयन और फैमिली आईडी योजना में प्रगति लाने पर जोर दिया गया। दीपावली पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने जिला प्रशासन की ओर से प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह को भगवान गणेश एवं माता लक्ष्मी की प्रतिमा भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। प्रभारी मंत्री सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा शासन के निर्देशानुसार संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को चेक, स्वीकृति पत्र, कृषि यंत्र, मिनी किट, नियुक्ति पत्र एवं आवास की चाबियां वितरित की गईं। दिव्यांगजन सशक्तीकरण के अंतर्गत 05 लाभार्थियों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल वितरित की गईं। उद्यान विभाग के अंतर्गत 05 लाभार्थियों को चेक तथा 10 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। कृषि विभाग के अंतर्गत 02 लाभार्थियों को कृषि यंत्र एवं 05 लाभार्थियों को मिनी किट वितरित की गईं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को समूह की आर्थिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रिवॉल्विंग फंड के चेक वितरित किए गए। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के 05 पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। पंचायती राज विभाग के अंतर्गत 03 सफाई कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 02 लाभार्थियों को उनके नवनिर्मित आवासों की चाबियां प्रदान की गईं। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत 05 लाभार्थियों को आर्थिक सहायता के रूप में चेक वितरित किए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी राजीव कुमार, उप निदेशक कृषि अरविंद मोहन, जिला पंचायतराज अधिकारी अविनाश चंद, जिला समाज कल्याण अधिकारी शालिनी, उपायुक्त उद्योग सोनल जिंदल, सहायक निदेशक मत्स्य सुप्रिया सहित जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।



बैठक लेते प्रभारी मंत्री मौजूद डीएम आदि



पात्र को चाबी सौंपते प्रभारी मंत्री व डीएम

सरस्वती विद्या मंदिर प्रांत में विज्ञान मॉडल में रहा अव्वल



प्रतियोगिता के दौरान मौजूद विद्यार्थी व शिक्षक

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद। विज्ञान एवं सांस्कृतिक विधाओं की प्रान्त स्तरीय प्रतियोगिताओं आयोजित की गई। जिसमें नगर के विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति के भैया बहिनो ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लोक नृत्य में प्रान्त में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के छात्र भैया शौर्य गुप्ता ने विज्ञान माडल में प्रान्त में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद को गौरव दिलाया। प्रातः दलों के वापस आने पर विद्यालय के प्रबंधक संजीव सिंह चौहान एवं प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने भैया बहिनो को सम्मानित किया। प्रबंधक ने घोषणा की विद्यालय के वार्षिक पुरुस्कार वितरण में पुनः सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदीप शर्मा, रामानंद पांडे, कृष्ण कुमार, वीरेश, शिवमोहन, प्रदीप अवस्थी, शिव कुमार, प्रदीप सिंह, गोविंद प्रसाद, संजीव, अनिरुद्ध, अजय, आलोक, बृजपाल सिंह, आर्तिका शुक्ला, प्रियंका, सरला, राम, सोनम, लक्ष्मी, मीनू, सीमा, वंशिका, शिवओम पाण्डेय, ज्योति, मोहनी, नव्या मौजूद रही।

नवनियुक्त भाजपा पदाधिकारियों का हुआ स्वागत



नगर पंचायत अध्यक्ष का स्वागत करते राजीव चतुर्वेदी

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

मंझना में नवाबगंज मंडल के भाजपा के सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का स्वागत समारोह कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष आदेश राठौर के नेतृत्व में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ0 बीके गंगवार उपस्थित रहे।

वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने पहुंचकर पदाधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले नवनियुक्त जिला पदाधिकारी विकास बाबू शाक्य जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, विवेक श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, सुधीर राठौर जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, राम लखन राजपूत जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, मृदुल गंगवार जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, आकाश ठाकुर जिला कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा, हेमसिंह लोधी जिला मंत्री किसान मोर्चा, राजीव चतुर्वेदी जिला मंत्री किसान मोर्चा, मोनिका गुप्ता जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, बलवीर कठेरिया जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा, अनूप शाक्य जिला कार्य समिति सदस्य का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में योगेन्द्र सिंह राठौड़, विजय प्रताप सिंह राठौड़, पवन सूर्यवंशी, सहित कई अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट बचाओ देश बचाओ रैली में लिया भाग



रैली में भाग लेते शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सांसद प्रियंका गांधी के आह्वान पर तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद व पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद के निर्देश एवं नेतृत्व में शहर कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट बचाओ देश बचाओ रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अंकुर मिश्रा अपने साथ अनिल कुमार मिश्रा, शहनियाज़ उर रहमान, ज़ाकिर खां, वात्सल्य मिश्रा, साबिर खां और जीतराज तोमर को लेकर दिल्ली पहुँचे। संजीव शर्मा अपने साथ दिलीप यादव, मुफीद खां और लक्ष्मन शाक्य को बस के जरिए लेकर रामलीला मैदान पहुँचे और रैली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनके अलावा प्रदेश कांग्रेस महासचिव प्रकाश प्रधान, पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा और अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष खालिद उस्मानी भी इस राष्ट्रीय स्तर की रैली में विशेष रूप से शामिल हुए। रैली का मुख्य उद्देश्य देश और लोकतंत्र की रक्षा से जुड़े मुद्दों को उठाना था।

ट्रेन की चपेट में आने से बाल-बाल बचा किसान

- साइकिल और डीएपी खाद की बोरियां क्षतिग्रस्त

समृद्धि न्यूज,कमालगंज।

थाना क्षेत्र के ग्राम सरैया के पास रेलवे ट्रैक पर एक किसान दो बोरी डीएपी खाद लेकर साइकिल से रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी अचानक तेज गति से कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस आ गई।

स्थानीय लोगों के अनुसार किसान अपनी जान बचाने के लिए साइकिल को ट्रैक पर ही छोड़कर तुरंत दूर भाग गया। ट्रेन के वहां पहुंचने से कुछ ही सेकंड पहले वह सुरक्षित बाहर निकल आया, जिससे उसकी जान बाल-बाल बच गई। हालांकि, इस दौरान किसान की साइकिल और खाद की दोनों बोरियां ट्रेन के नीचे फंसकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। ग्रामीणों ने बताया कि पीड़ित किसान सरैया गांव का ही निवासी है और वह अपने खेत में खाद डालने के लिए जा रहा था।

अचानक ट्रेन आ जाने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे रेलवे कर्मियों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। रेलवे अधिकारियों ने इस संबंध में बताया कि ट्रैक पर कड़ी नजर रखी जा रही है और भविष्य में इस तरह के हादसों को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। गनीमत यह रही कि इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, केवल साइकिल और खाद को नुकसान पहुंचा है।



इंजन में फंसी खाद की बोरी निकालते रेलवे कर्मी

खबरें एक नजर में

श्रीमद् भगवत कथा पर कवि सम्मेलन आयोजित



काव्य पाठ करते कवि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पटेल नगर में चल रही श्रीमद् भगवत कथा के तहत कथा व्यास पंडित अतुल अग्निहोत्री के संरक्षण में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जो रात 08 बजे संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के तमाम श्रोताओं ने पहुंचकर कविताओं का आनंद लिया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता प्रख्यात कवि सत्यपाल सिंह सोमवंशी ने की। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। भगवत कथा के इस आध्यात्मिक मंच पर उपस्थित सभी कवियों ने ओज, वीर रस, राष्ट्र भावना, शहीदों के सम्मान और प्रभु भक्ति से ओत-प्रोत रचनाएँ प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन में निमिष टंडन, देवेश तिवारी सहित लगभग 10 कवियों ने अपने बेहतरीन काव्य पाठ से समां बांध दिया। कवियों को माँ सरस्वती का चित्र, शाल और राम नाम की पट्टिका भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अनिल तिवारी, रजनीश प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

अरुण अग्निहोत्री बने कांग्रेस मनवाधिकार के प्रदेश महामंत्री

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। कांग्रेस उत्तर प्रदेश मानवाधिकार विभाग के चेयरमैन अली आसिफ जमा रिजवी ने अंगूरीबाग निवासी डॉ. अरुण अग्निहोत्री को प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया है। डॉ. अरुण अग्निहोत्री कांग्रेस पार्टी में रहकर संगठन के लिए लगातार कार्य कर रहे थे। उनके कार्यों को देखते हुए प्रदेश चेयरमैन ने उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है। अरुण अग्निहोत्री ने बताया कि संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी मिली है उसका मैं निर्वाहन करूंगा और आगामी चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी को जिताने के लिए तन, मन धन से सहयोग करुंगा। डॉ. अरुण अग्निहोत्री के प्रदेश महामंत्री बनने पर उनके निवास पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत कर उन्हें बधाई दी।

भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों का स्वागत



स्वागत के दौरान मौजूद भाजपा नेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विधानसभा भोजपुर के जहानगंज मंडल में मण्डल महामंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि रजनेश राजपूत के प्रतिष्ठान पर भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभय सिंह जनसेवक और जिला अध्यक्ष उमेश बाबू राठौर का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा अरविन्द कटियार, जिला उपाध्यक्ष विकास बाबू शाक्य, जिला मंत्री सरजीत कुमार, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामलखन राजपूत तथा राजकिशोर भदौरिया का भी स्वागत किया गया। रजनेश राजपूत ने तमाम उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सभी अतिथियों को माला पहनाकर, पटका ओढ़ाकर और पगड़ी बांधकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

अभियान 15 नवंबर तक बढ़ा संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। शासन ने जनस्वास्थ्य की सुरक्षा और संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की अवधि 15 दिन और बढ़ा दी है। अब यह अभियान 15 नवंबर तक संचालित किया जाएगा। पहले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक तथा दस्तक अभियान 12 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जाना निर्धारित था। स्वास्थ्य विभाग की टीमें डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और जापानी इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करेंगी तथा जलभराव रोकने व टंकियों की सफाई की सलाह देंगी। आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार के मरीजों की पहचान करेंगी और उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच व उपचार के लिए भेजेंगी। नगर निकायों और पंचायतीराज विभाग के सहयोग से नालियों की सफाई, कचरा निस्तारण और मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने का काम किया जाएगा। चिकित्सा, नगर विकास, शिक्षा और पंचायतीराज सहित अन्य विभागों के आपसी समन्वय व निगरानी से अभियान को प्रभावी बनाया जाएगा, ताकि हर क्षेत्र तक स्वास्थ्य सुरक्षा पहुंचे।

स्टे के बावजूद विवादित भूमि पर कब्जे का प्रयास

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के गांव हमीरपुर के निवासी देवेंद्र सिंह पुत्र गंगाराम ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके निकट स्थित खेत को लेकर न्यायालय में विवाद चल रहा है। इस मामले में न्यायालय द्वारा स्टे ऑर्डर भी पारित किया गया है। इसके बावजूद गांव के ही कुछ आरोपीगणों द्वारा उस भूमि पर जबरन घूरा भरने और कब्जा करने का प्रयास किया गया। जब पीड़ित देवेंद्र सिंह ने अवैध कब्जे और गतिविधि का विरोध किया, तो आक्रोशित आरोपीगणों ने उनके साथ लाठी-डंडों से लैस होकर मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद पीड़ित देवेंद्र सिंह ने थाने पहुंचकर नामजद आरोपीगणों के विरुद्ध तहरीर दी और पुलिस से कड़ी कार्रवाई व न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले की गहनता से जाँच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

14 दिन से लापता शराबी युवक का शव बरामद

समृद्धि न्यूज,कमालगंज।

थाना क्षेत्र के आरपी डिग्री कॉलेज के पास युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने शव को देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। मृतक की पहचान जहानगंज थाना क्षेत्र के बंदरखेड़ा निवासी 35 वर्षीय दीपचंद पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर यूपी 112 की दो गाड़ियां और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ की। कुछ ही देर बाद मृतक के चाचा अवधेश सहित अन्य परिजन भी वहां पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि दीपचंद करीब 14 दिन पहले घर से निकला था और वह अक्सर कई-कई दिनों तक घर से बाहर रहता था। दीपचंद को शराब पीने की बुरी आदत थी, वह शादीशुदा था और उसके पाँच बच्चे हैं। इसके अलावा, उसके दाहिने पैर में सेप्टिक की समस्या भी थी। घटनास्थल के पास ही बिहार बस्ती है, जहाँ कच्ची शराब की बिक्री होती है। स्थानीय लोगों ने अनुमान लगाया कि दीपचंद ने वहाँ से कच्ची शराब खरीदी होगी और अत्यधिक नशे में होने के कारण उसकी मौत हो गई। दरोगा कमलेश सिंह व थाना प्रभारी दीपक त्रिवेदी ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

युवाओं ने दिया नशा मुक्त और विकसित भारत का संदेश

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, जनपद के तत्वावधान में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2027 के अंतर्गत नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत थीम पर आधारित जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम युवा उत्सव का आयोजन रखा इण्टर कालेज फतेहगढ़ में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ रखा इण्टर कालेज के प्रबंधक राजेश मसीह एवं प्रशांत कटियार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उत्सव के दौरान पाँच प्रमुख विधाओं चित्रकला, कविता लेखन, लोकनृत्य समूह, लोकगीत समूह एवं नुक्कड़ नाटक में प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। चित्रकला में रखा इण्टर कालेज की अंजली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभिनव व सुधा ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा प्रिया तृतीय स्थान पर रहीं। कविता लेखन में गायत्री प्रथम, नम्रता द्वितीय तथा तान्या तृतीय स्थान पर रहीं। लोकनृत्य समूह में जीजीआईसी की टीम ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। लोकगीत समूह में जीजीआईसी की टीम मानसी, चंचल यादव, राधा यादव, सोनम, नित्या, संध्या, अदीबा प्रथम स्थान पर रही। नुक्कड़ नाटक में जीजीआईसी की टीम प्रथम स्थान पर रही, जबकि रखा बालिका इण्टर कालेज संजना, पल्लवी, दिव्यांशी, दिव्या, अनुराधा, रिमा राठौर, रिमा कुशवाहा, प्रतिज्ञाद्ध की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गठित निर्णायक मंडल में दिव्या सिंह, मंजू, ऋतु सक्सेना, गुलशन जहाँ, प्रवक्ता अनीता सिंह शामिल रहीं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को उपहार एवं पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अनुराग, प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी पुष्पेन्द्र यादव, युवा कल्याण अधिकारी शुभम सिंह, जीतू, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।



प्रमाण पत्र के साथ मौजूद युवा

मेगा विधिक सहायता व सेवा शिविर, पात्रों का हुआ पंजीकरण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

- छात्र-छात्राओं ने भाषण, नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से संविधान के प्रति किया जागरूक

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार के मुख्य आतिथ्य में मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन ऑफिसर क्लब फतेहगढ़ में किया गया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना तथा आमजन को सुलभ, सुगम एवं त्वरित न्याय की व्यवस्था से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार सहित अन्य अतिथिगण द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अतिथियों ने परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विधिक जागरूकता पर आधारित प्रदर्शनी तथा स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों से स्टॉलों पर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, योजनाओं की जानकारी तथा लाभार्थियों को प्रदान किए जा रहे लाभ के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को विधिक अधिकारों, त्वरित न्याय और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना तथा पात्र लाभार्थियों का मौके पर पंजीकरण करना है। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी गई और जरूरतमंदों के मौके पर पंजीकरण किए गए। विधि विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाषण, नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से संविधान, मौलिक अधिकारों और नागरिक कर्तव्यों का संदेश दिया। उत्कृष्ट प्रस्तुतियां देने वाले छात्र-छात्राओं और प्रतिभागियों को न्यायिक अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जज/नोडल अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, क्षेत्राधिकारी सदर अभय वर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुभाष राजपूत सहित अन्य न्यायाधीशगण, न्यायालय के अधिकारी एवं कर्मचारी, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी, विधि विद्यालयों के छात्र-छात्राएं तथा अन्य नागरिक उपस्थित रहे।



स्टालों का निरीक्षण करते न्यायाधीश

पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने युवक को पीटा

नवाबगंज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव भारत नगर में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। युवक ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार भारत नगर निवासी देव सिंह पुत्र कालीचरण ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह बीते रात करीब 9 बजे अपने ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही कुछ दबंग आरोपी पुराने रंजिश को लेकर वहां आ धमके और पीड़ित के साथ गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़ित देव सिंह ने गालियों का विरोध किया, तो आक्रोशित आरोपीगणों ने उसे खेत में ही लाठी-डंडों से बुरी तरह पीट दिया। मारपीट से आहत और डरा हुआ पीड़ित सीधे थाने पहुंचा और नामजद आरोपियों के खिलाफपुलिस को लिखित तहरीर सौंपी। घटना के संबंध में थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर ले ली है और मामले की गंभीरता से जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

सशक्त युवा सुरक्षित डिजिटल भविष्य पर हुई कार्यशाला

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व शिक्षकगण

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, आईआईटी कानपुर और कृष्णा देवी बालिका डिग्री कॉलेज लोहियापुरम आवास विकास के संयुक्त तत्वावधान में सशक्त युवा सुरक्षित डिजिटल भविष्य, साइबर सुरक्षा, नवाचार एवं वित्तीय साक्षरता विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के निदेशक प्रोफेसर राजेश कुमार द्विवेदी रहे। उन्होंने प्राचार्यों, समन्वयकों तथा छात्र-छात्राओं को कार्यशाला के विषय से अवगत कराते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। डॉ0 दिव्यांश शुक्ला ने छात्राओं को इनोवेशन फाउंडेशन के कार्यों और उनके भविष्य में इसके सहायक होने पर विचार व्यक्त किए। शैलेंद्र कुमार यादव ने साइबर सुरक्षा एल.एम.एस. लॉगिन और छात्र-छात्राओं के लिए इसके लाभों पर प्रकाश डाला। प्रभाकर सिंह ने नवाचार और वित्तीय साक्षरता के पहलुओं पर अपने विचार रखे। डॉ0 श्याम मिश्रा ने संपूर्ण कार्यशाला की रूपरेखा और अपने विचार प्रस्तुत किए। अमन राज ने साइबर सुरक्षा और कोर्स मॉड्यूल के विषय में छात्राओं को जागरूक किया। इवान दास और गौरव त्रिपाठी भी अन्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी भी कार्यशाला में शामिल हुए। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों को साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन बैंकिंग की सुरक्षा, डिजिटल भुगतान, यूपीआई धोखाधड़ी, ओटीपी की गोपनीयता तथा सुरक्षित इंटरनेट के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

विशेषज्ञों ने बताया कि डिजिटल लेन-देन करते समय पूरी सावधानी बरतनी चाहिए तथा किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक संबंधी जानकारी, एटीएम पिन और ओटीपी साझा नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा के नए उपायों और तकनीकी नवाचारों पर भी चर्चा की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य सभी को डिजिटल एवं वित्तीय साइबर अपराधों के प्रति सतर्क करना था। संचालन डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव ने किया। प्राचार्य डॉ. अरिमर्दन सिंह ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

बाइक सवार युवक को दबंगों ने पीटा, पुलिस से लगायी गुहार

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाइक से घर लौट रहे एक युवक को रास्ते में रोककर दबंगों द्वारा गाली-गलौज करने और विरोध करने पर मारपीट कर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में लिखित तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा भाजी निवासी अनिल कुमार पुत्र अतर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह सुबह नवाबगंज बाजार से अपनी बाइक द्वारा घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह ग्राम उमरपुर के निकट पहुँचा, वहाँ आरोपी पहले से मौजूद थे। पीड़ित के अनुसार आरोपी अत्यधिक नशे की हालत में थे और उन्होंने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पीड़ित अनिल कुमार ने गालियों का विरोध किया, तो आक्रोशित आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने फोन कर अपने परिजनों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुँचे और पीड़ित को लेकर थाने आए। पीड़ित पक्ष की ओर से ग्राम फतनपुर निवासी रिंकू, कल्लू पुत्रगण रामनाथ और सीटू पुत्र रिंकू के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर उसका मेडिकल परीक्षण कराकर मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

कठेरिया समाज कल्याण समिति ने किया मेधावियों को सम्मानित

किशनी विधायक ब्रजेश कठेरिया बोले, बच्चे समाज की शान, उच्च शिक्षा से रोशन करें देश का नाम

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

कठेरिया समाज कल्याण समिति की ओर से ठंडी सड़क स्थित नवभारत सभा भवन में मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें हाईस्कूल के 60, इंटरमीडिएट के 30 और उच्च शिक्षा में 20 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले भर के 110 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ बौद्ध भिक्षुओं ने बाबा साहेब डॉ0 भीमराव आंबेडकर और भगवान बुद्ध के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया।

मुख्य अतिथि किशनी विधायक ब्रजेश कठेरिया ने कहा कि मेधावी



कार्यक्रम में सम्मानित होते मेधावी मौजूद अतिथि

बच्चे समाज की शान हैं। प्रत्येक माता-पिता को अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने का प्रयास करना चाहिए, ताकि वे आगे बढ़कर देश और समाज का नाम रोशन कर सकें। समिति के जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र कठेरिया ने युवाओं से बाबा साहेब के पदचिह्नों पर चलने और शिक्षा को जीवन में प्राथमिकता देने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष रघुवीर सिंह कठेरिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में केपी सिंह और डॉ0 अजय कुमार सिंह मौजूद रहे। समारोह में समिति के प्रदेश महामंत्री राजेश कठेरिया ने सामाजिक कुरीतियों पर विचार रखते हुए कहा कि तेरहवीं जैसे आयोजनों से शोकग्रस्त परिवार पर आर्थिक बोझ पड़ता है। ऐसे आयोजनों को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। दुख की घड़ी में परिवार के घर जाने पर औपचारिक खर्च बढ़ाने के बजाय उसे आर्थिक सहायता देकर सहयोग करना चाहिए, ताकि संकट के समय परिवार को राहत मिल सके। कार्यक्रम में केआर वर्मा, जसकरन कठेरिया, पंकज कठेरिया, एचडी कठेरिया, विजय गांधी, नीलम कठेरिया, सुषमा कठेरिया, प्रशांत कठेरिया, अवधेश कठेरिया, देव कठेरिया, रमन कठेरिया, जगपाल कठेरिया, वीरेंद्र, अमित, डालचंद्र, हवलदार मौजूद रहे।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शिक्षकों ने उठायी मांग



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पुरानी पेंशन योजना की बहाली, फीडर कैडर तथा अन्य लंबित मांगों को लेकर फुफुक्टा के आह्वान पर एलवाई डिग्री कॉलेज कायमगंज के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। शिक्षकों के इस आंदोलन के तहत 2, 3 और 4 नवंबर को काली पट्टी बांधकर कार्यस्थल पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 5 नवंबर को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय शिक्षक संघ इकाई के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, महामंत्री अभिषेक कुमार सिंह, कूटा जिला महामंत्री डॉ0 देवेंद्र कुमार, डॉ0 विपिन सिंह, डॉ0 आशीष तिवारी, ब्रजेश वर्मा, दिनेश चंद्र, अरविंद कुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

एजुकेशनल मूवमेंट सोसायटी की बैठक संपन्न

14 नवंबर को दी जाएगी सर सैयद अहमद स्कॉलरशिप

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

एजुकेशनल मूवमेंट सोसायटी फतेहगढ़ की बैठक इस्लामिया जूनियर हाईस्कूल हाथीखाना फतेहगढ़ में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 14 नवंबर को सुबह 10 बजे हाजी अख्तर हुसैन रहमानी पब्लिक स्कूल एंड गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित होने वाले सर सैयद अहमद स्कॉलरशिप कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

सोसायटी के सचिव सैयद रिजवान अली ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कुल 60 मेधावी बच्चों को नकद स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। इसके



बैठक में मौजूद पदाधिकारी

साथ ही छात्रों के प्रोत्साहन हेतु एक भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। बैठक के दौरान सोसायटी के सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव रखे और कार्यक्रम को सफल बनाने की रूपरेखा तैयार की। इस अवसर पर नसर ख़ालिक़, हाजी शमीम खान, सुहेल अहमद फारूकी, शाहिद हुसैन, रऊफखान, सलीम अहमद, असलम अब्बासी, तसब्बर हुसैन, अंसार सिद्दीकी, मुबीन सिद्दीकी, खुर्शीद अहमद खान, फरियाब खान उपस्थित रहे।

दिल्ली की महारैली में पहुंचे शिवाशीष तिवारी



रैली में भाग लेते शिवाशीष तिवारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया ब्लॉक की रैली में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार, चुनाव आयोग और मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर जमकर हमले किए। जनपद से कई कांग्रेसी नेताओं ने दिल्ली पहुंचकर रैली में भाग लिया। पीसीसी कोआर्डिनेटर शिवाशीष तिवारी ने अपने साथियों के साथ दिल्ली पहुंचकर आयोजित रैली में भाग लिया। उन्होंने यातायात का विरोध करते हुए हाथों में तख्ती लेकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह किसी एक राजनीतिक दल या नेता की आवाज नहीं है। यह देश के युवाओं, किसानों और मजदूरों की आवाज है।

बैठक में बाल संरक्षण व सुरक्षा के विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

विकास खण्ड बढ़पुर में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक खंड विकास अधिकारी योगेश पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा, संरक्षण एवं उनके सर्वांगीण विकास से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल तस्करी, साइबर अपराध तथा बच्चों के विरुद्ध होने वाले विभिन्न अपराधों की रोकथाम पर जोर दिया गया।

खंड विकास अधिकारी योगेश पांडेय ने बाल संरक्षण के सभी मुद्दों पर संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा बच्चों के सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण में विकास हेतु आवश्यक



बैठक को संबोधित करते सचिन सिंह

कदम उठाने पर बल दिया गया। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति की रोकथाम हेतु ग्राम स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाने, संभावित बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करने तथा संबंधित विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करने के संबंध में चर्चा की गई। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों को चिन्हित कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उनके पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। उन्होंने वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों के दृष्टिगत बच्चों एवं अभिभावकों को ऑनलाइन सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन शोषण एवं अनजान व्यक्तियों से संपर्क के संभावित खतरों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर चर्चा की गई।

बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी सोना भदौरिया, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी संतोष कुमार, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि सी0पी0 सिंह, चिकित्साधीक्षक डॉ0 निर्दोष कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता अखलेश कुमार, चाइल्ड हेल्पलाइन काउंसलर ज्योति शर्मा, आउटरीच कार्यकर्ता संदीप सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

अभिषेक त्रिवेदी बने भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने जनपद के मूल निवासी और गंगापार कुम्हरौर गांव के रहने वाले अभिषेक त्रिवेदी को भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। बड़ी जिम्मेदारी के मिलने पर पूरे प्रदेश भर से कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों द्वारा उन्हें लगातार बधाइयां दी जा रही हैं। अभिषेक त्रिवेदी का संगठनात्मक सफर काफी लंबा और समृद्ध रहा है। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में लंबे समय तक विभिन्न पदों पर निष्ठापूर्वक कार्य किया है। वर्ष 2017 में भाजपा में पूर्णकालिक के रूप में प्रवेश करने के बाद उन्होंने सीसामऊ, बिठूर, घाटमपुर, औरैया और कानपुर की गोविंदनगर विधानसभा में चुनाव सहायक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त वे कानपुर महानगर में जिला विस्तारक और लोकसभा विस्तारक भी रहे। वर्ष 2025 में भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक बने अभिषेक त्रिवेदी को राज्यपाल द्वारा प्रदेश सरकार के दिव्यांग कल्याण बोर्ड में सदस्य भी मनोनीत किया जा चुका है। अब प्रदेश संयोजक बनाए जाने के बाद वे उत्तर प्रदेश में निवास करने वाले 65 लाख से भी अधिक दिव्यांगजनों के अधिकारों और नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करेंगे। अभिषेक त्रिवेदी ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा का मूल मंत्र उनके जीवन का ध्येय है और उनके लिए राजनीति सदैव समाज सेवा का ही एक माध्यम रहेगी।

नाटक अकादमी की संगीत प्रतियोगिता संपन्न



प्रमाण पत्र दिखाते प्रतिभागी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता का आयोजन जेएन मेमोरियल स्कूल घारामपुर में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के शुभारंभ में शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता की प्रदेश संयोजिका रेनू श्रीवास्तव, केन्द्र संयोजक सुरेन्द्र पाण्डेय, विद्यालय प्रबंधक दुष्यंत दुबे, कविता सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया। कार्यक्रम में कानपुर की कविता सिंह, लखनऊ से पार्थो प्रतिमा मुखर्जी, आकांक्षा श्रीवास्तव, रंजना श्रीवास्तव, मथुरा से अरुण रावल, अमन मिश्रा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

प्रदेश संयोजिका रेनू श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों की प्रतियोगिता संगीत नाटक अकादमी लखनऊ में आयोजित होगी जो कि प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता होगी। विद्यालय के चेयरमैन अंजुम दुबे ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं अतिथियों को सम्मानित किया। इस दौरान ओलंपिक संघ के सचिव अवनीन्द्र कुमार, अरविंद दीक्षित, नवीन मिश्र, दिनेश अवस्थी, सूक्ष्मा पाण्डेय, अंशिका, ऋतु, रेखा, रमा, अंकिता, माधव, अनुराग, अमन, सिमरन सिंधी आदि उपस्थित रहे।

राज्य कर्मचारी व पेंशनर्स एसो. ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

राज्य कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम सदर को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए। साथ ही आठवें वेतन आयोग का लाभ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी प्रदान किया जाए और जो राजनीतिक पार्टी पेंशनर्स के हितों की बात करेगी, पेंशनर्स एसोसिएशन आगामी विधानसभा चुनाव में उसका समर्थन करेगी। जिला अध्यक्ष विष्णु भगवान कटियार ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को चिकित्सा प्रतिपूर्ति भुगतान प्राप्त करने



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पेंशनर्स

में हो रही परेशानी को देखते हुए ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों व्यवस्थाओं को पूरी तरह लागू किया जाए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभुदयाल ने कहा कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर पूरे प्रदेश में धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है और पेंशनर्स की मिल रही सुविधाओं की अनदेखी भारी सरकार को मंहगी पड़ेगी।

कार्यकारी अध्यक्ष राजेश निराला ने कहा कि राज्य कर्मचारियों की भाँति सेवानिवृत्त माध्यमिक परिषद विद्यालयों के सेवानिवृत्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए। जिला मंत्री राजीव कुमार बाजपेयी ने कहा कि सरकार कर्मचारी एवं पेंशनर्स विरोधी है। राकेश सारस्वत ने कहा कि जो राजनीतिक पार्टी पेंशनर्स के हित की बात करेगी, पेंशनर्स एसोसिएशन आगामी विधानसभा चुनाव में उसका समर्थन करेगी। इस मौके पर अरुण कुमार दुबे, ज्ञानेश्वर प्रसाद राजपूत, शिवराम सिंह कुशवाहा, राकेश कुमार दुबे, रामशरण, अमरनाथ कश्यप, सियाराम सागर, रमेश चन्द्र दुबे, प्रदीप श्रीवास्तव, नत्थूलाल, रघुराज सिंह, हरिशचन्द्र, योगराज सिंह, मुनीश चन्द्र दीक्षित, रामपाल शर्मा, रामफेरत, ब्रह्मदेव मिश्रा, हरिवंश कुमार सिंह, चन्द्रबाबू वाजपेयी आदि मौजूद रहे। संचालन सुखदेव दीक्षित ने किया।

बैठक में हुई लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों पर चर्चा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पूर्वांचल विकास समिति की बैठक ब्रजभूषण सिंह के आवास भोलेपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष केदार साह ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को धूमधाम से मनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देना था। बैठक में सर्वसम्मति से छठ पूजा के विभिन्न कार्यक्रमों की तिथियां और स्थान इस प्रकार निर्धारित किए गए हैं। नहाय-खाय को 13 नवंबर बढ़पुर में, खरना 14 नवंबर को बढ़पुर में, संध्या अर्घ्य 15 नवंबर रविवार को पांचाल घाट, प्रातः कालीन अर्घ्य 16 नवंबर सोमवार को पांचाल घाट पर दिया जायेगा। बैठक के दौरान समिति के सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे तथा महापर्व छठ को पूरी भव्यता और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

भाकियू का अनिश्चितकालीन धरना व भूख हड़ताल चौथे दिन भी जारी



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

भारतीय किसान यूनियन अखंड के बैनर तले चल रहा अनिश्चितकालीन धरना और भूख हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही। आंदोलन के चौथे दिन प्रशासन और विभिन्न विभागों के अधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। राजेपुर थाना अध्यक्ष ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों की समस्याएं सुनीं। एनएचआई 730सी बरेली-इटावा हाईवे पर यूनियन द्वारा घटिया निर्माण के उठाए गए सवालों पर प्रोजेक्ट मैनेजर विश्वास मिश्रा अपनी टीम के साथ धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि चार नए पुलों का निर्माण अतिशीघ्र कराया जाएगा और बेवर-इटावा हाईवे मार्ग पर 15 दिन के अंदर नई लेयर डालने का कार्य शुरू किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता से वार्ता के बाद जेई अंकित सिंह धरना स्थल पर पहुंचे और अपने विभाग के अंतर्गत आने वाली सड़कों का चिन्हांकन किया। उन्होंने बताया कि कुछ सड़कों का निर्माण मंडी परिषद एवं प्रांतीय खंड से होना है तथा जल्द ही कार्य योजना की सूची संगठन को उपलब्ध करा दी जाएगी। भूख हड़ताल पर बैठे जिला उपाध्यक्ष रक्षपाल सिंह का स्वास्थ्य परीक्षण राजेपुर सरकारी अस्पताल की टीम द्वारा किया गया। तहसील अमृतपुर में धड़ले से हो रहे खनन पर खनन अधिकारी द्वारा कोई संज्ञान न लेने और धरना स्थल पर न आने पर रोष व्यक्त किया गया। सदर तहसील के पापियापुर के किसानों की अंश संशोधन से जुड़ी समस्याओं को उठाया गया। आरोप लगाया गया कि वर्तमान लेखपाल आशुतोष पांडे किसानों से मोटी रकम मांग रहे हैं और पैसे न देने पर जमीन को विवादित दिखाकर पल्ला झाड़ रहे हैं। संगठन ने चेतावनी दी है कि जब तक भ्रष्ट लेखपाल के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक धरना लगातार जारी रहेगा।

सपा व्यापार सभा आज सौंपेगी डीएम को ज्ञापन

फर्रुखाबाद। समाजवादी व्यापार सभा के नि0 जिलाध्यक्ष रोमित सक्सेना के नेतृत्व में व्यापारियों की समस्याओं को लेकर ३ नवम्बर मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जायेगा। दीपावली पर छोटे एवं फुटकर व्यापारियों की समस्याओं व उनके उत्पीड़न व शोषण न किये जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा जायेगा।

उपजाऊ भूमि के अधिग्रहण का किया जोरदार विरोध

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में अपनी भूमि बचाने के लिए किसान सड़क पर उतर आए। किसान आंदोलन के प्रदेश अध्यक्ष अजय अनमोल के नेतृत्व में शमशाबाद ब्लॉक के ग्राम अमलैया आशानंद में आयोजित भूमि बचाओ किसान सम्मेलन एवं पटेल जयंती समारोह में किसानों ने औद्योगिक गलियारे के नाम पर जनपद की हजारों एकड़ उपजाऊ भूमि के प्रस्तावित अधिग्रहण का जोरदार विरोध किया। अजय अनमोल ने कहा कि औद्योगिक गलियारे के नाम पर लगभग 55 हजार बीघा उपजाऊ भूमि के अधिग्रहण का प्रस्ताव किसानों के हितों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा यह प्रस्ताव कानून के विरुद्ध है। सबसे



पदयात्रा में भाग लेते किसान नेता

बड़ी विडंबना यह है कि सरकार संसद में स्वयं बनाए गए भूमि अधिग्रहण कानून, 2013 को ही लागू नहीं कर रही है। जब संसद ने किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए कानून बनाया है, तो सरकार उसी कानून की भावना को दरकिनार कर किसानों की जमीन लेने के नए रास्ते क्यों तलाश रही है। अजय अनमोल ने कहा कि विकास के नाम पर किसानों की उपजाऊ भूमि लेकर विनाश का रास्ता तैयार नहीं किया जा सकता। किसान अपनी जमीन का मालिक है और अपनी आजीविका का आधार किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के समय के 1894 के भूमि अधिग्रहण कानून के स्थान पर संसद ने वर्ष 2013 में नया भूमि अधिग्रहण कानून बनाया, जिसमें किसानों के अधिकारों, उचित मुआवजे, सहमति और पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए। यदि किसानों की भूमि लेने के लिए कानून की भावना को दरकिनार किया जाता है, तो किसान इसका लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करेंगे। प्रदेश प्रभारी अशोक कटियार ने कहा कि किसानों की भूमि लेकर पूंजीपतियों को सौंपने की कोशिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। किसान अपनी भूमि का मालिक है और उसका यह अधिकार कोई नहीं छीन सकता। जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार ने कहा कि किसानों की भूमि बचाने का आंदोलन अधिग्रहण प्रस्ताव वापस होने तक जारी रहेगा। इस मौके पर बीके गंगवार, रमेश राठौर, प्रमोद गंगवार, मृदुल गंगवार, बिजेंद्र गंगवार, अनुराग, सुनील कुमार, मदारी गंगवार, सुलभ पटेल, विष्णु चंद्र, गुड्डी देवी, लक्ष्मी देवी, कमला देवी, प्रीति देवी उपस्थित रहीं।

राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में 300 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

स्व0 ब्रह्मदत्त स्टेडियम में राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। खेल आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों कानपुर, मैनपुरी, कन्नौज, शाहजहाँपुर, सहारनपुर, लखनऊ और आगरा से आए लगभग 300 बाल खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा व आत्मरक्षण कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा नेता प्रांशु दत्त द्विवेदी ने किया। विशिष्ट अतिथि बबिता पाठक, लालजी सक्सेना, अशोक कुमार भारद्वाज एवं आरती भारद्वाज उपस्थिति रही। प्रांशु दत्त द्विवेदी ने कहा कि इन बच्चों में अद्भुत प्रतिभा और अपार मेहनत देखने को



कार्यक्रम में मौजूद खिलाड़ी व अतिथि

मिलती है। खेल और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए हम इस अकादमी और खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देने के लिए हमेशा तत्पर हैं। विधायक डा0 सुरभि सहित कई लोगों ने हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। समापन अवसर पर डा0 मिथिलेश अग्रवाल, पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल, सुमन राठौर, मीणा चौहान, उमा मिश्रा आदि अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाणपत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। प्रतियोगिता के आयोजक सेंसई पारस भारद्वाज ने प्रतिभागी बच्चों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 300 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संचालन हर्षित मिश्रा ने किया। निर्णायक की भूमिका सेंसई आशीष गौतम, आकाश सोनकर, कृष्णकिंग, अभ्या मिश्रा, विष्णु सक्सेना एवं पुष्कर भारद्वाज ने निभाई। स्वर्ण पदक विजेता निहारिका राठौड़, काव्या सिंह, वेदांश, सारा, आरोही, अभिषेक, रिद्धि, राधिका, विक्रम गौतम, अभिमन्यु, राज गौतम, चिराग, अभिनय सिंह, आर्यन दुबे, सोनम, श्रेया कटियार, लक्ष्मी, अर्निका एस, आसवी, अर्पिता, अंशिका शर्मा, श्रद्धा चौहान, श्रेया चौधरी, आदित्य कुमार, पीयूष शर्मा, यश, रितिक शाक्य, उमंग, तनिष्का, अन्वेषा, भव्या सिंह, पाखी सक्सेना, अर्पिता भारद्वाज, अनमोल पांडे, आदित्य, शिव, अभिनय, कुशाग्र, कठोर, आयुष, दीप, प्रांशु, युवराज, विश्रुत, शिव, हरीश, अक्षत एवं गौरव के नाम शामिल है। रजत पदक विजेता पलक, काव्या, सानवी, प्रियांशी, विकास, अनिकेत, आदित्य, शांतनु, आरव, श्रेयांश, अनिवेश, यश, आयुष, अर्चित, अंश, अर्नव, अक्षिता, छवि, रिया, प्रियांशी, आराध्या, वैष्णवी, अद्विका, शांतनु, आयुष्मा, अमितेश एवं संजना के नाम शामिल है। कांस्य पदक विजेता नमन, निशांत, युवराज, अर्पित, अक्षिता, अरनवी, संवी, पाखी, अनन्या, प्रज्ञा, आराध्य, राजकुमार, पी0 प्रिंस, अनमोल, समरीन, श्रेष्ठ, खुशी, अन्वेषा, अनन्या, आरव, अरमान के नाम शामिल रहे।

एसपी ने पुलिसकर्मियों को किया लाइन हाजिर और ट्रांसफर

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं दुरुस्त बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए एक इंस्पेक्टर, कई दीवानों और सिपाहियों के तबादले कर दिए हैं।

साथ ही कुछ पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है। लाइन हाजिर किये गये विकास सिंह जादौन अपराध निरीक्षक थाना कमालगंज, मुकेश कुमार आरक्षी थाना मऊदरवाजा, हरवीर आरक्षी थाना मऊदरवाजा, अंकित आरक्षी थाना मऊदरवाजा, डिंपल आरक्षी थाना मऊदरवाजा को किया गया। कमालगंज में उपनिरीक्षक दीपक कुमार त्रिवेदी की थानाध्यक्ष के रूप में तैनाती किए जाने के कारण ही निरीक्षक विकास सिंह जादौन को वहां से हटाया गया है। किये गये तबादले कुमारी सोनी महिला आरक्षी कोतवाली फर्रुखाबाद को थाना नवाबगंज भेजा गया है। अरविंद कुमार आरक्षी कोतवाली फतेहगढ़ को थाना कंपिल स्थानांतरित किया गया है। दीपक चौधरी आरक्षी कोतवाली फतेहगढ़ को थाना मेरापुर भेजा गया है। राजेंद्र कुमार आरक्षी को थाना मेरापुर से तथा संदीप कुमार आरक्षी थाना कादरीगेट को कोतवाली मोहम्मदाबाद स्थानांतरित किया गया है। अनुज कुमार आरक्षी थाना कादरीगेट को थाना नवाबगंज भेजा गया है। वीरेश कुमार आरक्षी को थाना कंपिल भेजा गया है। सुरेंद्र पाल आरक्षी और अजीत सिंह आरक्षी को थाना नवाबगंज भेजा गया है। मस्तराम आरक्षी कोतवाली मोहम्मदाबाद को थाना अमृतपुर भेजा गया है। अरुण कुमार मुख्य आरक्षी थाना शमशाबाद का तबादला कोतवाली फतेहगढ़ किया गया है। दीपक कुमार आरक्षी थाना कंपिल को कोतवाली फतेहगढ़ स्थानांतरित किया गया है। अमित कुमार नागर आरक्षी थाना कंपिल, नरेश कुमार आरक्षी तथा विकास बाबू आरक्षी कोतवाली कायमगंज का तबादला थाना मऊदरवाजा किया गया है। केंद्रीय कारागार के मुख्य आरक्षी आलोक वर्मा, मुख्य आरक्षी पप्पू खान तथा कोतवाली कायमगंज के आरक्षी विजय कुमार को न्यायालय सुरक्षा में तैनात किया गया है।

बस-डंपर की भिड़ंत में एक की मौत, कई घायल

▸ ढाबे पर घूम रही बस व डंपर के बीच टक्कर के दौरान चपेट में आया ट्रक चालक

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।

कोतवाली देहात क्षेत्र के नेकराही गांव के निकट अयोध्या-प्रयागराज बाईपास स्थित पूर्वांचल ढाबे पर रविवार रात करीब 12 बजे भीषण हादसा हो गया। ढाबा परिसर में घूम रही बस और दूसरी तरफ से पहुंचे डंपर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसी दौरान वहां मौजूद ट्रक का 28 वर्षीय कंडक्टर दोनों वाहनों के बीच आकर दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे में उसकी मौत हो गई, जबकि करीब दर्जनभर लोग घायल हो गए।



मृतक की पहचान अमेठी जिले के जायस थाना क्षेत्र के पूरे कूदवत, गुजरन सराय महेशा निवासी सूफियान (28) पुत्र जान मोहम्मद के रूप में हुई है। वह ट्रक पर कंडक्टर था। बताया जाता है कि ट्रक खड़ा करने के बाद वह चाय पीने के लिए ढाबे पर जा रहा था। इसी बीच ढाबा परिसर में बस घूम रही थी और दूसरी तरफ से डंपर आ पहुंचा। दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर के दौरान सूफियान बीच में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची कोतवाली देहात पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे में सूफियान की मौत हो गई। देहात कोतवाल धर्मवीर सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। जिला मेडिकल कॉलेज में मृतक के शव का पंचायतनामा भरने की कार्रवाई की गई।

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, किशोर गंभीर

सुलतानपुर। अखंडनगर थाना क्षेत्र के कलान चौराहे पर रविवार देर रात तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका 15 वर्षीय साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों आजमगढ़ से रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने आए थे। जानकारी के अनुसार आजमगढ़ जिले के माहुल, फूलपुर क्षेत्र के दशमड़ा निवासी हिमांशु गौतम (19) पुत्र हितराज और दीपांकर (15) पुत्र मिक्की कलान गांव निवासी अपने रिश्तेदार संतोष कुमार के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आए थे। रविवार देर रात दोनों बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान कलान चौराहे पर तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखण्ड नगर ले जाया गया। वहां चिकित्सक डॉ. विवेक वर्मा ने हिमांशु गौतम को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल दीपांकर को बेहतर उपचार के लिए शाहगंज, जौनपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।घटना की सूचना पर थाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत



कुड़वार सुल्तानपुर। अमेठी जिले के जामों से मायके आ रही महिला दुर्घटना का शिकार हो गई।गम्भीर हालत में इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।जहां से हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया।रास्ते मुसाफिर खाना में महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस पंचनामा की कार्यवाही के जुटी है। सोमवार को अमेठी जिले के जामों थाना क्षेत्र के छतरगढ़ बाजगढ़ सूखी निवासी मीना देवी(46)पत्नी राकेश त्रिपाठी बाइक से भतीजे दुर्गेश पुत्र अरविंद के साथ मायके भाई प्रभात तिवारी पूरे तिलक तिवारी कुड़वार आ रही थी।तभी रास्ते में थाना क्षेत्र के बहमरपुर गांव के पास ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई।दुर्घटना में बाइक पर बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।घायलावस्था में इलाज के लिए जिला मेडिकल कालेज ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। रास्ते में मुसाफिर खाना के पास महिला की मौत हो गई।महिला की मौत होने के बाद परिजन शव लेकर कुड़वार थाना पहुंचे।जहां मृतका के पति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।जिस पर स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतका तीन बच्चों काजल,आंचल व बेटे आशु की मां थी।जिनमे काजल विवाहित है।प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

खबरें एक नजर में

त्योहारों से पहले चार दिन में सड़कें होंगी गड्ढामुक्तः डीएम

सुलतानपुर। दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैयादूज के मद्देनजर जिले में सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने संबंधित विभागों को चार दिनों के भीतर सड़कों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के साथ आयोजित सड़क सुरक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें।डीएम ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे सहित प्रमुख मार्गों पर पेट्रोलिंग बढ़ाने और ओवरस्पीडिंग पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए। एक्सप्रेसवे के सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि वहां 16 पेट्रोलिंग वाहन, दो कंट्रोल रूम, चार सब सेंटर और 24 एंबुलेंस संचालित हैं। हेल्पलाइन नंबर 14449 भी उपलब्ध है।डीएम ने दुर्घटना संभावित स्थलों और ब्लैक स्पॉट पर रिफलेक्टर, चेतावनी बोर्ड, रेडियम साइनेज, रंबल स्ट्रिप और सफेद पट्टी लगाने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग, मंडी समिति और नगर पालिका को अपने अधीन मार्गों की मरम्मत कराने को कहा। अधिकारियों को चार दिन में गड्ढामुक्ति की प्रगति रिपोर्ट देनी होगी।बैठक में एआरटीओ ने बताया कि विगत रात्रि से अब तक 36 चालान किए गए हैं, जबकि इस माह 40 बसों का चालान हुआ है। डीएम ने बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, शराब पीकर वाहन चलाने और ओवरस्पीडिंग के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए।

काला फीता बांधकर शिक्षकों ने जताया विरोध

सुलतानपुर। फुपुक्टा के आह्वान पर सोमवार को गनपत सहाय पीजी कॉलेज में शिक्षकों ने काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। आक्टा के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में शिक्षकों ने लंबित समस्याओं के समाधान की मांग उठाते हुए शासन की नीतियों के प्रति नाराजगी जताई।शिक्षक संघ इकाई के अध्यक्ष प्रो. शक्ति सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने शिक्षक एकता के नारे लगाए। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के प्रति शासन की उदासीनता जारी रही तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन में शिक्षक संघ इकाई के मंत्री प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. जयशनाथ मिश्र, डॉ. शहनवाज आलम, प्रो. मोहम्मद शाहिद, प्रो. राजीव श्रीवास्तव, प्रो. गीता त्रिपाठी, प्रो. अनुज पटेल सहित महाविद्यालय के शिक्षक शामिल रहे।

दो बाइकों की भिड़ंत में महिला समेत तीन घायल

बल्दीराय, सुलतानपुर। बल्दीराय थाना क्षेत्र के गिरिजा मोड़ के पास सोमवार को दो बाइकों की आमने–सामने टक्कर हो गई। हादसे में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल मां–बेटे को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, पूरे मेहरबान मजरे सोरांव निवासी गायत्री देवी (40) पत्नी स्वर्गीय विजय प्रकाश अपने पुत्र अमन (20) के साथ बाइक से राजन जी महाराज की कथा सुनने जा रही थीं। गिरिजा मोड़ के पास उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में गायत्री देवी और अमन गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दूसरी बाइक पर सवार बीही निवासी सूरज (28) पुत्र शेर बहादुर भी चोटिल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने गायत्री देवी और अमन की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

तरही में लल्लूराम कनौजिया के नेतृत्व में हुआ पीडीए सम्मेलन

लम्भुआ, सुलतानपुर। विकास खंड लम्भुआ के तरही गांव में सोमवार को लल्लूराम कनौजिया 'फौजी' के नेतृत्व में पीडीए सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के अभियान को लेकर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता शिक्षक श्यामलाल निषाद ने कहा कि संविधान में समानता का अधिकार लिख देने मात्र से समाज में समानता स्थापित नहीं हो सकती। कानून की किताब में न्याय लिखा होने से सभी को न्याय नहीं मिल जाता। इसके लिए देश और प्रदेश के नेताओं में कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने की इच्छाशक्ति भी होनी चाहिए। सम्मेलन के संयोजक नरेंद्र कुमार गौतम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रघुवीर प्रसाद ने की, जबकि सुभाष चंद्र गौतम संरक्षक के रूप में मौजूद रहे।

मीडिया कक्ष के निर्माण कार्य का भाजपा जिला मंत्री ने किया निरीक्षण

चांदा, सुलतानपुर। प्रतापपुर कमैचा विकास खंड के ब्लॉक सभागार में निर्माणाधीन मीडिया कक्ष का भाजपा जिला मंत्री अरुण जायसवाल ने निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता परखते हुए संबंधित ठेकेदार को निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। निर्माण कार्य में लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा कराने पर भी जोर दिया। इस मौके पर पूर्व प्रधान देवी प्रसाद वर्मा, प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष अमरदेव सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी, लाल सिंह और बल्ला सिंह मौजूद रहे।


मौसम में बदलाव से बढ़े मरीज, सीएचसी पर लंबी कतारें

चांदा, सुलतानपुर। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव से मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। प्रतापपुर कमैचा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार को इलाज कराने पहुंचे मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। पर्चा बनवाने से लेकर चिकित्सकों को दिखाने और दवा लेने तक लंबी कतारें लगी रहीं। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की संख्या अधिक रही। चिकित्सक शिवनारायण विश्वकर्मा, डॉ. योगेंद्र कुमार यादव और डॉ. सौरभ सोनकर ने बताया कि इन दिनों सर्दी, जुकाम, बुखार के साथ बीपी और शुगर के मरीज भी पहुंच रहे हैं। मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श और दवाएं दी जा रही हैं।

सीडीओ ने अध्यापकों को स्व-गणना के प्रति किया जागरूक

प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारीडॉ. राममोहन मीना ने लोकमान्य तिलक इंटरमीडिएट कॉलेज और के.पी. कॉलेज में श्जनगणना–2027श् के द्वितीय चरण के तहत स्व–गणना प्रक्रिया पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। सीडीओ ने कहा कि जनगणना देश के सामाजिक और आर्थिक विकास की रीढ़ है, जिसके आंकड़ों के आधार पर सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा तैयार करती है। उन्होंने शिक्षकों और छात्र–छात्राओं से आह्वान किया कि वे स्व–गणना प्रक्रिया के प्रति खुद जागरूक हों और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें। सीडीओ ने निर्देश दिया कि जब प्रगणक घर आएं, तो उन्हें पूर्ण सहयोग दें और परिवार की सटीक व स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराएं। पारदर्शी और शुद्ध आंकड़े देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों को जनगणना प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

बाइक की टक्कर में घायल की इलाज के दौरान मौत



कुंडा–प्रतापगढ़। बाइक की टक्कर से घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। शव के घर पहुंचने के परिजनों में कोहराम मच गया। बाघराय थाना क्षेत्र के पुंवासी ग्राम पंचायत के नन्हे लाल यादव लालगोपालगंज–प्रतापगढ़ रोड पर चामुंडा गेट के पास बीते 19 अक्टूबर को पैदल जाते समय अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। जिससे नन्हे लाल यादव पुत्र समय लाल यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के लिए सीएचसी बाघराय में भर्ती कराया गया था। यहां से प्रयागराज रेफर कर किया गया था। जहां वह तब से जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करते हुए जिंदगी की जंग हार गया। जिससे उनकी अस्पताल में ही मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी प्रेमा देवी और चार बेटों का रो–रोकर बुरा हाल है। मृतक के भाई छोटे लाल यादव की तहरीर पर 20 अक्टूबर को धारा 281 तथा 125 ए का अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ बाघराय पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बाद में जानकारी हुई कि बाइक को चालक अरुण कुमार भारती पुत्र छेदी लाल भारती चल रहा था।

पुलिस एथलेटिक्स प्रतियोगिता में लखनऊ जोन उपविजेता



▸ सुलतानपुर के अभिषेक को रजत संजू को कांस्य पदक

सुलतानपुर। 74वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स कलस्टर प्रतियोगिता-2026 में लखनऊ जोन की पुलिस टीम ने उपविजेता का स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में सुलतानपुर के आरक्षी अभिषेक चौधरी ने रजत और महिला आरक्षी संजू ने कांस्य पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। 27 से 31 अक्टूबर तक 35वीं वाहिनी पीएसी महानगर लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उपलब्धि पर सोमवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने लखनऊ जोन की टीम को सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

सहायक उपकरण पाकर दिव्यांग बच्चों के चेहरे खिले

▸ 105 बच्चों को 158 उपकरणों का निशुल्क वितरण

समृद्धि न्यूज़, लम्भुआ, सुलतानपुर।



उच्च प्राथमिक विद्यालय लम्भुआ प्रथम के परिसर में समग्र शिक्षा एवं एलिम्को कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। तहसील लम्भुआ के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत चिन्हित 105 दिव्यांग बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार कुल 158 उपकरण निःशुल्क प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत लम्भुआ के चेयरमैन अवनीश सिंह 'अंगद' ने कहा कि शासन की ओर से दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकतानुसार हजारों रुपये मूल्य के सहायक उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं।शिक्षक नेता रणवीर सिंह ने कहा कि दिव्यांग छात्र-छात्राएं स्वयं को किसी से कमजोर न समझें। शासन और प्रशासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा में शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है।कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी शिवशंकर मिश्रा सहित समग्र शिक्षा सुलतानपुर एवं एलिम्को के अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में उपकरण वितरित किए गए।वितरित उपकरणों में 13 ट्राईसाइकिल, 31 व्हीलचेयर, 16 बैसाखी, 13 कैलिपर्स, 25 टीएलएम किट, 16 कान की मशीन, नौ ब्रेल किट, सात सुगम्य केन और 28 रोलेटर शामिल रहे।इस मौके पर जिला समन्वयक श्यामसुंदर यादव, राजेंद्र बरनवाल, कपिल, विनोद सिंह, सुभाष यादव, विवेक बरनवाल, खुशबू, रवींद्र सिंह, उषा सिंह, रमाशंकर और वीरेंद्र यादव सहित शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, अभिभावक एवं बच्चे मौजूद रहे।

श्रीराम कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब, विशाल पंडाल पड़ा छोटा

▸ राजन महाराज की अमृतवाणी सुनने उमड़े हजारों श्रद्धालु सड़क तक लगी भीड़
▸ बोले-धन कमाना जरूरी लेकिन जीवन का उद्देश्य केवल धन संग्रह नहीं

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



सिंहनी के अमृत गार्डेन में सोमवार को आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि विशाल पंडाल भी छोटा पड़ गया। इसौली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित श्रीराम कथा के चौथे दिन अंतरराष्ट्रीय कथावाचक राजन जी महाराज की अमृतवाणी सुनने के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंचे। पंडाल के भीतर जगह कम पड़ी तो लोग बाहर सड़क तक खड़े होकर कथा सुनते रहे। जय श्री सीताराम के जयघोष से पूरा क्षेत्र राममय हो उठा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और आयोजन की भव्यता चर्चा का केंद्र बनी रही।राजन जी महाराज ने श्रद्धालुओं को जीवन की वास्तविक सफलता का संदेश देते हुए कहा कि धन-दौलत और भौतिक सुख-सुविधाएं ही जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं हैं। अच्छे विचार, सद्कर्म, परोपकार और प्रभु भक्ति ही जीवन को सार्थक बनाते हैं। धन से मनुष्य अपनी जरूरतें पूरी कर सकता है,लेकिन मन की शांति और आत्मिक संतुष्टि प्रभु के स्मरण से मिलती है। इसलिए सांसारिक जिम्मेदारियों के साथ आध्यात्मिक जीवन को भी महत्व देना चाहिए। राजन महाराज ने कहा कि जीवन चलाने के लिए धन अर्जित करना आवश्यक है,लेकिन पूरा जीवन धन संग्रह में लगा देना समझदारी नहीं है। मनुष्य को अर्थ के साथ परम अर्थ की प्राप्ति का भी प्रयास करना चाहिए। प्रभु भक्ति, परोपकार और सद्कर्म ऐसी अमूल्य पूंजी हैं, जो मनुष्य के जीवन को सार्थक बनाती हैं। उनके प्रवचन के दौरान श्रद्धालु एकाग्र होकर कथा का श्रवण करते रहे।कथा के दौरान राजन जी महाराज ने भगवान विष्णु, वृंदा और जालंधर से जुड़े पौराणिक प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि देवताओं की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने जालंधर का रूप धारण किया। वृंदा ने उन्हें अपना पति समझ लिया, जिससे उसका पतिव्रत धर्म भंग हो गया। इस प्रसंग के माध्यम से महाराज ने श्रद्धालुओं को पौराणिक मान्यताओं और भक्ति परंपरा का महत्व बताया।श्रीराम कथा के आयोजन में भाजपा नेत्री एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह और बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे। दोनों आयोजकों ने परिवार सहित भगवान श्रीराम का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और आरती उतारी। पंडाल के भीतर और बाहर श्रद्धालुओं की मौजूदगी के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।कार्यक्रम में विधायक राज बाबू उपाध्याय, भाजपा नेता रामचंद्र मिश्रा, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकास शुक्ला,पूर्व भाजपा जिला मंत्री मुकेश अग्रहरी, प्रधान अमन सोनी, पूर्व प्रधान महेश जायसवाल, गीतांजलि सिंह, अभिराज सिंह, दीपांजलि सिंह, हर्ष सिंह, प्रधान राजेश दुबे सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

अपना दल (एस) कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर मनाया जश्न



प्रतापगढ़। केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के एक बार फिर से अपना दल (एस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर प्रतापगढ़ के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। इस खुशी के अवसर पर सोमवार को लगभग 4 बजे प्रदेश सचिव प्रज्ञा कुमार सिंह के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे का मुंह मीठा कराया और जोरदार जश्न मनाया। इस दौरान प्रदेश सचिव प्रज्ञा कुमार सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल ने सामाजिक न्याय, समानता और समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए जो विचारधारा तय की थी, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल उसी मार्ग पर चलकर उसे आगे बढ़ा रही हैं। उनके कुशल नेतृत्व में आज संगठन और अधिक मजबूत हो रहा है तथा पार्टी का दायरा लगातार विस्तृत हो रहा है। अनुप्रिया पटेल के दोबारा अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी के झंडे लहराते हुए एक–दूसरे को बधाइयां दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस जश्न के खास मौके पर सुशील कुमार शर्मा, मनोज कुमार सिंह, पंकज कुमार कश्यप, प्रमोद कुमार मिश्रा, बलई प्रजापति, भरत लाल वर्मा, रमेश पटेल और राजन सरोज सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

31 दिसंबर तक चलेगा आयुष्मान कार्ड बनाने का विशेष अभियानः मुख्य चिकित्साधिकारी

प्रतापगढ़। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ए.एन. प्रसाद ने जानकारी दी है कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में 1 नवंबर से 31 दिसंबर 2026 तक ग्राम पंचायत स्तर पर आयुष्मान कार्ड निर्माण विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध नागरिक, 06 यूनिट से अधिक तथा अंत्योदय राशन कार्ड धारक, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री, भवन निर्माण श्रमिक और मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस योजना के चिन्हित लाभार्थी अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। पात्र नागरिक अपनी पात्रता की पुष्टि कर इस योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपये तक के वार्षिक निःशुल्क चिकित्सा कवरेज का लाभ उठा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रसे संपर्क किया जा सकता है।

अज्ञात बाइक की टक्कर में किशोर की दर्दनाक मौत

कुंडा–प्रतापगढ़। सड़क पर पैदल जा रहे किशोर की बाइक की टक्कर में दर्दनाक मौत हो गई। बाघराय थाना क्षेत्र के चकवड़ दलन सिंह का पुरवा निवासी राजू सरोज का 11 वर्षीय बेटा सनी सरोज प्राइमरी स्कूल का छात्र था। वह दो बहनों में अकेला भाई था। सड़क पर पैदल जाते समय आई का पुरवा चौराहा पर तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे वह सड़क पर गिरकर लहू लुहान होकर गंभीररूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन तत्काल इलाज के लिए सीएचसी बाघराय ले जा रहे थे, रास्ते में उसकी सांसे थम गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में ही परिजनों का रोना पीटना मच गया। सूचना पर पहुंची बाघराय पुलिस में शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है।

प्रतापगढ़ में शिक्षकों का प्रदर्शन, 11 सूत्रीय मांगों को लेकर बांहों पर काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।



सोमवार को दोपहर दो बजे के करीब प्रतापगढ़ के अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। फुपुक्टा के आह्वान पर शिक्षकों ने अपनी बांहों पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। यह प्रदर्शन मुनीश्वर दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय (एमडीपीजी कॉलेज), प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पीबीपीजी कॉलेज) प्रतापगढ़ सिटी और अन्य महाविद्यालयों में किया गया, जिसमें विरोध के दौरान भी शिक्षकों ने शांतिपूर्ण ढंग से पढ़ाना जारी रखा।

शिक्षकों ने पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, यूजीसी के नियमों के मुताबिक सेवानिवृत्ति की उम्र 62 से बढ़ाकर 65 साल करने और 62 साल की उम्र में सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी का लाभ देने की मांग की। इसके साथ ही, अनुदानित महाविद्यालयों में काम कर रहे स्ववित्तपोषित शिक्षकों को स्थायी करने और पीएचडी इनक्रिमेंट का लाभ देने की भी मांग उठाई गई। अन्य प्रमुख मांगों में राजकीय कर्मचारियों की तरह मेडिकल छुट्टी, तबादले के लिए एनओसी की बाध्यता खत्म करना, एनईपी-2020 के तहत सालाना परीक्षाएं कराना, फीडर कैडर का लाभ फिर से देना, आमेलित शिक्षकों को देय तिथि से पदोन्नति देना और अर्हता की तिथि से प्रोफेसर पदनाम देना शामिल है। एमडीपीजी कॉलेज में प्रदर्शन के दौरान फुपुक्टा के महामंत्री प्रो. प्रदीप कुमार सिंह, इकाई अध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार तिवारी और महामंत्री प्रो. पीयूषकांत शर्मा मौजूद रहे। इनके अलावा प्रो. संतोष कुमार पाण्डेय, प्रो. ऊषा तिवारी, प्रो. राजवंत सिंह, डॉ. राजेंद्र मिश्र, डॉ. रंजीट पटेल, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. मनीष सिंह, डॉ. रेखा मिश्रा, डॉ. मुक्ता वर्मा, डॉ. सीमा त्रिपाठी, डॉ. शालिनी वर्मा, डॉ. करुणेश त्रिपाठी, डॉ. डीके पाण्डेय, डॉ. स्वामीनाथ तिवारी और डॉ. अनीश द्विवेदी समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

साथियों की हत्या पर बिफरे लालगंज के वकील, जताया विरोध

समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।



जालौन जिले के काल्पी बार एसोसिएसन के मौजूदा अध्यक्ष गयादीन अहीरवार तथा कुण्डा तहसील के अधिवक्ता मासूम अली की हत्या की घटनाओं को लेकर सोमवार को लालगंज के वकीलों ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं आम सभा कर न्यायिक कामकाज के बहिष्कार का प्रस्ताव पारित किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी तथा रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक की भी पुरजोर मांग उठाई। वकीलों ने कहा कि काल्पी बार एसोसिएसन के अध्यक्ष गयादीन का अपहरण कर उनकी बर्बर हत्या की गयी। वहीं कुण्डा के अधिवक्ता मासूम अली की भी हत्या चिंताजनक है। ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में अधिवक्ताओं की लगातार हत्या होने के बावजूद प्रदेश सरकार अधिवक्ताओं की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है। अनिल तिवारी महेश ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम कानून को टालने की कोशिश जारी रही तो अधिवक्ता प्रदेशव्यापी संघर्ष शुरू करेंगे। अधिवक्ताओं ने इन घटनाओं के विरोध में तहसील परिसर में भी घूम घूम कर पुलिस प्रशासन व सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद नेशनल हाइवे से लगे गेट पर भी वकीलों की घंटो नारेबाजी जारी दिखी। आम सभा का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद तथा संयोजन उपाध्यक्ष नामवर सिंह व महामंत्री शिवरंजन यादव ने किया। आमसभा में उदयपुर थाना के अधिवक्ता जितेन्द्र कनौजिया के साथ उत्पीड़क घटना पर भी प्रशासनिक कार्रवाई की मांग उठाई गई। आम सभा को पूर्व अध्यक्ष संदीप सिंह, विकास मिश्र, गुड्डू शुक्ला, शैलेन्द्र मिश्र, प्रमोद तिवारी, सचिन पाण्डेय, संतोष तिवारी, घनश्याम सरोज, गीता सिंह, मोहित जायसवाल, लाल विनोद प्रताप सिंह, हरिश्चंद्र पाण्डेय, शेष तिवारी, शैलेन्द्र शुक्ला, राहुल मिश्र, अनूप पाण्डेय, सोनू शुक्ला, भीम तिवारी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

सांगीपुर के प्राथमिक विद्यालय लाखहरा में दिव्यांग बच्चों को बांटे गए सहायक उपकरण



प्रतापगढ़। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवब्रत सिंह के निर्देशन में विकास खंड सांगीपुर के प्राथमिक विद्यालय लाखहरा में विशाल उपकरण एवं यंत्र वितरण कैंप का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 152 दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकतानुसार उपकरण वितरित किए गए। कैंप में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा ने उपस्थित अभिभावकों को उपकरणों के सुरक्षित रखरखाव, सही उपयोग और शिक्षण कार्य में इनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से डेमो देकर समझाया। खंड शिक्षा अधिकारी ओम नारायण सिंह ने बताया कि एलिम्को कंपनी से प्राप्त सामग्री को 10 दिनों तक पुलिस विभाग के विशेष सहयोग से सुरक्षित रखा गया था। कार्यक्रम में विशेष शिक्षक सतीश पाठक, संजीव द्विवेदी सहित बाबागंज, बिहार, कालाकांकर, कुंडा, रामपुर संग्रामगढ़, लालगंज, लक्ष्मणपुर और सांगीपुर के समस्त विशेष शिक्षकों एवं एआरपी की सराहनीय भूमिका रही। अधिकारियों ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से उपकरणों का उपयोग कराने की अपील की। अवशेष विकास खंडों के दिव्यांग बच्चों के लिए अगला वितरण कैंप 3 नवंबर 2026 को पीएम श्री विद्यालय मुरार पट्टी विकास खंड शिवगढ़ में आयोजित किया जाएगा। सभी संबंधित अभिभावक समय पर बच्चों के साथ पहुंचें।